सूर्योदय 5:27 सूर्यास्त 7:28

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.5 न्यू | 23.5 अधि |
| धर्मशाला | 20.2 न्यू | 29.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77,569 |
| निफ्टी | 24,206 |
| सोना | 1,43,000 |
| चांदी | 2,22,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 13 जुलाई 2026 | 29 आषाढ़, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 195, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129 62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

## न्यूज शॉर्ट्स

### विवादित किताबों की जांच में 3 प्रकाशक गिरफ्तार

**एजेंसी, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में विवादित किताबों के प्रकाशन और वितरण मामले में काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट ने तीन प्रकाशकों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई जम्मू और दिल्ली में चलाए गए संयुक्त अभियान के बाद की गई। जांच एजेंसी किताबों में कथित आपत्तिजनक सामग्री और उनके प्रकाशन व वितरण में प्रकाशकों की भूमिका की जांच कर रही है। मामले में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं और गैर-कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। गिरफ्तार लोगों में जम्मू के ओबेरॉय बुक सर्विस और नोएडा स्थित डोमिनेंट पब्लिशर्स से जुड़े लोग शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि जांच जारी है और आगे और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। (अनंत ज्ञान)

### बेंगलुरुः महिला से अश्लील हरकत करने वाला डिलीवरी ब्वॉय गिरफ्तार

**एजेंसी, बेंगलुरु।** बेंगलुरु में एक महिला ने फ्लिपकार्ट डिलीवरी एजेंट पर घर में जबरन घुसने और अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। महिला ने सोशल मीडिया पर अपनी आपबीती साझा की, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शिकायत दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। महिला के अनुसार, वह अपने फ्लैट में अकेली थी, तभी डिलीवरी एजेंट पार्सल देने आया। पार्सल देने के बाद आरोपी ने वॉशरूम इस्तेमाल करने की अनुमति मांगी। महिला ने मना किया और पड़ोसियों से मदद लेने को कहा, लेकिन आरोप है कि वह नहीं माना और जबरन घर में प्रवेश कर गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)


### तरनतारन में ड्रोन से गिराई 55 करोड़ की हेरोइन बरामद

**एजेंसी, तरनतारन।** तरनतारन पुलिस ने रविवार को पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए भारतीय क्षेत्र में गिराई गई 10 किलो 900 ग्राम हेरोइन बरामद की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बरामद हेरोइन की कीमत करीब 55 करोड़ रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार वल्टोहा पुलिस स्टेशन को देर रात सूचना मिली थी कि गांव लखना के बहकान के पास जसविंदर सिंह पुत्र बाली सिंह के खेतों में ड्रोन के जरिए कुछ पैकेट गिराए गए हैं। इसके बाद वल्टोहा थाने के हेड सब-इंस्पेक्टर विपिन कुमार पुलिस टीम के साथ गांव लखना पहुंचे और सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ मिलकर संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया। (अनंत ज्ञान)

# प्राकृतिक खेती का हिमाचल मॉडल बना देश की नई मिसाल : सीएम सुक्खू

## एमएसपी, बेहतर विपणन और गुणवत्ता जांच से किसानों को मिल रहा आर्थिक संबल

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक खेती ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में नई पहचान बना रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य, आधुनिक विपणन व्यवस्था और वैज्ञानिक गुणवत्ता जांच जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाकर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल देश का पहला राज्य है, जहां प्राकृतिक खेती से तैयार फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू किया गया है। इससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य और आर्थिक सुरक्षा मिल रही है। वर्तमान में प्राकृतिक गेहूं 80 रुपए, मक्की 50 रुपए, कच्ची हल्दी 150 रुपए, पांगी घाटी की जौ 80 रुपए और अदरक 30 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से खरीदी जा रही है।

सरकार की पहल का असर खरीद आंकड़ों में भी दिखाई दे रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 में 838 किसानों से 2,123.58 क्विंटल प्राकृतिक गेहूं खरीदा गया था, जबकि इस रबी सीजन में 1,891 किसानों से 2,679.89 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में भी प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। चंबा जिले के पांगी उपमंडल को राज्य का पहला प्राकृतिक खेती उपमंडल घोषित किया गया है। यहां पारंपरिक कृषि पद्धतियों के संरक्षण के साथ किसानों को उपज का बेहतर मूल्य दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि बड़ा भंगाल क्षेत्र को प्राकृतिक खेती पंचायत के रूप में विकसित करने और वहां उत्पादित राजमाह को जीआई टैग दिलाने की दिशा में भी कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार का लक्ष्य प्राकृतिक खेती को किसानों की आय बढ़ाने और टिकाऊ कृषि विकास का मजबूत माध्यम बनाना है।

### प्रदेश में 2.56 लाख किसान अपना रहे प्राकृतिक खेती

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में 2,56,870 किसान 44,784.73 हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। किसानों के उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए हमीरपुर में 8.64 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक राज्य अवशेष परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित की गई है। यहां प्राकृतिक उत्पादों और बीजों की वैज्ञानिक जांच कर प्रमाणिकता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक उत्पादों की बेहतर बिक्री के लिए कृषि विभाग में अलग विपणन प्रकोष्ठ स्थापित करने की दिशा में भी काम किया जा रहा है। इससे किसानों को प्रदेश के साथ-साथ राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच मिलेगी और उनकी आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार शून्य बजट प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान दे रही है। प्राकृतिक खेती से लोगों को सुरक्षित और पोषणयुक्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने का लक्ष्य भी रखा गया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल का प्राकृतिक खेती मॉडल अब ग्रामीण विकास, टिकाऊ कृषि और किसान समृद्धि की दिशा में नई मिसाल बन रहा है। आने वाले समय में इससे प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# हिमाचल में अगले 5 दिन झमाझम बरसेंगे बादल

## 16 जुलाई तक भारी बारिश का अलर्ट

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मानसून फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार प्रदेश में 16 जुलाई तक अधिकांश क्षेत्रों में बारिश का दौर जारी रहेगा। इस दौरान मंडी, कुल्लू, कांगड़ा और चंबा जिलों के कई इलाकों में मध्यम से भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 12 से 16 जुलाई के बीच प्रदेश के मैदानी, मध्यवर्ती और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रुक-रुककर हल्की से मध्यम बारिश होगी। कुछ संवेदनशील क्षेत्रों में भारी वर्षा के कारण भूस्खलन, सड़कों के बंद होने, जलभराव और नालों के उफान पर आने की आशंका बनी हुई है।

सोमवार को कई क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ बारिश और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। किन्नौर और लाहौल-स्पीति के ऊंचाई वाले इलाकों में भी मौसम खराब रहने की संभावना है। पर्वतीय मार्गों पर सफर करने वाले लोगों और पर्यटकों को विशेष सावधानी बरतने को कहा गया है।

बीते 24 घंटों में भी प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश दर्ज की गई। जोगिंद्रनगर में सबसे अधिक 6 सेंटीमीटर, मनाली में 5 सेंटीमीटर, सराहन में 4 सेंटीमीटर, रोहड़ू में 3 सेंटीमीटर और शिमला में 2 सेंटीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज हुई है।

### अगले सात दिन भी राहत नहीं

**मौसम** विभाग के अनुसार 17 और 18 जुलाई को भी प्रदेश के कई क्षेत्रों में बारिश जारी रह सकती है। लगातार बारिश से नदी-नालों का जलस्तर बढ़ने और संवेदनशील क्षेत्रों में भूस्खलन का खतरा बना रहेगा।

### सावधानी बरतने की अपील

**विभाग** ने लोगों से नदी-नालों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूरी बनाए रखने की अपील की है। वाहन चालक फिसलन भरी सड़कों पर सावधानी बरतें और यात्रा से पहले मौसम की जानकारी जरूर लें।

# जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में फटा बादल

## अचानक आई बाढ़ से होटल और मकान जलमग्न

**एजेंसी, श्रीनगर**



कश्मीर के अनंतनाग जिले में शनिवार देर रात मौसम ने ऐसा कहर बरपाया कि महज 60 मिनट के भीतर दो बार बादल फटने की घटनाओं ने पूरे इलाके को प्रभावित कर दिया। इसके बाद पहलगाम और शंगुस क्षेत्र में अचानक आई बाढ़ से कई घरों, होटलों और खेतों में पानी भर गया। तेज बहाव अपने साथ कीचड़, बड़े पत्थर और मलबा भी लेकर आया, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया। हालांकि, राहत की बात यह है कि अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है।

बादल फटने के बाद पहलगाम और शंगुस इलाके में नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया। देखते ही देखते पानी रिहायशी इलाकों, होटलों और खेतों तक पहुंच गया। कई जगहों पर मलबा जमा हो गया, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पर्यटन गतिविधियों पर भी इसका असर पड़ा और कई पर्यटक सुरक्षित स्थानों की ओर जाने को मजबूर हुए।

पहली घटना शंगुस के चटरगुल के ऊपरी पहाड़ी क्षेत्र में हुई, जहां बादल फटने से आरिपथ नाले में अचानक उफान आ गया। तेज बहाव के साथ आए पानी ने खेतों और सेब के बागों को भारी नुकसान पहुंचाया। स्थानीय लोगों के अनुसार कुछ ही मिनटों में पूरा इलाका बाढ़ की चपेट में आ गया। करीब एक घंटे के भीतर दूसरी घटना पहलगाम के ओवेरा वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी क्षेत्र में हुई, यहां ओवेरा नाले का पानी तेजी से बढ़ गया और कई होटल, रिसॉर्ट तथा स्थानीय लोगों के घरों में घुस गया। अचानक आई बाढ़ से पर्यटकों और स्थानीय निवासियों में दहशत फैल गई। (अनंत ज्ञान)

# सेलम में आंबेडकर प्रतिमा लगाने को लेकर हिंसा, पांच लोग घायल

**एजेंसी, सेलम।** तमिलनाडु के सेलम जिले के ओधियाथुर गांव में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर विवाद हिंसक हो गया। प्रदर्शन के दौरान हुए पथराव में पांच लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, शनिवार देर रात नवनिर्मित प्रतिमा के अनावरण को लेकर कुछ लोगों ने आपत्ति जताई, जिसके बाद दो पक्षों में तनाव बढ़ गया। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने प्रतिमा को अस्थायी रूप से टिन की चादरों से ढक दिया। इसके बाद दूसरे पक्ष ने इसका विरोध करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पानी की बौछारों और हल्के लाठीचार्ज का सहारा लिया। झड़प में घायल पांच लोगों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दंगा करने के आरोप में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। गांव में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच जारी है और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए निगरानी रखी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# छत्तीसगढ़ में नक्सली डम्प से हथियार बरामद

**एजेंसी, कांकेर**




छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कांकेर-नारायणपुर सीमा पर आलपरस और गुमचुर के बीच जंगल-पहाड़ी इलाके में सुरक्षा बलों ने संयुक्त सर्चिंग अभियान के दौरान नक्सलियों का एक डंप बरामद किया। डंप से दो .303 रायफल, 32 राउंड कारतूस, लैपटॉप, टैबलेट, वायरलेस उपकरण, नक्सली वर्दी और अन्य सामग्री जब्त की गई। इसकी पुष्टि कांकेर के पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने की है।

पुलिस के अनुसार, जिले के संवेदनशील और नक्सल प्रभावित रहे सीमावर्ती क्षेत्रों में अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए डम्प ये सामग्री बरामद की है। इस संयुक्त अभियान का नेतृत्व बीएसएफ 40वीं वाहिनी के एसी अंकुश कुमार, थाना प्रभारी कोयलीबेड़ा निरीक्षक निर्मल जांगड़े, बीएसएफ इंस्पेक्टर अनुज कुमार, उप निरीक्षक नवीन प्रकाश, उप निरीक्षक सौरभ यादव तथा डीआरजी टीम कमांडर सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र नेताम ने किया।

कांकेर पुलिस ने बताया कि नक्सल प्रभावित रहे सीमावर्ती क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और नक्सल गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से आने वाले दिनों में भी सघन सर्चिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा। (अनंत ज्ञान)

# आंध्र प्रदेश में कोविड से 2 लोगों की मौत आठ एक्टिव केस मिलने से मचा हड़कंप

**एजेंसी, अमरावती**



◆ **स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, सैंपल जांच और निगरानी अभियान तेज**

आंध्र प्रदेश के वाईएसआर कडप्पा जिले में पिछले कुछ हफ्तों में कोविड-19 के आठ मामले सामने आए हैं, जबकि दो मरीजों की इलाज के दौरान मौत हो गई है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी और बचाव तैयारियां तेज कर दी हैं।

राजमपेट क्षेत्र के 52 वर्षीय व्यक्ति की वेल्लोर स्थित अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हुई। वहीं, कडप्पा के 43 वर्षीय एक अन्य व्यक्ति ने भी संक्रमण के बाद दम तोड़ दिया। इसके अलावा कडप्पा मेडिकल कॉलेज के 25 वर्षीय छात्र की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है, जिसका इलाज होम आइसोलेशन में चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित प्रतिक्रिया दल तैनात कर करीब 40 लोगों के सैंपल लिए हैं। इनमें 18 की रिपोर्ट निगेटिव आई है, जबकि अन्य रिपोर्ट का इंतजार है। वायरस के प्रकार की पहचान के लिए नमूने जीनोम अनुक्रमण हेतु भेजे गए हैं। जिला प्रशासन ने संक्रमण रोकने के लिए जांच, निगरानी, स्वच्छता और जागरूकता अभियान तेज कर दिए हैं। अधिकारियों को संक्रमित लोगों के संपर्क में आए व्यक्तियों की जांच और आवश्यकतानुसार आइसोलेशन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

राज्य स्वास्थ्य अधिकारियों ने पूरे आंध्र प्रदेश में कोविड तैयारियों को लेकर अलर्ट जारी करते हुए अस्पतालों को पर्याप्त सुविधाएं तैयार रखने के निर्देश दिए हैं। लोगों से सतर्क रहने और लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की गई है। (अनंत ज्ञान)

# जेल जाने पर पीएम-सीएम हटेंगे नहीं, होंगे निलंबित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

◆ **संसदीय समिति की सिफारिश, बरी होने या देरी पर खत्म हो निलंबन**

प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों के गंभीर आपराधिक मामलों में लंबे समय तक हिरासत में रहने पर पद से हटाने के बजाय निलंबन का प्रावधान करने की सिफारिश संसदीय समिति ने की है। 130वें संविधान संशोधन विधेयक की समीक्षा कर रही संयुक्त संसदीय समिति ने सुझाव दिया है कि यदि किसी उच्च पदस्थ जनप्रतिनिधि को गंभीर अपराध के आरोप में लगातार 30 दिनों तक हिरासत में रखा जाता है तो उन्हें स्थायी रूप से हटाने के बजाय कानूनी प्रक्रिया पूरी होने तक निलंबित किया जाए।

समिति ने कहा कि यदि संबंधित व्यक्ति अदालत से बरी हो जाता है या तय समय में मुकदमे की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ती है तो निलंबन स्वतः समाप्त हो जाना चाहिए।

समिति ने 'गंभीर अपराध' की परिभाषा में उन मामलों को शामिल करने का सुझाव दिया है, जिनमें पांच वर्ष या उससे अधिक की सजा का प्रावधान हो। साथ ही ऐसे मामलों की सुनवाई के लिए विशेष या त्वरित अदालतों की व्यवस्था की सिफारिश की गई है।

वर्तमान विधेयक में 31वें दिन तक इस्तीफा नहीं देने पर प्रधानमंत्री, मंत्री या मुख्यमंत्री को पद से हटाने का प्रावधान था। विपक्ष ने इसे राजनीतिक अस्थिरता का माध्यम बताते हुए विरोध किया था। यदि समिति की सिफारिशें स्वीकार की जाती हैं तो गृह मंत्रालय संशोधनों के साथ प्रस्ताव को केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखेगा। (अनंत ज्ञान)

# किरेन रिजिजू ने मानसून सत्र को लेकर 19 जुलाई को बुलाई सर्वदलीय बैठक

**एजेंसी, नई दिल्ली**



◆ **सरकार बताएगी विधायी एजेंडा, विपक्ष नीट और अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरेगा**

संसद के मानसून सत्र से एक दिन पहले 19 जुलाई को सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में सरकार अपने विधायी एजेंडे की जानकारी देगी, जबकि विपक्ष सत्र में उठाए जाने वाले मुद्दों को सामने रखेगा।

अधिकारियों के अनुसार, बैठक सुबह 11 बजे शुरू होगी। इस बार सरकार का एजेंडा काफी व्यापक है और कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा होने की संभावना है। हालांकि, विपक्षी दलों के बीच हालिया मतभेदों के चलते सत्र के हंगामेदार रहने के भी आसार हैं। मानसून सत्र में विपक्ष नीट-यूजी पेपर लीक, ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े मुद्दों और अन्य मामलों पर सरकार को घेर सकता है। कांग्रेस ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की टिप्पणियों को लेकर विशेषाधिकार हनन का नोटिस भी दिया है।

इस बीच सरकार संविधान संशोधन विधेयक को आगे बढ़ा सकती है, जिसमें गंभीर आपराधिक मामलों में लंबे समय तक न्यायिक हिरासत में रहने वाले प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्रियों को पद से हटाने का प्रावधान प्रस्तावित है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के अनुसार, संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से 13 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर चर्चा और निर्णय लिए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# होर्मुज स्ट्रेट में जहाज पर हमला, एक भारतीय लापता

## 11 भारतीय थे सवार; 10 सुरक्षित, भारत ने की घटना की कड़ी निंदा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



ओमान तट के पास होर्मुज स्ट्रेट में एक वाणिज्यिक जहाज पर हुए हमले के बाद भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। जीएफएस गैलेक्सी नामक जहाज पर 11 भारतीय नागरिक सवार थे, जिनमें से 10 को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि एक भारतीय अब भी लापता है।

विदेश मंत्रालय ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि ओमान स्थित भारतीय दूतावास स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर बचाव और खोज अभियान में सहयोग कर रहा है। भारत ने ओमान सरकार की सहायता के लिए आभार भी जताया। भारत ने क्षेत्र में बढ़ते समुद्री हमलों पर चिंता जताते हुए सभी पक्षों से तनाव कम करने और बातचीत के जरिए समाधान निकालने की अपील की है। मंत्रालय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर वाणिज्यिक जहाजों और नागरिक ढांचे को निशाना बनाया जाना बंद होना चाहिए। अमेरिका ने इस घटना को नागरिक जहाज पर सीधा हमला बताया है। वहीं, ईरान ने कार्रवाई को चेतावनी के तौर पर की गई फायरिंग बताया है। हमले के बाद होर्मुज स्ट्रेट को अगली सूचना तक बंद करने की घोषणा की गई है। (अनंत ज्ञान)

**कार्रवाई** सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के सैंपल हुए 'फेल', 8 लाख एनवायरमेंट कंपनसेशन की होगी वसूली

# पॉल्यूशन बोर्ड का कई विभागों को 77 लाख का जुर्माना

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** हमीरपुर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के सैंपल फेल होने पर जल शक्ति विभाग को लाखों का जुर्माना लगाया गया है। यही स्थिति कई और विभागों की भी है। हमीरपुर स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान को भी 8 लाख से ज्यादा का एक मामले में जुर्माना लगा है। कई और मामलों में भी राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सख्त रुख अपनाते हुए तकरीबन 77 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। कई विभागों ने इसे जमा करवा दिया है, लेकिन कईयों ने अभी भी इसे जमा नहीं करवाया है।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान को प्रदूषण फैलाने के एक ऐसे मामले में 8,59375 रुपए का जुर्माना लगाया गया है दरअसल में यह जुर्माना गलत स्थान पर कूड़ा फेंकने के मामले में लगाया गया था, इसमें संस्थान ने अभी तक एक लाख की ही अदायगी की है और बाकी का पेंडिंग चल रहा है। मामला कैंपस के कचरे को मसयाणे दे घाट के पास फेंकने का है।

हमीरपुर स्थित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी राहुल शर्मा का कहना था कि कई और मामलों में भी बोर्ड ने प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई है। उन्होंने बताया कि जल शक्ति विभाग हमीरपुर के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स के अलग-अलग चार मर्तबा सैंपल लिए गए थे, वे फेल पाए गए थे। संबंधित विभाग को नोटिस जारी किए गए और इस मामले को लेकर 8,65,813 रुपए का एनवायरमेंटल कंपनसेशन डाला गया है। हालांकि, इसे अभी तक जल शक्ति विभाग ने चुकाया नहीं है और इस मामले को उच्च स्तर पर उठाया है। उनका कहना था कि ट्रीटमेंट प्लांट से जो पानी ट्रीट करके खड्ड में फेंका जाता है, उसके सैंपल फेल हुए थे। वह पानी खड्ड में फेंकने लायक नहीं था। हर महीने ट्रीटमेंट प्लांट की सैंपलिंग हो रही है। पिछले कुछ समय से जो सैंपल लिए गए थे, वह फेल हुए हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि कैटरिंग के पास हॉट मिक्सिंग प्लांट को भी 2.37000 लाख रुपए का जुर्माना पिछले साल लगाया गया था, जिसकी वसूली हो गई है। इसी तरह कांगू के पास एक तारकोल प्लांट पर भी प्रदूषण फैलाने के आरोप में एक लाख का जुर्माना हुआ था। नेशनल हाईवे 03 पर गाबर कंस्ट्रक्शन कंपनी को भी 29,81,250 रुपए का जुर्माना किया गया था। इसकी वसूली हो गई है।

### हमीरपुर एमसी को भी लगा जुर्माना

**प्रदूषण** फैलाने को लेकर हमीरपुर एमसी को भी जुर्माना हुआ है, लेकिन यह करवाई तब की है, जब यहां नगर परिषद थी, यह पैसा अभी जमा नहीं करवाया है। वहीं, सुजानपुर इलाके में विधायक के घर को निकाली गई सड़क के मलबे को दरिया में डालने के मामले में संबंधित ठेकेदार को एक लाख का जुर्माना किया गया है। हमीरपुर-भोटा नेशनल हाईवे पर स्थित एक कार सर्विसिंग कंपनी को भी 2 लाख का जुर्माना किया गया है। उस पर भी प्रदूषण फैलाने का आरोप है। उन्होंने बताया कि अलग-अलग कोई और मामलों में भी जुर्माना हुआ है और कुल-मिलाकर पिछले दो सालों में 77 लाख 17438 रुपए के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जुर्माना किए हैं।

# समय से पहले पतझड़ की हो वैज्ञानिक जांच : चेतन बरागटा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं प्रगतिशील बागवान चेतन सिंह बरागटा ने सेब



बागवानी में बढ़ रही समय से पहले पतझड़ और फंगल रोगों की समस्या पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अधिकांश बागानों में पत्तियां समय से पहले पीली पड़ रही हैं, धब्बे बन रहे हैं और समय से पहले झड़ रही हैं। इसका सीधा असर पेड़ों की सेहत, अगले वर्ष की फलधारण क्षमता और उत्पादन पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब अधिकांश बागवान नौणी विश्वविद्यालय के स्प्रे शेड्यूल का पालन कर रहे हैं, तब भी हर साल यही स्थिति बनना गंभीर वैज्ञानिक जांच का विषय है। बरागटा ने कहा कि सरकार इस समस्या को केवल सामान्य बीमारी मानकर नजरअंदाज न करे। यह पता लगाया जाए कि इसकी असली वजह मार्सोनिना लीफ ब्लॉच, अल्टरनेरिया, पोषक तत्वों का असंतुलन, जलवायु परिवर्तन या कोई अन्य कारण है। उन्होंने मांग की कि नौणी विश्वविद्यालय, उद्यान विभाग और राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों की संयुक्त टीम बनाकर प्रभावित क्षेत्रों का व्यापक अध्ययन कराया जाए। मिट्टी, पत्तियों, जड़ों और मौसम से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर क्षेत्रवार वैज्ञानिक समाधान तैयार किए जाएं।

◆ विशेषज्ञों की एक संयुक्त टीम गठित करने की मांग

### कहा- सेब हिमाचल की अर्थव्यवस्था की रीढ़

**बरागटा** ने सरकार से पीपी सेंटरों के माध्यम से प्रभावी फफूंदनाशक, कीटनाशक और अन्य आवश्यक कृषि सामग्री रियायती दरों पर उपलब्ध कराने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि सेब केवल एक फसल नहीं, बल्कि हिमाचल की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और लाखों परिवारों की आजीविका इससे जुड़ी है। यदि समय रहते इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकाला गया तो इसके गंभीर आर्थिक और सामाजिक परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का समय नहीं, बल्कि बागवानों के भविष्य को सुरक्षित करने का समय है।

# एसटीएफ ने 24 घंटे में 77.59 ग्राम चिट्टा, 2 किलो चरस पकड़ी

## ताबड़तोड़ कार्रवाई से नशा तस्करों में हड़कंप, दो जिलों में कई गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे निर्णायक अभियान के तहत स्पेशल टास्क फोर्स ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा शुरू किए गए चिट्टा मुक्त हिमाचल जन–अभियान के अंतर्गत बीते 24 घंटों में ऊना और मंडी जिलों में चलाए गए दो अलग–अलग अभियानों में कुल 77.59 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) और 2.006 किलोग्राम चरस बरामद की गई है। कार्रवाई के दौरान कई आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि पुलिस अब पूरे नशा तस्करी नेटवर्क, उसकी सप्लाई चेन और आर्थिक लेन–देन की तह तक पहुंचने में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार 11 जुलाई को एसटीएफ की टीम ऊना जिले के अम्ब क्षेत्र में नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान टीम को विश्वसनीय सूचना मिली कि मुबारिकपुर क्षेत्र में चिट्टा की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही एसटीएफ ने तत्काल घेराबंदी कर दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 60.45 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना अम्ब में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

प्रारंभिक पूछताछ और तकनीकी जांच के दौरान पुलिस को अहम सुराग मिले। इन्हीं बैकवर्ड लिंकेज के आधार पर 12 जुलाई को ग्राम तलवाड़ा स्थित दो व्यक्तियों के घरों में विधिसम्मत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान 17.14 ग्राम अतिरिक्त चिट्टा बरामद हुआ। दोनों आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि यह मादक पदार्थ कहां से लाया गया, किन लोगों तक इसकी आपूर्ति की जा रही थी और इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोग कौन हैं। एसटीएफ की मंडी इकाई ने भी नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मनाली–हरिद्वार मार्ग पर चल रही एक वोल्वो बस की तलाशी ली। जांच के दौरान हरियाणा निवासी एक यात्री के कब्जे से 2.006 किलोग्राम चरस बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ एसटीएफ के नवस्थापित पुलिस थाना मंडी में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### पूरी नेटवर्क को जड़ से खत्म करने की मुहिम तेज

**पुलिस** विभाग के अनुसार दोनों मामलों की जांच युद्धस्तर पर जारी है। जांच एजेंसियां बरामद मादक पदार्थों के स्रोत, सप्लाई चेन, वित्तीय लेन-देन, मोबाइल नेटवर्क तथा इस पूरे गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की गहन पड़ताल कर रही हैं। एसटीएफ का लक्ष्य केवल तस्करों को गिरफ्तार करना नहीं, बल्कि पूरे नशा नेटवर्क को जड़ से ध्वस्त करना है ताकि प्रदेश के युवाओं को नशे के जाल से बचाया जा सके।

### जनभागीदारी बनेगी सबसे बड़ी ताकत

**पुलिस** विभाग ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि यदि कहीं भी चिट्टा, हेरोइन, चरस या किसी अन्य मादक पदार्थ की तस्करी अथवा बिक्री की जानकारी मिले तो तत्काल 112 या निकटतम पुलिस थाना में सूचना दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। विभाग का कहना है कि कानून के साथ-साथ जनता के सहयोग से ही 'चिट्टा मुक्त हिमाचल' का लक्ष्य प्रभावी ढंग से हासिल किया जा सकता है।

# उत्तराखंड के प्रसिद्ध धामों की छवि को किया जा रहा खराब

अनंत ज्ञान

**नई दिल्ली।** श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के सदस्यों की वरिष्ठ सदस्य महेंद्र शर्मा जी के मार्गदर्शन में एवं बीकेटीसी सदस्य दिनेश डोभाल के संयोजन में एक वर्चुअल बैठक संपन्न हुई। जानकारी देते हुए मंदिर समिति के सदस्य देवीप्रसाद देवली ने बताया कि वर्चुअल बैठक में बीकेटीसी सदस्यों ने यह महसूस किया की कुछ असामाजिक तत्व उत्तराखंड के प्रसिद्ध धामों की छवि को सुनियोजित तरीके से खराब करने की साजिश कर रहे हैं तथा इस तरीके से बह सनातन धर्म को टारगेट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माधयम से पवित्र धामों को निशाना बनाया जा रहा है और हिंदुओं का मजाक उड़ाया जा रहा है, जोकि कतई सहन नहीं किया जाएगा। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया की जब सभी आरोपों की जांच गढ़वाल मंडल के आयुक्त द्वारा तीव्रता से की जा रही है तो जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जाना चाहिए, लेकिन कुछ लोग एक एजेंडे के तहत हिंदुओं के धार्मिक स्थलों को निशाना बना रहे हैं।



मंदिर समिति सदस्यों पर यात्रा भत्ता राशि को लेकर सोशल मीडिया में लगे सभी आरोपो को नकारते हुए कहा गया कि सभी सदस्यों ने बोर्ड बैठकों, उपसमिति की बैठको एवं मंदिर समिति के विभिन्न कार्यों के उद्देश्य से की गई यात्राओं का बीकेटीसी बोर्ड एक्ट में निहित प्राविधानो के तहत सरकार द्वारा अनुमोदित यात्रा भत्ता लिया गया है।

सदस्यों ने कहा है मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण के संज्ञान में आते ही मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी द्वारा उक्त प्रकरण को गंभीरता से लिया गया है आरोपी कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर आंतरिक चार सदस्यीय जांच टीम का गठन कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट आने तक सभी को आंदोलन की धमकी दिए जाने के बजाय धैर्य धारण करना चाहिए।

# शिक्षा से बदलेगी सोलंग की तस्वीर : रोहित ठाकुर

## प्राइमरी स्कूल सोलंग के नए भवन और सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** उत्तराखंड सीमा से सटी जुब्बल विधानसभा क्षेत्र की दुर्गम ग्राम पंचायत सोलंग को रविवार को करोड़ों रुपए की विकास योजनाओं की सौगात मिली। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने करीब 34 लाख रुपये की लागत से बने राजकीय प्राथमिक पाठशाला सोलंग के नए भवन और सामुदायिक भवन का लोकार्पण करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य दूरदराज़ क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और मजबूत आधारभूत ढांचा पहुंचाना है।



लोगों को संबोधित करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को शहरों जैसी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सरकार लगातार निवेश कर रही है। रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के कुल बजट का लगभग 18 प्रतिशत हिस्सा शिक्षा पर खर्च किया जा रहा है। पहले चरण में 151 विद्यालयों में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू किया गया है ताकि विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धी शिक्षा मिल सके। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग में लंबे समय से रिक्त पड़े लगभग 15 हजार पदों में से 9 हजार पद भरे जा चुके हैं, जबकि करीब 3 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। वहीं, वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए 20 लाख रुपये तक का ऋण मात्र एक प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

रोहित ने कहा कि सोलंग, सास्कीर और किरण क्षेत्र से उनका वर्षों पुराना आत्मीय और पारिवारिक संबंध रहा है तथा क्षेत्र के संतुलित और समग्र विकास के लिए वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल विकास कार्यों की घोषणा करना नहीं, बल्कि उन्हें समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारना है ताकि दूरदराज़ क्षेत्रों के लोगों को भी बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिल सके। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

### पंद्रानू में 1.74 करोड़ से बन रहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

**शिक्षा** मंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में सोलंग पंचायत में सड़क, विद्यालय, खेल मैदान और भवनों के निर्माण एवं मरम्मत पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पंद्रानू में 1.74 करोड़ रुपये की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा कुड्डू में 86.61 लाख रुपये की लागत से आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण तेजी से चल रहा है। इसके साथ ही छह नई सड़कों को स्वीकृति दी गई है और प्रस्तावित उठाऊ सिंचाई योजना को भी वित्तपोषण के लिए भेजा गया है। अंटी दौरे के दौरान उन्होंने सेब सीजन को देखते हुए अधिकारियों को सभी संपर्क मार्ग समय रहते दुरुस्त रखने के निर्देश दिए तथा करीब 12.78 करोड़ रुपये की लागत से बन रही अंटी-सभाड़ सड़क परियोजना में तेजी लाने को कहा।

# साइलेंसर लगाकर धमाकेदार आवाजें निकालने वाले बाइकर्स की अब खैर नहीं

## पुलिस 10 हजार रुपए तक करेगी जुर्माना, मौके पर जब्त किया जाएगा साइलेंसर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर सड़कों पर तेज धमाकेदार आवाजें निकालने वाले बाइक चालकों की अब खैर नहीं है। प्रदेश पुलिस ने ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ राज्यव्यापी विशेष अभियान शुरू करने का फैसला लिया है। पुलिस मुख्यालय ने सभी जिला पुलिस अधीक्षकों और यातायात इकाइयों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के खिलाफ बिना किसी ढिलाई के कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अभियान के तहत नियमों का उल्लंघन करने वालों पर मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार 10 हजार तक का चालान किया जाएगा और वाहन से अवैध रूप से लगाया गया मॉडिफाइड साइलेंसर भी मौके पर हटाकर जब्त किया जाएगा। पुलिस मुख्यालय का कहना है कि मॉडिफाइड साइलेंसर से निकलने वाली तेज, विस्फोट जैसी आवाजें न केवल आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बनती हैं, बल्कि ध्वनि प्रदूषण बढ़ाने के साथ सड़क सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करती हैं। ऐसे साइलेंसरों का उपयोग कानून का उल्लंघन है और इससे सार्वजनिक शांति प्रभावित होती है। इसी को देखते हुए पूरे प्रदेश में विशेष अभियान चलाकर ऐसे वाहनों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

हाल ही में ऊना जिले के दौलतपुर क्षेत्र में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर अनावश्यक शोर मचाने की शिकायत मिलने पर पुलिस ने एक वाहन चालक का ₹10 हजार का चालान किया था। इसके साथ ही वाहन से मॉडिफाइड साइलेंसर हटाकर जब्त भी किया गया। इस कार्रवाई को प्रदेशव्यापी अभियान की शुरुआत माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अब किसी भी जिले में यदि इस प्रकार के वाहन सड़क पर पाए गए तो उनके खिलाफ इसी तरह की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस मुख्यालय ने संकेत दिए हैं कि यह अभियान केवल औपचारिक कार्रवाई तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि नियमित रूप से सभी जिलों में विशेष जांच अभियान चलाए जाएंगे।

### कानून से खिलवाड़ नहीं बर्दाश्त : अशोक तिवारी

**पुलिस** महानिदेशक अशोक तिवारी ने कहा कि मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाना पूरी तरह गैरकानूनी है और ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की रियायत नहीं दी जाएगी। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में केवल मानक और स्वीकृत साइलेंसर का ही उपयोग करें तथा यातायात नियमों का पालन करें। पुलिस का मानना है कि इस अभियान से न केवल ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा, बल्कि प्रदेश में सड़क सुरक्षा और आम नागरिकों के लिए शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने में भी मदद मिलेगी।

# बागवानों को अमरूद के 2300 पौधे बांटे

**अनंत ज्ञान भोरंज।** प्रदेश के निचले क्षेत्रों में फल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उद्यान विभाग द्वारा संचालित की जा रही एचपीशिवा परियोजना के लाभार्थी बागवानों को फलदार पौधे वितरित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में भोरंज उपमंडल के जोल क्लस्टर के बागवानों को रविवार को ताइवान पिंक अमरूद के लगभग 2300 पौधों का वितरण किया गया। उद्यान विभाग के एसएमएस डॉ अमित कुमार ने बताया कि जोल क्लस्टर में लगभग 6 हेक्टेयर क्षेत्रफल में अमरूद का बागीचा विकसित किया जा रहा है। किसानों को सिंचाई की समुचित सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से इस क्लस्टर में मेन डिलीवरी टैंक, मॉड्यूलर टैंक एवं पंप हाउस का निर्माण किया गया है, जिससे पौधों की सिंचाई सुचारू रूप से सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर किसानों को उच्च गुणवत्ता वाली पौध सामग्री के साथ-साथ वैज्ञानिक विधि से पौधरोपण एवं पौधों की देखभाल संबंधी आवश्यक तकनीकी जानकारी भी प्रदान की गई। डॉ अमित कुमार ने बताया कि शेष पौधों का वितरण आगामी सप्ताह में किया जाएगा, ताकि सभी पात्र बागवान समयबद्ध रूप से पौधरोपण कर सकें तथा एचपीशिवा परियोजना के उद्देश्यों को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जा सके।

# कांग्रेस सरकार ने गांवों तक पहुंचाई महंगाई : संदीपनी भारद्वाज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने पंचायत क्षेत्रों में घरेलू और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण के लिए यूजर चार्ज वसूलने के प्रदेश सरकार के निर्णय को जनविरोधी बताते हुए कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव से पहले महंगाई से राहत, मुफ्त बिजली, महिलाओं को आर्थिक सहायता और रोजगार जैसे बड़े–बड़े वादे किए थे, लेकिन सत्ता में आने के बाद जनता को राहत देने के बजाय लगातार नए टैक्स, शुल्क और सरचार्ज का बोझ दिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अब सरकार गांवों तक महंगाई पहुंचाने में जुट गई है और प्रत्येक सामान्य परिवार से 50 रुपये, छोटे दुकानदारों व ढाबों से 100 रुपये, बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से 500 रुपये तथा बैंकों, रेस्टोरेंट, मैरिज पैलेस और बड़े अस्पतालों जैसी संस्थाओं से एक हजार से तीन हजार रुपये प्रतिमाह तक यूजर चार्ज वसूलने का निर्णय लिया गया है।

संदीपनी ने कहा कि डीजल पर वैट बढ़ाने, बिजली पर अतिरिक्त शुल्क लगाने, पानी की दरें बढ़ाने और विभिन्न सरकारी सेवाओं को महंगा करने के बाद अब कचरा शुल्क भी जनता की जेब पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश पर एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का सार्वजनिक ऋण कांग्रेस सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन का परिणाम है और अब उसकी भरपाई आम लोगों से नए–नए शुल्क वसूलकर की जा रही है।

# स्वास्थ्य विभाग में फिर खुला नौकरियों का पिटारा

## ओटीए, रेडियोग्राफर व वरिष्ठ प्रयोगशाला तकनीशियन के भरे जाएंगे 105 पद

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के युवाओं के लिए स्वास्थ्य विभाग में सरकारी नौकरी पाने का एक और सुनहरा अवसर सामने आया है। हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग ने प्रदेश के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सा सेवाओं को और अधिक मजबूत और गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट, रेडियोग्राफर तथा वरिष्ठ प्रयोगशाला तकनीशियन (एमएलटी ग्रेड–2) के 105 अतिरिक्त पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इन पदों में ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट के 60, रेडियोग्राफर के 30 तथा वरिष्ठ प्रयोगशाला तकनीशियन के 15 पद शामिल हैं। सभी नियुक्तियां जॉब ट्रेनी आधार पर की जाएंगी।




आयोग के अनुसार ये 105 अतिरिक्त पद पहले जारी विज्ञापन संख्या 04/2026 (28 फरवरी, 2026) तथा 30 मार्च, 2026 को जारी परिशिष्ट में शामिल पदों के अतिरिक्त हैं। पूर्व विज्ञापन में ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट के 176, रेडियोग्राफर के 10 और वरिष्ठ प्रयोगशाला तकनीशियन के 10 पद पहले ही अधिसूचित किए जा चुके थे। अब इन अतिरिक्त पदों को भी उसी भर्ती प्रक्रिया का हिस्सा बनाया गया है। इसी के मद्देनजर आयोग ने संबंधित तीनों पोस्ट कोड के लिए ऑनलाइन आवेदन पोर्टल 11 जुलाई से 25 जुलाई, 2026 तक दोबारा खोल दिया है।

आयोग ने स्पष्ट किया है कि जिन अभ्यर्थियों ने पहले ही विज्ञापन संख्या 04/2026 अथवा 30 मार्च, 2026 के परिशिष्ट के तहत आवेदन कर दिया है, उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। नए अभ्यर्थी 25 जुलाई, 2026 की रात 11:59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आयोग ने इच्छुक युवाओं से निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूरी करने का आग्रह किया है, ताकि प्रदेश के स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक तकनीकी मानव संसाधन उपलब्ध कराया जा सके और स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

## 10 बजे तक सड़क पर फंसे रहे सब्जी और दूध सप्लाई के वाहन

# छह घंटे बंद रहा सैंज–न्यूली मार्ग

अनंत ज्ञान

**सैंज।** सैंज–न्यूली मार्ग रविवार को सुबह करीब 6 घंटे वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहा। इस कारण मार्ग में फल–सब्जी और दूध सहित अन्य सामान लेकर आ रहे वाहन घंटों फंसे रहे। जानकारी के अनुसार इस मार्ग में एनएचपीसी की पार्वती जल विद्युत परियोजना चरण–तीन के बांध स्थल सोती में पहाड़ी से भारी मात्रा में भूस्खलन हो गया। इस कारण सड़क पर मलबा और चट्टाने जमा हो गई और मार्ग आवाजाही के लिए बंद पड़ गया। लोगों के अनुसार यहां सुबह–सबेरे करीब 4 बजे भूस्खलन हुआ। इस कारण घाटी की छह पंचायतों की ओर से सुबह फल सब्जी लेकर सब्जी मंडियों की ओर जा रहे 70 से अधिक वाहन यहां फंस गए। जबकि सुबह सात बजे के बाद यहां दूध की सप्लाई करने वाले वाहन भी फंस गए। इसके अलावा पर्यटक वाहन भी यहां दोनों तरफ फंसे रहे इस कारण पर्यटकों के साथ साथ स्थानीय लोगों को भी आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने प्रशासन और प्रोजेक्ट प्रबंधन को भी दी ऐसे में करीब साढ़े नौ बजे के बाद यहां मार्ग बहाल करने के लिए मशीनें पहुंची व करीब 10 बजे मार्ग को यातायात के लिए बहाल किया गया।

घाटी के लोगों में तीर्थ राम, नीमत राम, गिरधारी लाल, प्रेम सिंह, भीमी राम, अच्छर सिंह, मान चंद, किशोरी लाल, विपिन, बुद्धि सिंह ने बताया कि यह स्थान क्षेत्र के लोगों के लिए काफी मुसीबत बना हुआ है। यहां पहाड़ पर लूज रॉक मौजूद हैं जो कभी भी गिर सकते हैं इसके चलते यहां भूस्खलन का खतरा बना हुआ है। उन्होंने एनएचपीसी प्रबंधन और प्रशासन से आग्रह किया है कि पहाड़ी पर लटक रहे पत्थरों को समय रहते हटाया जाए।

उनका कहना है कि हालांकि प्रोजेक्ट की ओर से इन्हें हटाने के लिए योजना भी बना रखी है और इसकी टेंडर प्रक्रिया भी हो चुकी है लेकिन धरातल पर कार्य शुरू नहीं हुआ है, जिसके चलते यहां भूस्खलन का खतरा बना हुआ है, जबकि यह मार्ग घाटी की छह पंचायतों जिसमें देहुधरीधार, शांघड, शैंशर, गाड़ापारली, रैला और रैला–दो पंचायतों को जोड़ता है। ऐसे में सड़क वाहनों की आवाजाही के लिए बंद पड़ने से उपरोक्त पंचायतों के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# वन नेशन, वन इलेक्शन' संयुक्त संसदीय समिति ने गोवा के राज्यपाल से की भेंट

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** 'वन नेशन, वन इलेक्शन' विषय पर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) ने अपने देशव्यापी अध्ययन दौरे के तहत गोवा के राज्यपाल पुसापति अशोक गजपति राजू से डोना पाउला स्थित लोक भवन में शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने समिति के प्रतिनिधिमंडल का आत्मीय स्वागत किया। यह बैठक देश में चुनावी सुधारों को लेकर समिति द्वारा विभिन्न राज्यों में किए जा रहे व्यापक परामर्श का महत्वपूर्ण हिस्सा रही।



बैठक के दौरान समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की अवधारणा पर विस्तृत और सकारात्मक चर्चा की। विचार–विमर्श में लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने से होने वाले संभावित लाभों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान बार–बार होने वाले चुनावों से उत्पन्न प्रशासनिक और वित्तीय बोझ को कम करने, चुनावी व्यय में कमी लाने, आदर्श आचार संहिता के लगातार लागू रहने से विकास कार्यों एवं नीतिगत निर्णयों पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने तथा सहकारी संघवाद को और अधिक सुदृढ़ बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार साझा किए गए। बैठक के उपरांत सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि राज्यपाल पुसापति अशोक गजपति राजू का व्यापक प्रशासनिक अनुभव, सुशासन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता तथा उनके बहुमूल्य सुझाव समिति के अध्ययन के लिए अत्यंत उपयोगी रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका दीर्घ सार्वजनिक जीवन और जनसेवा के प्रति समर्पण सभी जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

अनुराग ने कहा कि गोवा सौभाग्यशाली है कि उसे एक अनुभवी, दूरदर्शी और सहज उपलब्ध राज्यपाल का मार्गदर्शन प्राप्त है।

बागवानी

## हिमाचल प्रदेश की बागवानी को हाई वैल्यू नट मिशन में बदलने की तैयारी

# अखरोट–बादाम के साथ चिलगोजा को मिलेगा नया विस्तार

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल की बागवानी को अब हाई वैल्यू नट में बदलने की तैयारी है। सरकार ने बागवानों की आय बढ़ाने व बागवानी में विविधीकरण लाने के उद्देश्य से वर्ष 2026 से 2031 तक हाई वैल्यू नट मिशन शुरू करने का फैसला लिया है। इस महत्वाकांक्षी मिशन के तहत अखरोट, बादाम, खुमानी और चिलगोजा जैसी उच्च मूल्य वाली समशीतोष्ण फसलों की वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। सरकार का लक्ष्य आधुनिक तकनीक, गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री, बेहतर बाजार व्यवस्था और मूल्य संवर्धन के माध्यम से प्रदेश के बागवानों के लिए समृद्धि के नए अवसर तैयार करना है। यह मिशन पुराने और कम उत्पादन वाले बागों को नई जिंदगी देने के साथ हिमाचल की बागवानी को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

जानकारी के अनुसार मिशन के तहत लगभग एक हजार हेक्टेयर क्षेत्र को शामिल किया जाएगा। इनमें 900 हेक्टेयर पुराने और कम उत्पादन वाले बागों का वैज्ञानिक तरीके से पुनरुद्धार किया जाएगा, जबकि 100 हेक्टेयर में उच्च घनत्व वाले आधुनिक मॉडल बाग विकसित होंगे। कैनोपी प्रबंधन, टॉप–वर्किंग, पुराने एवं अनुपयोगी पेड़ों का प्रतिस्थापन, मृदा स्वास्थ्य सुधार, सूक्ष्म सिंचाई और जलवायु अनुकूल खेती जैसी आधुनिक तकनीकों को अपनाया जाएगा। साथ ही प्रमाणित एवं रोगमुक्त पौध सामग्री उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश के प्रमुख नट उत्पादक क्षेत्रों में चार हाई–टेक नर्सरियां और दो उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए जाएंगे। ये केंद्र किसानों को प्रशिक्षण, अनुसंधान, प्रदर्शन और तकनीकी सलाह भी उपलब्ध कराएंगे, जिससे उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता दोनों में सुधार होगा।

सरकार मिशन के तहत उत्पादन के साथ–साथ विपणन और प्रसंस्करण व्यवस्था को भी मजबूत करेगी। इसके लिए 10 आधुनिक संग्रह, ग्रेडिंग, छंटाई, पैकेजिंग, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इससे कटाई के बाद होने वाले नुकसान में कमी आएगी, उत्पादों की गुणवत्ता बेहतर होगी और किसानों को अपनी उपज के बेहतर दाम मिल सकेंगे। किसान उत्पादक संगठनों को प्रोत्साहन, सार्वजनिक–निजी भागीदारी के माध्यम से निवेश और कृषि अवसंरचना निधि जैसी योजनाओं से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने पर भी विशेष जोर रहेगा। वहीं जनजातीय क्षेत्रों में चिलगोजा के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए प्राकृतिक पुनर्जनन, सामुदायिक वन प्रबंधन तथा बीज अंकुरण की विशेष सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिससे जैव विविधता संरक्षण के साथ स्थानीय लोगों की आजीविका भी मजबूत होगी।

### यहां समशीतोष्ण नट फसलों की अपार संभावनाए : सीएम



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हाई वैल्यू नट मिशन हिमाचल प्रदेश की बागवानी में विकास, विविधीकरण और आधुनिकीकरण के नए दौर की शुरुआत करेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में समशीतोष्ण नट फसलों की अपार संभावनाएं हैं और यह मिशन किसानों को आधुनिक तकनीक, गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री तथा बेहतर आधारभूत ढांचे के माध्यम से इन संभावनाओं का पूरा लाभ उठाने में सक्षम बनाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मिशन से उत्पादकता और लाभप्रदता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे तथा बागों के कायाकल्प, ब्रांडिंग, मूल्य संवर्धन और निर्यात संवर्धन पर विशेष ध्यान देकर बागवानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### शमीमा ने चित्रकला में जीता राष्ट्रीय पुरस्कार



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** इंटैक संस्था द्वारा आयोजित जीवनदायिनी वृक्ष राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता में राजकीय उच्च विद्यालय सिद्धबाड़ी की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा शमीमा ने देशभर के 12 हजार से अधिक विद्यार्थियों के बीच राष्ट्रीय स्तर पर टॉप-15 में स्थान हासिल कर राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया। दिल्ली में 8 से 10 जुलाई तक आयोजित समारोह में इंटैक चेयरमैन व वाइस चेयरमैन मालविका पठानिया ने शमीमा को पुरस्कार, मोमेंटो और ऐतिहासिक धरोहरों के शैक्षणिक भ्रमण से सम्मानित किया। वहीं नौवीं कक्षा की छात्रा खुशी ने नॉर्थ जोन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की इस उपलब्धि पर शिक्षा विभाग और विद्यालय प्रबंधन ने छात्राओं, शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई दी।

### योल में लोगों का किया निःशुल्क चेकअप

**अनंत ज्ञान, मनोज चंदेल, योल।** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी योल के सहयोग से एजीलेस डायग्नोस्टिक और गुरु रामदास हेल्थ केयर सेंटर योल के तत्वावधान में रविवार को निःशुल्क हेल्थ चेकअप एवं ब्लड टेस्ट शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना और बीमारियों की समय पर पहचान करना था। शिविर में शुगर, क्रिएटिनिन, यूरिक एसिड, कोलेस्ट्रॉल, कैल्शियम सहित विभिन्न रक्त जांचें निशुल्क की गईं। चिकित्सकों ने जांच रिपोर्ट के आधार पर लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया। डॉक्टर हरकृष्ण, डाइटिशियन अमरप्रीत, सिस्टर पल्लवी और जालंधर से पहुंचीं विशेषज्ञ डॉक्टर गीता ढींगरा ने अपनी सेवाएं दीं। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी जनहित में ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### नए सत्र से शुरू होंगे रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश (सीयूएचपी) ने नए शैक्षणिक सत्र से कई रोजगारोन्मुख और राष्ट्रीय आवश्यकताओं से जुड़े पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस. पी. बंसल ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को बहु-विषयक और कौशल आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाना है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में एलएलएम पाठ्यक्रम शुरू किया गया है, जबकि बार काउंसिल ऑफ इंडिया की मंजूरी के बाद बीकॉम एलएलबी और बीबीए एलएलबी जैसे पाठ्यक्रम भी शुरू किए जाएंगे। इसके अलावा चीनी भाषा, बौद्ध अध्ययन, तिब्बती अध्ययन, भू-विज्ञान, जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग जैसे विषयों से विद्यार्थियों को शोध, पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन के क्षेत्रों में नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि लीगल एड क्लिनिक के माध्यम से समाज को कानूनी सहायता भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

### ई-पेंशन ऐप में 'अदर' विकल्प बहाल करने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पेंशन संघ के प्रधान कृष्ण स्वरूप शर्मा ने हिमाचल प्रदेश सरकार और वित्त विभाग से ई-पेंशन ऐप में 'अदर' विकल्प दोबारा शामिल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पहले इस विकल्प के माध्यम से पेंशनर्स को अन्य बकायों की जानकारी मिलती थी, लेकिन अब इसे हटा दिया गया है, जिससे पेंशनर्स को अपने भुगतान संबंधी विवरण प्राप्त नहीं हो रहे हैं। उन्होंने सरकार से पेंशनर्स के लिए स्वीकृत मेडिकल बजट जल्द जारी करने की भी मांग की, ताकि लंबित मेडिकल बिलों का भुगतान हो सके। इसके अलावा जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के लंबित बकायों का शीघ्र भुगतान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लंबे समय से भुगतान लंबित होने के कारण पेंशनर्स में निराशा बढ़ रही है।

### प्रागपुर में गूंजा कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

**अनंत ज्ञान, प्रागपुर।** प्रागपुर के राधा-कृष्ण मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर वर्णन किया गया। कथावाचक वीरेंद्र गर्ग शास्त्री परागपुर वाले ने कान्हा की नटखट लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान कृष्ण अपनी बाल अदाओं से पूरे ब्रज को प्रेम और भक्ति के रंग में रंग देते थे। उन्होंने माखन चोरी और चीर हरण लीला का आध्यात्मिक महत्व बताते हुए कहा कि यह लीलाएं भक्तों को अहंकार त्यागकर ईश्वर के प्रति समर्पण का संदेश देती हैं। कथा के दौरान शास्त्री जी ने भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### संजय चौहान बोले- कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाएं

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुलह के रिसर्च विभाग की विस्तृत बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ और पंचायत स्तर तक मजबूत करने, जनसमस्याओं को सरकार तक पहुंचाने तथा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस संगठन की मजबूती में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने और सरकार की नीतियों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। बालकृष्ण चौधरी ने कहा कि ब्लॉक कांग्रेस जनता और सरकार के बीच मजबूत कड़ी बनकर कार्य करेगी। बैठक में जनसंपर्क अभियान को तेज करने और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई।

### एससी-एसटी विकास निधि कानून की मांग को लेकर राज्य गठबंधन ने की सुनील से मुलाकात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल भवन स्थित सर्किट हाउस में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति विकास निधि के लिए विशेष कानून बनाने की मांग को लेकर राज्य गठबंधन के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील कुमार शर्मा (बिट्टू) से भेंट की। बैठक में पिछले तीन वर्षों से चल रहे अभियान और कानून की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिनिधियों ने अपनी मांगें रखते हुए आबादी के अनुपात और चुनावी घोषणाओं के अनुरूप बजट आवंटन की नीति लागू करने की मांग की। सुनील कुमार शर्मा ने मांग को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह विषय संवैधानिक अधिकारों से जुड़ा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मामले को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा और प्रतिनिधिमंडल की मुख्यमंत्री से बैठक करवाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक की सूत्रधार पर्वतीय महिला अधिकार मंच हिमाचल प्रदेश की संयोजिका विमला विश्वप्रेमी रहीं।

# डमटाल में पलटी 57 यात्रियों से भरी बस 16 यात्री घायल, दो की हालत गंभीर

## जम्मू से हरिद्वार जा रही बस सर्विस लेन में पलटी, पुलिस ने चलाया रेस्क्यू अभियान

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** जम्मू से हरिद्वार जा रही एक निजी ट्रैवल कंपनी की लग्जरी बस देर रात हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा जिले के डमटाल क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में 16 यात्री घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। बस में कुल 57 यात्री सवार थे। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई।

जानकारी के अनुसार लक्ष्मी हॉलिडेज की एआर 20बी 0962 नंबर की बस जम्मू-जालंधर वाया पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर डमटाल स्थित नरुला पेट्रोल पंप के समीप अचानक अनियंत्रित होकर मुख्य मार्ग से सर्विस लेन की ओर पलट गई। जानकारी के अनुसार दुर्घटना के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है।



डमटाल में 57 यात्रियों से भरी बस पलटी। अनंत ज्ञान

आशंका जताई जा रही है कि हादसा तकनीकी खराबी, तेज रफ्तार या किसी अन्य वजह से हुआ हो सकता है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

बस पलटते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। हादसे में घायल हुए 16 यात्रियों को 108 एंबुलेंस सेवा के माध्यम से प्राथमिक उपचार देने के बाद सिविल अस्पताल इंदौरा पहुंचाया गया। चिकित्सकों के अनुसार दो घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि अन्य का उपचार जारी है।

घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ इंदौरा संजीव कुमार यादव और थाना प्रभारी विशाल राठौर टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने राहत एवं बचाव कार्य में सहयोग करते हुए यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हादसे के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

एसपी नूरपुर इलमा अफरोज खुद मौके पर जायजा लेने पहुंचीं तथा उन्होंने डीएसपी संजीव यादव तथा थाना प्रभारी के साथ दुर्घटनाग्रस्त बस में सवार सभी यात्रियों को सही ढंग से घर-घर पहुंचने का प्रावधान करने का भी आदेश किया

# हिमाचल में ड्रग टेस्टिंग लैबोरेटरी की कवायद तेज

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** प्रदेश में तीन ड्रग टेस्टिंग लैबोरेटरी स्थापना की कवायद तेज हो गई है। फारेंसिक निदेशालय ने ड्रग टेस्टिंग लैबोरेटरी में विभिन्न श्रेणियों के 37 के करीब स्टाफ की नियुक्ति हेतू पब्लिक सर्विस कमीशन को लिखा है। ड्रग टेस्टिंग लैबोरेटरी हेतू स्टाफ की तैनाती होने के साथ ही निदेशालय की ओर से लैबोरेटरी के लिए विभिन्न एजेंसियों से उपकरण लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। फारेंसिक निदेशालय की ओर से ड्रग टेस्टिंग लैबोरेटरी के लिए उपकरण के लिए फंडस उपलब्धता हेतू प्रदेश व केंद्र सरकार से मामला उठाया जा रहा है। फंडस उपलब्ध होने उपरांत साइंटिफिक उपकरण खरीद करके लैबोरेटरी को तैयार कर लिया जाएगा।

गौरतलब है कि फरेंसिक सेवाओं में ड्रग टेस्टिंग लैबोरेटरी (फोरेंसिक टॉक्सिकोलॉजी लैब) का उद्देश्य आपराधिक मामलों में नशीली दवाओं, शराब, और ज़हर के नमूनों (जैसे रक्त, मूत्र, और बाल) की वैज्ञानिक जांच करना होता है। यह जांच अदालती कार्यवाही और न्याय प्रक्रिया के लिए महत्वपूर्ण सबूत प्रदान करती है।

### पब्लिक सर्विस कमीशन से भरे जाएंगे पद: डॉ. मीनाक्षी

**उधर,** हिमाचल प्रदेश फोरेंसिक सेवाएं निदेशालय की निदेशक डॉ. मीनाक्षी महाजन ने बताया कि ड्रग टेस्टिंग लैबोरेटरी के लिए विभिन्न श्रेणियों के 37 के करीब पद स्वीकृत किए गए हैं, जिन पर नियुक्ति के लिए पब्लिक सर्विस कमीशन के पास भेजा गया है। लैबोरेटरी के लिए डेलीवेजर्स, तकनीकी और आउटसोर्स के आधार पद भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।



# फतेहपुर के इंजीनियर का शव छह दिन बाद बरामद

अनंत ज्ञान

**रविन्द्र चौधरी, फतेहपुर।** केरल के वायनाड में आई भीषण त्रासदी में लापता हुए जिला कांगड़ा के फतेहपुर उपमंडल की ग्राम पंचायत टकोली घिरथा निवासी डीबीएल कंपनी के इंजीनियर विक्रम सिंह राणा (50) का शव छह दिन बाद रविवार दोपहर बरामद कर लिया गया। शव मिलने की सूचना से परिवार की उनके सकुशल लौटने की सभी उम्मीदें टूट गईं और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। सोमवार तक पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचने की उम्मीद है।



विक्रम सिंह राणा के भाई कुलवंत सिंह और प्रमोद राणा आठ जुलाई को केरल पहुंच गए थे। दोनों भाई लगातार बचाव अभियान पर नजर बनाए हुए थे और प्रशासन व बचाव दलों के साथ संपर्क में रहे। केरल सरकार, स्थानीय प्रशासन और बचाव दलों की ओर से लगातार चलाए गए सर्च ऑपरेशन के बाद रविवार दोपहर विक्रम का शव बरामद किया गया। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा है।

परिजनों के अनुसार सात जुलाई की सुबह करीब 11:09 बजे के बाद विक्रम से संपर्क पूरी तरह टूट गया था। इसके बाद परिवार उनकी सुरक्षित वापसी की उम्मीद लगाए बैठा था। पिछले छह दिनों से घर में चूल्हा तक नहीं जला और सभी लोग विक्रम के लौटने की प्रार्थना कर रहे थे। रविवार को शव मिलने की सूचना ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया।

विक्रम सिंह राणा के निधन से टकोली घिरथा पंचायत सहित पूरे फतेहपुर क्षेत्र में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# निर्माणाधीन सड़कों का निरीक्षण, गुणवत्ता से नहीं होगा कोई समझौता: केवल सिंह पठानिया



निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** प्रदेश सरकार के उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता विकास सूद के साथ सुधेड़ क्षेत्र में लगभग 48.50 लाख से निर्माणाधीन अखनखोला, धार खास और कसुम्बर सड़कों का निरीक्षण किया। गत वर्ष बरसात से क्षतिग्रस्त हुई इन सड़कों के निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्माण गुणवत्ता से कोई समझौता न करने तथा कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सड़क, स्वास्थ्य, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के बाद उपमुख्य सचेतक माधवनगर पहुंचे, जहां उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं व अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया।

उन्होंने घोषणा की कि एक सप्ताह के भीतर वार्ड में हैंडपंप स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही कॉलोनी को सीवरेज से जोड़ने, सड़क पर टाइलें बिछाने व सोलर लाइटें लगाने का भी आश्वासन दिया। माधवनगर कमेटी के महासचिव रोशन लाल और प्रधान पवन कुमार ने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया।

### क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता और उपविजेता टीम को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** ग्राम पंचायत धनोटू-कुठेड़ में शिव फ्रेंड युवा क्लब द्वारा आयोजित डे-नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का शनिवार देर शाम समापन हुआ। समापन समारोह में शाहपुर के विधायक एवं हिमाचल प्रदेश सरकार के उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने प्रतियोगिता की विजेता गगल टीम एवं उपविजेता धनोटू टीम को सम्मानित कर शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि खेल अनुशासन, भाईचारे और स्वस्थ जीवन का आधार हैं तथा युवाओं को नशे से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर शिव फ्रेंड युवा क्लब ने क्षेत्र के विकास एवं खेल सुविधाओं से जुड़ी मांगें रखीं, जिन पर विधायक ने सकारात्मक विचार करते हुए उन्हें चरणबद्ध तरीके से पूरा करने का आश्वासन दिया।

## हैप्पी बर्थडे



ऊना के पंजावर गांव की अनायरा मनकोटिया को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक



मंडी के अंकुश वर्मा और सपना वर्मा को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी के खिलाफ बड़ा अभियान चलाएगी कांग्रेस: अनुराग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद अनुराग शर्मा ने जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आह्वान किया है कि 14 जुलाई को राम मंदिर चंदा चोरी के विरोध में होने वाले जिला कांग्रेस कमेटी के भजन कीर्तन में शामिल हो। उन्होंने कहा है कि भाजपा ने संघ के साथ मिल कर लोगों की आस्था की चोरी की है,इस चोरी के खिलाफ कांग्रेस प्रदेश में एक बड़ा अभियान शुरू करने जा रही है।

अनुराग शर्मा ने एक बयान में आज यहां कहा कि भाजपा ने हमेशा ही अपने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए लोगों की धार्मिक आस्था से खिलवाड़ किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर से हजारों करोड़ का चंदा चोरी एक बड़ी साजिश है। उन्होंने कहा कि इसकी जांच अगर उच्चारण न्यायालय के न्यायधीश से होती है तो इसमें कई चोकाने वाले खुलासे सामने आएंगे। अनुराग शर्मा ने कहा है कि एसआईटी की जांच केवल छोटे कर्मचारियों तक ही सीमित है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट के मुखिया अपने पद से त्यागपत्र देकर किनारे हो गए है। उनसे कोई भी पूछताछ नही हो रही है। चपत राय का यह बयान की अगर उन्हें किसी प्रकार से तंग करने की कोशिश की गई तो वह बड़े खुलासे करंगे,अपने आप मे किसी बड़ी साजिश की ओर इंगित करता है। अनुराग शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में भाजपा के खिलाफ एक बड़ा अभियान शुरू किया जाएगा। इसमें राम मंदिर में दानपात्र से चोरी,नीट पेपर लीक,युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़, बढ़ती महंगाई,बेरोजगारी जैसे अनेक मुद्दे है जिन्हें जोर शोर से उठाया जाएगा।

# ग्रामीणों ने मौल खड्ड बचाओ अभियान के तहत किया शांतिपूर्ण क्रमिक अनशन

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सन्हूं में पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे मौल खड्ड बचाओ अभियान के तहत रविवार को एक दिवसीय शांतिपूर्ण क्रमिक अनशन आयोजित किया गया। अभियान का शुभारंभ सुबह 10 बजे हुआ, जिसमें संजय सिंह राणा और कुलविंदर ढडवाल क्रमिक अनशन पर बैठे।



कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं, पूर्व सैनिक और स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए तथा मौल खड्ड के संरक्षण के समर्थन में अपनी भागीदारी दर्ज करवाई। सुबह 11 बजे ग्रामीणों ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन ग्राम पंचायत सन्हूं की प्रधान सुनीता कुमारी, भ्रांता बीडीसी सदस्य अमित कुमार और थुरल खास बीडीसी सदस्य मीनू परिहार की उपस्थिति में सौंपा। इस दौरान पुलिस प्रशासन थुरल भी मौजूद रहा।

ज्ञापन में मौल खड्ड संरक्षण, गिरते भूजल स्तर, भूमि कटाव, प्राकृतिक जल स्रोतों की सुरक्षा और पर्यावरणीय प्रभावों का वैज्ञानिक अध्ययन करवाने सहित आवश्यक कदम उठाने की मांग की गई। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रत्याशी एवं वरिष्ठ समाजसेवी बच्चन सिंह राणा ने मौल खड्ड की पूजा-अर्चना कर अभियान को समर्थन दिया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और प्रशासन के समक्ष मुद्दा उठाने का आश्वासन दिया।

समापन अवसर पर बच्चन सिंह राणा ने संजय सिंह राणा और कुलविंदर ढडवाल को जूस पिलाकर अनशन समाप्त करवाया। अभियानकर्ताओं ने कहा कि मौल खड्ड बचाओ अभियान आगे भी शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से जारी रहेगा।

# हिमाचली बेटी रुचिका ने फतह की दक्षिण कोरिया की सबसे ऊंची चोटी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** दक्षिण कोरिया की सबसे ऊंची चोटी पर पहुंचकर हिमाचली बेटी ने पहुंचकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। पालमपुर उपमंडल के लोअर खेड़ा गांव की बेटी एवं पहाड़न बेकर्स की संस्थापक रुचिका भंगलिया (34 वर्ष) ने दक्षिण कोरिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी हल्लासन को फतह करने की ऊंची उड़ान भरी है। रुचिका ने 8 जुलाई 2026 को लगभग 1,947 मीटर ऊंची इस प्रसिद्ध ज्वालामुखीय पर्वत चोटी तक सफलतापूर्वक पहुंचकर अपनी उपलब्धि दर्ज की। हल्लासन दक्षिण कोरिया की सबसे ऊंची चोटी है और देश के प्रमुख प्राकृतिक एवं ट्रेकिंग स्थलों में गिनी जाती है।



दिल्ली में रहते हुए अपना उद्यम पहाड़न बेकर्स संचालित करने वाली रुचिका लंबे समय से ट्रेकिंग और पर्वतारोहण की शौकीन हैं। उनका कहना है कि यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि हिमाचल की उन सभी बेटियों को समर्पित है जो अपने सपनों को पूरा करने का साहस रखती हैं।

रुचिका की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि गांव की बेटी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन किया है व युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# विजिलेंस के रडार पर प्रागपुर का 'कागजी' विकास: करोड़ों के घोटालों की फाइल खुली

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, प्रागपुर।** प्रागपुर के धरोहर गांव होने का दावा अब प्रशासनिक फाइलों में एक बड़े घोटाले की शक्ल ले चुका है।पर्यटन और विरासत को संवारने के नाम पर यहां म्यूजियम, हर्बल पार्क, सूचना केंद्र, पार्किंग स्थल और लाइब्रेरी जैसे जो करोड़ों रुपये के प्रोजेक्ट खडे किए गए, वे अब अपनी ही वैधता पर सवाल खड़ा कर रहे हैं।

इस मामले का खुलासा तब हुआ जब एक आरटीआई के जवाब में यह सामने आया कि राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में इन निर्माण कार्यों की जमीन का कोई इंद्राज ही मौजूद नहीं है। परागपुर के नायब तहसीलदार बलविंदर सिंह पठानिया ने स्वयं यह माना है कि सरकारी कागजों में इन परियोजनाओं की जमीन का कोई अता-पता नहीं है। सरकारी तंत्र की इस घोर लापरवाही और वित्तीय खेल के चलते अब यह मामला विजिलेंस तक पहुंच गया है। सीएम हेल्पलाइन ने इसे बेहद गंभीर मानते हुए जांच के लिए विजिलेंस के एएसपी ब्रह्मदास भाटिया को सौंप दिया है।

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस जगह का सरकारी फाइलों में कोई रिकॉर्ड ही नहीं है, वहां लाखों-करोड़ों रुपये का बजट किस आधार पर खर्च किया गया? क्या यह धरोहर गांव का दर्जा महज कागजी दिखावा है, या फिर विकास कार्यों की आड़ में किसी बड़े भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया है? अब सबकी नजरें विजिलेंस की जांच पर टिकी हैं कि क्या इस घोटाले में शामिल अधिकारियों के चेहरे बेनकाब होंगे। प्रागपुर के जागरुक निवासियों के लिए अब यह केवल एक प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि अपने गांव की विरासत को बचाने और पारदर्शिता की एक बड़ी लड़ाई बन गई है।

# भाजपा में गुटबाजी का आरोप, अजीत गुलेरिया ने फिर थामा कांग्रेस का दामन



अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस ने भाजपा पर गुटबाजी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तोड़ने की राजनीति करने का आरोप लगाया है। रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि भाजपा संगठन आंतरिक कलह से जूझ रहा है और इसी के चलते कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को बहला-फुसलाकर पार्टी में शामिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

इसी क्रम में ग्राम पंचायत खड़ानाल निवासी अजीत गुलेरिया ने कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर पुनः कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कुछ भाजपा नेताओं ने उन्हें पार्टी में शामिल करने का प्रयास किया और इसका प्रचार भी किया, लेकिन उनकी आस्था कांग्रेस की विचारधारा और नीतियों में है। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में जनसेवा करते रहेंगे तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

इस अवसर पर विधायक किशोरी लाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बैजनाथ की अध्यक्ष शशि राणा, रविंदर बिट्टू, रविंदर राव, मोहिंदर डोहरी, रोहित जंबाल, मिलाप राणा सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नेताओं ने अजीत गुलेरिया का कांग्रेस परिवार में स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके दोबारा पार्टी से जुड़ने से संगठन को और मजबूती मिलेगी।

# राम मंदिर चंदा और निर्माण में कथित भ्रष्टाचार की हो निष्पक्ष जांच : शोभा ओझा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय प्रवक्ता शोभा ओझा ने पत्रकार वार्ता कर केंद्र की भाजपा सरकार, आरएसएस और विश्व हिंदू परिषद पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने राम मंदिर निर्माण, चंदे और कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि भगवान राम के नाम पर देश की करोड़ों लोगों की आस्था जुड़ी है और यदि किसी प्रकार की अनियमितता हुई है तो उसके लिए जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।



पत्रकारों से बातचीत में शोभा ओझा ने आरोप लगाया कि राम मंदिर निर्माण और चंदे के नाम पर जनता के विश्वास के साथ धोखा हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा, आरएसएस और वीएचपी की मिलीभगत से कथित रूप से भ्रष्टाचार और लूट हुई है, जिसकी सच्चाई देश के सामने आनी चाहिए। उनका कहना था कि केवल छोटे लोगों पर कार्रवाई करने से काम नहीं चलेगा, बल्कि पूरे मामले में बड़े जिम्मेदार लोगों की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यदि जनता की आस्था से जुड़े इतने गंभीर आरोप सामने आए हैं तो देश के शीर्ष नेतृत्व को इस पर अपनी स्पष्ट प्रतिक्रिया देनी चाहिए।

# कोटला में वाहन चालकों के लिए पुराना एनएच-154 बना मुसीबत

अनंत ज्ञान



**कोटला।** उपमंडल कोटला के अधीन आने वाले पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग-154 की हालत लगातार खराब होती जा रही है। बरसात के चलते सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिनमें पानी भरने से सड़क तालाब जैसी नजर आ रही है। इससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार लोक निर्माण विभाग ने पिछले दिन सड़क के गड्ढों में बंजरी डाली थी, लेकिन लगातार हो रही बारिश के कारण यह अधिक देर तक टिक नहीं पाई। गड्ढे फिर से उभर आए हैं और सड़क पहले जैसी ही बदहाल हो गई है। ऐसे में दोपहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा और बढ़ गया है।समस्या को और गंभीर बना रही हैं सड़क किनारे बनी नालियां, जो लंबे समय से बंद पड़ी हैं। नालियों की सफाई न होने के कारण बारिश का पानी सड़क पर ही जमा हो रहा है। जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से सड़क पर बड़े-बड़े जलभराव हो रहे हैं और गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे हादसों की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं, लेकिन सड़क की जर्जर स्थिति के कारण सफर मुश्किल हो गया है। वाहन चालकों को मजबूरन धीमी गति से वाहन चलाने पड़ रहे हैं और वाहनों को भी नुकसान पहुंच रहा है। क्षेत्रवासियों ने लोक निर्माण विभाग और प्रशासन से मांग की है कि केवल अस्थायी रूप से बंजरी डालने के बजाय सड़क की स्थायी मरम्मत कराई जाए तथा बंद पड़ी नालियों की तत्काल सफाई कर जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि बरसात के दौरान लोगों को राहत मिल सके और किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

जब इस बारे में लोकनिर्माण विभाग ज्वाली के एक्सेइन मनोहर लाल शर्मा ने बताया कि इस मार्ग का पैसा आया है जल्द ही बारिश के मौसम के बाद काम शुरू कर दिया जाएगा

# लाहलड़ी में गूंजा शहीदों का सम्मान बच्चों ने भाषण स्पर्धा में दिखाई प्रतिभा



विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** कारगिल के शहीदों की याद में गांव लाहलडी में ग्राम सुधार सभा के प्रांगण में रविवार को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ,भाषण प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़कर हिस्सा लिया, भारी बारिश होने के बाबजूद भी प्रतियोगिता में कुल 55 बच्चों ने हिस्सा लिया है। कार्यक्रम में एनआईटी के प्रोफेसर डॉ अश्विनी राणा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और बच्चों को करियर के बारे में भी जानकारी दी।

इस अवसर पर सभी गांव वासी ने गांव के नायक स्वतंत्रता सेनानियों और पूर्व सैनिकों को भी नमन किया। भाषण प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए आयोजक सेवानिवृत अनिल कुमार ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में तीन से पांच वर्ष के बच्चों में पहला स्थान इशिता पटियाल ने हासिल किया। द्वितीय स्थान रुद्रिका ठाकुर, तृतीय स्थान मोनिका में हासिल किया। 6 से 11 वर्ष के बच्चों में पहला शिवांश आनंद दूसरा आरुषि जबकि 12 से 15 साल के प्रतियोगिता में पहला स्थान लोवेश ठाकुर दूसरा स्थान वंशिका और तीसरा रिधि कुमारी ने हासिल से किया। 16 से 18 वर्ष के प्रतियोगिता में पहला स्थान शिवानी दूसरा पालक और तीसरा यामिनी ने हासिल किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य डॉक्टर जगजीत सिंह, दिलीप सिंह, राजेंद्र पटियाल, देवदास शहंशाह, युद्ध वीर किशोर चंद्र, प्रकाश चंद, प्रकाश राणा, रविंदर इत्यादि मौजूद रहे।

# पुलों के निर्माण में हो रही देरी, वाहन चालकों को अभी करना होगा इंतजार

## हमीरपुर-लंबलू सड़क पर बन रहे दो पुल, बरसात से पहले मुकम्मल होना था काम

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** हमीरपुर-लंबलू सड़क मार्ग पर दो अलग-अलग निर्माण दिन पुलों के काम में देरी हो रही है। वैसे तो इस महीने के अंत तक इनका काम मुकम्मल होना चाहिए था, लेकिन अभी मौके पर जो हालात हैं, वह यही दर्शा रहे हैं कि वक्त लगेगा। कुछ और महीने लग सकते हैं। बरसात के बाद ही यह तैयार हो पाएंगे।

इन पुलों का निर्माण इस रोड पर जुलाई महीने में मुकम्मल होना था। लेकिन अब क्योंकि सपेन का काम अभी होना बाकी है। शटरिंग तो हो गई है लेकिन यह मुकम्मल कब होगा उसके लिए अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। हालांकि विभाग का कहना है कि बहुत जल्दी यह काम मुकम्मल होंगे। एक पुल तो बडू के पास



हमीरपुर-लंबलू सड़क पर चल रहा पुल का काम। अनंत ज्ञान

जामलीधाम नाले के ऊपर बना रहा है और दूसरा गसोता महादेव मंदिर से ठीक पहले तैयार हो रहा है। दोनों के लिए वैकल्पिक मार्गों का जो इंतजाम किया गया है, वह बरसात के मौसम में भारी वाहनों के लिए परेशानी का सबक बना हुआ है।

पिछले काफी समय से यह दिक्कत वाहन चालक खेल रहे हैं मौसम साफ हो तो धूल मिट्टी खूब उड़ती है उससे भी लोगों को परेशानी होती है और यदि बरसात हो जाए तो फिर कीचड़ की वजह से चढ़ाई में स्लिपरी बढ़ जाती है बस यही तो असल में समस्या है। बदुपुल का निर्माण 24 जुलाई तक मुकम्मल हो जाना चाहिए था टेंडर जब अवार्ड हुआ था तो उसमें यह शर्त रखी गई थी, लेकिन मौके के हालात बता रहे हैं कि अभी वक्त लगेगा। देरी क्यों हुई, इस पर ज्यादा कुछ कोई भी बोलने को तैयार नहीं है। ठेकेदार भी यही कह रहे हैं कि थोड़ा बहुत आगे पीछे हो जाता है, लेकिन अब बहुत जल्दी मुकम्मल हो जाएगा।

यही स्थिति गसोता महादेव मंदिर के पास बन रहे नए पुल के निर्माण की है, वहां भी देरी हुई है। यहां भी जो वैकल्पिक सड़क बनाई गई है उसमें दिक्कतें हैं। अब बरसात में और ज्यादा दिक्कत है।

एक्सईएन दीपक कपिल का भी यही कहना है कि टाइमबाउंड किया गया है, इस पुल के निर्माण को। क्योंकि जो वैकल्पिक सड़क निकाली गई है, उसमें निश्चित रूप में फिसलन की वजह से बरसात में दिक्कत होती है।

# भोरंज के बड़ैहर में घर में लगी आग, हजारों का हुआ नुकसान

अनंत ज्ञान



**भोरंज ।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत गांव बड़ैहर में शनिवार को आग लगने से एक परिवार को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजिंद्र कुमार पुत्र संतोखा राम के मकान में अचानक आग लग गई। आग की इस घटना में घरेलू सामान सहित करीब 90 हजार रुपये की संपत्ति के नुकसान का प्रारंभिक अनुमान लगाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही ग्राम पंचायत बड़ैहर की प्रधान मीरा देवी और उपप्रधान विजय डोगरा मौके पर पहुंचे तथा स्थिति का जायजा लिया। इसके अलावा स्थानीय हल्का पटवारी अमनदीप ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन किया।

प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। प्रशासन की ओर से मामले की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों ने पीड़ित परिवार को उचित राहत एवं मुआवजा प्रदान करने की मांग की है।

गनीमत यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन आग से परिवार को आर्थिक रूप से काफी नुकसान पहुंचा है।

# सहकारी सभा कर्मियों की आवाज बनेगा संघ, सरकार के समक्ष रखेगा लंबित मांगें

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश प्राथमिक सहकारी सभाएं कर्मचारी संघ की राज्य स्तरीय बैठक शनिवार को डिडवीं टिककर में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में प्रदेशभर से आए पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहकारी सभाओं के कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों, लंबित मांगों तथा भविष्य की चुनौतियों पर गंभीरता से मंथन किया।

बैठक में प्रदेशध्यक्ष विजय शर्मा के सेवा निवृत हो जाने पर सर्वसम्मति से सुरेंद्र ठाकुर को संघ का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सहकारी सभाओं के कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा कर्मचारियों के हितों से जुड़े सभी मुद्दों को शीघ्र ही राज्य सरकार के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा। साथ ही संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने का भी निर्णय लिया गया।



बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजय शर्मा तथा महासचिव रजनीश गुलेरिया ने कर्मचारियों से संगठन की एकजुटता बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए संघ निरंतर संघर्ष करता रहेगा।

इस बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश कुमार, संगठन सचिव अशोक शर्मा,कांगड़ा जिला अध्यक्ष रणबीर सिंह, बिलासपुर जिला अध्यक्ष नरदेव ठाकुर, ऊना जिला महासचिव मुकेश कुमार,पूर्व प्रदेशक्ष्य धीरज शर्मा,सुरेंद्र गुलेरिया, विपिन चौधरी, प्रवेश

◆ **डिडवीं टिककर में हुई राज्य स्तरीय बैठक, सुरेंद्र ठाकुर बने अध्यक्ष**

ठाकुर, संदीप सोहरू, निखिल शर्मा,अनिल काशव, विपिन परमार सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने संगठन को मजबूत बनाने, कर्मचारियों की एकजुटता बनाए रखने तथा उनके हितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया।

# भरेड़ी-चंदरुही सड़क पर जलभराव बना आफत

## नालियां नहीं बनने से घरों में घुस रहा बारिश का पानी, लोग परेशान

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**जाहू।** भरेड़ी-चंदरुही सड़क पर पानी की निकासी के लिए नालियों का निर्माण नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे ग्रामीणों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य शुरू हुए करीब तीन वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अब तक निर्माण कार्य को अंतिम रूप नहीं दिया गया है। सड़क किनारे नालियां नहीं बनने से वर्षा का पानी सीधे सड़क पर बहता हुआ लोगों के घरों में घुस रहा है।

रविवार को हुई भारी बारिश के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो गई। सड़क पर पानी भरने और बहने से वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए सड़क पर चलना जोखिम भरा हो गया। वहीं, भरेड़ी बाजार में भी सड़क पर पानी बहता हुआ



भरेड़ी-चंदरुही सड़क पर जलभराव से हो रही परेशानी। अनंत ज्ञान

दिखाई दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य की धीमी गति और अधूरे कार्य का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। सड़क के साथ लगते कई घरों में बारिश का पानी घुसने से लोगों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

ग्रामीण देशराज, संतराम, मनोहर लाल, राकेश कुमार, प्रदीप कुमार, उमा देवी, कमलेश कुमारी और सरोज कुमारी ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि सड़क निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाए तथा पानी की निकासी के लिए पक्की नालियों का निर्माण कराया जाए, ताकि बरसात के दौरान लोगों को राहत मिल सके और भविष्य में इस समस्या से निजात मिल सके।

## न्यूज ब्रीफ

### कठलानी, रोहाल में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** विद्युत उपमंडल रंगस के अंतर्गत विद्युत लाइनों के रखरखाव कार्य के चलते 11 केवी नोहँगी फीडर से जुड़े क्षेत्रों में 13 जुलाई 2026 को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता विद्युत मंडल रंगस संदीप सांगल ने जानकारी देते हुए बताया कि कठलानी, रोहाल, तकरेड़ी, कटलानी, दंगरी, चीलवाल, भलू सहित अन्य गांवों में सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि लाइनों के आवश्यक रखरखाव के कारण यह शटडाउन लिया जा रहा है। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि कार्य पूरा होने के बाद विद्युत आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

### विराज मिस्टर और एवांशी बनी मिस फ्रेशर्स




**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** एमएससी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुजानपुर टीहरा में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने कक्षा 11वीं के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत के लिए 11 जुलाई 2026 को भव्य फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या सुश्री रीना शर्मा ने किया। विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने प्रतिभा दिखाई। समापन अवसर पर विद्यालय निदेशक श्री नसीम राजा ने विजेताओं को सम्मानित किया। विराज पंडित को मिस्टर फ्रेशर्स, एवांशी को मिस फ्रेशर्स, अरव को मिस्टर पर्सनैलिटी, निविका जैन को मिस पर्सनैलिटी, मुनीश धीमान को मिस्टर हैंडसम और याशिका शर्मा को मिस ब्यूटीफुल चुना गया।

### मैड़ पंचायत ने बधाई राशि 2100 रुपए की तय

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** ग्राम पंचायत मैड़ ने सामाजिक परंपराओं और बढ़ते आर्थिक बोझ को देखते हुए एक सराहनीय पहल की है। पंचायत प्रधान विशाल लखनपाल की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पंचायत क्षेत्र में विवाह, जन्म व अन्य शुभ अवसरों पर किनरों को दी जाने वाली बधाई राशि अधिकतम 2100 रुपये निर्धारित की जाएगी। प्रधान विशाल लखनपाल ने कहा कि इस निर्णय का उद्देश्य किसी की परंपरा या सम्मान को ठेस पहुंचाना नहीं, बल्कि आम लोगों को आर्थिक राहत देना है। ग्रामीणों ने पंचायत के इस फैसले को समय की जरूरत बताते हुए अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणादायक पहल बताया है।

### आयुर्वेदिक फार्मेसी ऑफिसर महासंघ हमीरपुर के प्रधान बने चंद्र शेखर डोगरा

सर्वसम्मति से चुनी गई नई कार्यकारिणी, देवराज की अध्यक्षता में संपन्न हुए चुनाव

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** आयुर्वेदिक फार्मेसी ऑफिसर महासंघ जिला हमीरपुर के चुनाव रविवार को हमीरपुर में मुख्य आयुर्वेदिक फार्मेसी ऑफिसर देवराज की अध्यक्षता में संपन्न हुए। चुनाव में सर्वसम्मति से चंद्र शेखर डोगरा को महासंघ का प्रधान चुना गया। नई कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपप्रधान अशोक कुमार, उपप्रधान सोमा देवी व राजीव कुमार, महासचिव विनोद शर्मा, सह सचिव अविकाश ठाकुर, कोषाध्यक्ष कपिल चौहान (दूसरी बार), ऑडिटर महिंदर कुमार व संतोष कुमारी, संगठन सचिव दीपक ठाकुर, कार्यालय सचिव अजय कुमार, मुख्य सलाहकार विनोद ठाकुर और प्रेस सचिव मनोज कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती और कर्मचारियों के हितों के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

# चकमोह पंचायत ने बीबीएन कॉलेज के विकास को लेकर उठाई आवाज, आंदोलन की दी चेतावनी



चकमोह पंचायत प्रतिनिधियों ने बीबीएन कॉलेज के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** ग्राम पंचायत चकमोह ने बाबा बालक नाथ महाविद्यालय के विकास, नए शैक्षणिक एवं प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों की शुरुआत और भूमि हस्तांतरण के समय ग्रामवासियों से किए गए वादों को पूरा करने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया है कि ढाई वर्ष बीत जाने के बाद भी वादों पर अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है, जिससे ग्रामवासियों में भारी निराशा और रोष है। पंचायत ने मांग की है कि महाविद्यालय में एमए हिंदी, एमए संस्कृत और बीएड की कक्षाएं शुरू की जाएं और अन्य रोजगारपरक पाठ्यक्रम भी प्रारंभ किए जाएं। साथ ही, महाविद्यालय और ट्रस्ट में होने वाली नियुक्तियों में स्थानीय योग्य युवाओं को प्राथमिकता दी जाए। ग्राम पंचायत ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर संतोषजनक और लिखित उत्तर नहीं मिलता है तो वे लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण ढंग से धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# फस्टे व जीहण में बताईं कल्याणकारी योजनाएं

**अनंत ज्ञान, नादौन।** अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के कल्याण एवं उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने विशेष अभियान आरंभ किया है।

इस अभियान के तहत विभाग से संबद्ध सांस्कृतिक दलों के लोक कलाकार नुक्कड़ नाटक और लोक गीत-संगीत के माध्यम से लोगों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। इसी कड़ी में विभाग से संबद्ध नटराज कला मंच के लोक कलाकारों ने रविवार वार को नादौन उपमंडल की ग्राम पंचायत फस्टे और ग्राम पंचायत चौड़ू के गांव जीहण में जागरुकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नटराज कला मंच के प्रभारी राजीव जस्सल और अन्य लोक कलाकारों ने स्थानीय पहाड़ी बोली में लोगों को प्रदेश सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया तथा इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

ग्राम पंचायत फस्टे में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम के दौरान पंचायत प्रधान राजेश कुमार , पंचायत सदस्य और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जबकि, गांव जीहण में आयोजित कार्यक्रम में बीडीसी सदस्य सविता ठाकुर, ग्राम पंचायत के प्रधान मनोज कुमार, उपप्रधान विजय कुमार, अशोक कुमार रीना कुमारी, राजेंद्र कुमार, उषा देवी, कविता कुमारी और गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

# सर्व मंगल सभा धनेटा 26 को करेगी 16 पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान




अनंत ज्ञान

**धनेटा।** सर्व मंगल सभा धनेटा की मासिक बैठक शनिवार को त्रिमूर्ति शिव मंदिर, धनेटा में सभा के अध्यक्ष विजय कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों और क्षेत्र की 16 पंचायतों के नवनिर्वाचित प्रधानों व उपप्रधानों के सम्मान समारोह को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 26 जुलाई 2026 को आयोजित समारोह में किटपल, कश्मीर, ग्वाल पत्थर, जसाई, झलान, धनेटा, पनसाई, पिपलू, बदारन, बसारल, बैहरड़, भदरूं, मनसाई, मालग, मंजेली और हथोल पंचायतों के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह के सफल आयोजन के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

अध्यक्ष विजय कुमार शर्मा ने कहा कि सर्व मंगल सभा समाज सेवा, सामाजिक समरसता और जनहित के कार्यों के लिए लगातार प्रयासरत है। कार्यक्रम का शुभारंभ 26 जुलाई को सुबह 8:45 बजे ज्योति प्रज्वलन के साथ होगा। बैठक में संस्थापक पी. डी. शर्मा, महासचिव देशराज शीतल, कोषाध्यक्ष बंशी लाल शर्मा, संरक्षक कैप्टन सुनील दत्त शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

**आश्रय** सरकारी मदद से जारी है पढ़ाई का सफर, जेबीटी कर रहे एस्ले वर्मा को मकान के लिए मिले डेढ़ लाख

# माता-पिता खोने के बाद सुख आश्रय योजना बनी सहारा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** बच्चे के सिर से अगर उसके माता-पिता का साया ही उठ जाए तो फिर उसका इस संसार में और कौन सहारा हो सकता है? ऐसे बच्चों के कई अन्य परिजन या रिश्तेदार उन्हें विपदा की घड़ी में कुछ समय के लिए तो सहारा दे सकते हैं, लेकिन इस संसार में माता-पिता का स्थान कोई और नहीं ले सकता है। वे उम्र भर मां-बाप के प्यार-दुलार और सहारे के लिए तरसते रहते हैं। ऐसी परिस्थितियां इन अभागे बच्चों को भावनात्मक रूप से ही नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से भी बेसहारा कर देती हैं।

प्रदेश में साढे तीन वर्ष पूर्व जब सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मुख्यमंत्री का कार्यभार संभाला तो उन्होंने सबसे पहले इन्हीं बच्चों के जख्मों पर मरहम लगाने के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लिया। सुक्खू ने मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना आरंभ करके इन बेसहारा बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ स्टेट' का दर्जा प्रदान करते हुए 27 वर्ष तक की आयु तक इनकी देखभाल का जिम्मा लिया। प्रदेश सरकार ने मां-बाप की तरह इन बच्चों की परवरिश, शिक्षा, उच्च एवं व्यावसायिक शिक्षा, स्वरोजगार, मकान



माता-पिता खोने के बाद सुख आश्रय योजना बनी एस्ले वर्मा का सहारा। अनंत ज्ञान

निर्माण और शादी तक की जिम्मेदारी लेकर देश-विदेश में एक अनूठी मिसाल पेश की।

आज इसी योजना के कारण हिमाचल प्रदेश के हजारों बेसहारा बच्चे और युवा न केवल सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं, बल्कि अपने लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने में सक्षम हो रहे हैं। इन्हीं बच्चों एवं युवाओं में से एक हैं हमीरपुर के निकटवर्ती क्षेत्र मझोग सुल्तानी के गांव पंजयाली के लिए एस्ले वर्मा।

वर्ष 2007 में माता के देहांत के बाद एस्ले वर्मा, उसके छोटे भाई और बड़ी बहन अपने पिता के साथ रह रहे थे। ये किशोरावस्था पार कर ही रहे थे कि वर्ष 2020 में इनके पिता का भी स्वर्गवास हो गया। अब इनके सामने बहुत बड़ा संकट खड़ा हो गया। अन्य परिजन एवं रिश्तेदार एस्ले और उसके भाई-बहन की मदद कर रहे थे, लेकिन इन बच्चों को अपने भविष्य की चिंता सता रही थी। लगभग साढे तीन वर्ष पूर्व जब मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना आरंभ हुई तो एस्ले वर्मा और उसके भाई-बहन को एक नई उम्मीद जगी। क्योंकि, इस योजना में बेसहारा बच्चों एवं युवाओं के लिए 27 वर्ष की आयु तक हर महीने 4000 रुपये की धनराशि के अलावा उच्च एवं व्यावसायिक शिक्षा, स्वरोजगार, मकान निर्माण और शादी के लिए भी आर्थिक मदद का प्रावधान किया गया है।

इसी योजना के सहारे एस्ले वर्मा अभी जेबीटी का कोर्स और छोटा भाई आईटीआई डिप्लोमा कर रहा है। बहन की शादी हो गई है। इन्हें आवास योजना के तहत डेढ़ लाख रुपये की धनराशि भी मिली है और कुछ अन्य साधनों से भी मदद प्राप्त होने के बाद अब इनका मकान भी लगभग तैयार हो चुका है। प्रदेश सरकार की मदद से उनका पक्के मकान का सपना साकार हो रहा है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त करते हुए एस्ले वर्मा ने बताया कि बेसहारा बच्चों के कल्याण एवं उत्थान के लिए मुख्यमंत्री ने बहुत ही सराहनीय योजना आरंभ की है। प्रदेश के हजारों बेसहारा बच्चों यह योजना एक वरदान साबित हो रही है।

# नारायण सेवा समिति ने दिवंगत संजय के परिवार को दी 11 हजार की मदद



अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** नारायण सेवा समिति बिझड़ी की मासिक बैठक मानव सेवा सदन, समिति भवन बिझड़ी में मुख्य संरक्षक दीना नाथ वर्मा की उपस्थिति और प्रधान ओंकार पठानिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में समाजसेवा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। महासचिव करतार सिंह ढिल्लों ने गत माह के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया।

बैठक में प्रस्ताव संख्या 94 को सर्वसम्मति से पारित किया गया, जिसके तहत मथोल गांव के दिवंगत संजय कुमार उर्फ बबलू के परिवार को 11 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। समिति के स्थायी सदस्य अनूप सिंह ने सहायता राशि का चेक परिवार को सौंपा। संजय कुमार के निधन के बाद उनकी पत्नी और तीन बच्चों के पालन-पोषण में सहयोग के उद्देश्य से यह सहायता दी गई।

समिति सदस्य राजेश पटियाल ने कहा कि दान से धन का क्षय नहीं होता और इसी भावना के चलते 461 सदस्यों की समिति जरूरतमंदों की सेवा में जुटी है। समिति द्वारा हर माह की 6 तारीख को एम्स बिलासपुर में करीब 1500 तीमारदारों को दोपहर का भोजन भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। बैठक में सात नए सदस्यों ने समिति की स्थायी सदस्यता ग्रहण की, जिन्हें संरक्षक दीना नाथ वर्मा ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

# जीवन प्रमाण पत्र नियमों पर पेंशनर्स संघ नाराज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम-आंचल पेंशनर्स संघ ने जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन भेजने संबंधी नए आदेशों पर आपत्ति जताई है। संघ प्रदेशाध्यक्ष केसी गौतम ने कहा कि निदेशक कोषागार, लेखा एवं लॉटरी शिमला के आदेशों के अनुसार अब केवल मेडिकली अनफिट पेंशनरों को ही फार्म के माध्यम से प्रमाण पत्र भेजने की सुविधा मिलेगी, वह भी डॉक्टर के प्रमाण पत्र के साथ। उन्होंने कहा कि इससे बुजुर्ग, असहाय और कम पढ़े-लिखे पेंशनरों की मुश्किलें बढ़ेंगी। संघ ने मुख्य सचिव हिमाचल प्रदेश सरकार को पत्र भेजकर पूर्व की तरह मैन्युअल फार्म से जीवित प्रमाण पत्र जमा करवाने की व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। संघ द्वारा वर्ष 2016 से पेंशनरों को ऑनलाइन प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही जरूरतमंद पेंशनरों के घर जाकर नि:शुल्क जीवित प्रमाण पत्र बनाने की सुविधा दी जा रही है। हमीरपुर क्षेत्र में कई स्थानों पर यह अभियान चलाया जा चुका है।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक से 0.49 ग्राम चिट्टा किया बरामद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** थाना हटली पुलिस ने नाकाबंदी एवं यातायात जांच के दौरान एक युवक के कब्जे से 0.49 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की है। पुलिस के अनुसार सहायक उपनिरीक्षक रमेश चंद अपनी टीम के साथ सिहारल मोड़ पर नाकाबंदी कर रहे थे। इसी दौरान पांवटा की ओर से पैदल आ रहे एक युवक ने पुलिस को देखकर घबराहट में अपनी नीली जीन्स की बाईं जेब से एक चमकीली वस्तु निकालकर सड़क किनारे हरी घास में फेंक दी। तलाशी लेने पर उक्त वस्तु से 0.49 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुई। आरोपी की पहचान 21 वर्षीय तनीश ठाकुर पुत्र राजेंद्र कुमार, निवासी गांव कुनालग, डाकघर एवं तहसील सरकाघाट, जिला मंडी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना हटली में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूछताछ के बाद आरोपी को नियमानुसार नोटिस देकर शर्तों के साथ रिहा किया गया।

### लंगहेड़ में दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमधरा वेल्फेयर फाउंडेशन द्वारा धर्मपुर की लंगहेड़ पंचायत में वृक्षारोपण किया गया। फाउंडेशन के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं गांव के युवाओं द्वारा मिलकर लगभग 200 पौधे लगाए गए। यह कार्य क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के साथ-साथ स्थानीय लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिए किया गया। सभी ने मिलकर पर्यावरण को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। फाउंडेशन द्वारा लोगों को प्लास्टिक के कम उपयोग, जल संरक्षण और अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा ने कहा कि फाउंडेशन को हिमाचल प्रदेश में कार्य करते हुए लगभग एक वर्ष हो गया है। फाउंडेशन शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और नशे के खिलाफ लड़ाई में निरंतर अपनी सहभागिता में शामिल है। प्रयास यह है कि समाज के साथ मिलकर एक स्वच्छ और हरित हिमाचल का निर्माण करें। उन्होंने स्थानीय प्रशासन एवं वन विभाग का भी आभार व्यक्त किया।

### अमृता सेवा समिति ने मनाया स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** अमृता सेवा समिति सरकाघाट ने अपना दूसरा स्थापना दिवस



बाबा शिवगिरी यादगार ट्रस्ट के मुखिया लक्ष्मी नारायण गिरी महाराज की गरिमामयी अध्यक्षता में शिव मंदिर परिसर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में समिति के सदस्यों के अलावा बिलासपुर से योगाचार्य नरेश नड्डा अपनी पूरी टीम के साथ तथा जिला हमीरपुर से अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रशिक्षक विद्यासागर शर्मा अपने सहयोगियों सहित विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्था से बहन उर्मिला, वरिष्ठ नागरिक सभा सरकाघाट के अध्यक्ष प्रकाश चौहान, डॉ. कुलदीप गुलेरिया, दरवाड़ से ठाकुर दास पठानिया, वरिष्ठ अधिवक्ता जीवन लाल शर्मा, पंजाब नेशनल बैंक से सेवानिवृत्त क्षेत्रीय प्रबंधक एवं वर्तमान में अधिवक्ता रमेश ठाकुर, पूर्व सैनिक लीग टिहरा के अध्यक्ष कैप्टन रमेश तपवाल, कैप्टन बलदेव चौहान सहित अनेक गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया। अपने संबोधनों में सभी वक्ताओं ने अमृता सेवा समिति के समाज सेवा, जनकल्याण और मानवता की सेवा से जुड़े उद्देश्यों की सराहना करते हुए समिति को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### बरोट-मियोट बस अनियमित होने से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, बरोट।** बरोट-मियोट मार्ग पर संचालित निजी बस की अनियमित आवाजाही से मियोट, खलैहल, छोटी झरवाड़ और झरवाड़ गांवों के लगभग 1500 लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले इस मार्ग पर हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस सेवा उपलब्ध थी, लेकिन उसके बंद होने के बाद निजी बस चलाई गई, जो नियमित रूप से संचालित नहीं हो रही है। कई बार बस लगातार चार से पांच दिनों तक इस मार्ग पर नहीं आती, जिससे यात्रियों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों और मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय पंचायत प्रधान सुभाष चंद और उपप्रधान भागमल ने प्रदेश सरकार, हिमाचल पथ परिवहन निगम मंडी तथा द्रंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर से बरोट-मियोट मार्ग पर नियमित और सुचारु बस सेवा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# 'विबी-जी रामजी' योजना का लाभ उठाए सुक्खू सरकार: जयराम ठाकुर

## कहा- योजना में प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए बनाए गए प्रावधान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी से जारी बयान में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह, उनके मंत्रिमंडल के मंत्री और मित्र मंडल द्वारा विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण (विबी-जी रामजी) को लेकर फैलाए जा रहे झूठ का पर्दाफाश हो चुका है। दिहाड़ी में कमी, प्रशासनिक चार्ज में कमी से लेकर हिमाचल को मिलने वाले अनुदान में कमी के सारे दावे बेनकाब हो चुके हैं। इसलिए अब मुख्यमंत्री से आग्रह है कि विबी-जी रामजी को बदनाम करने की बजाय उसके प्रावधानों का लाभ उठाने की दिशा में गंभीरता से कार्य करें। यदि राजनीतिक प्रतिशोध की भावना छोड़कर मुख्यमंत्री विबी-जी रामजी की योजनाओं को बेहतरीन ढंग से क्रियान्वित करवाएंगे तो प्रदर्शन के आधार पर मिलने वाली 20% ग्रांट का लाभ भी हिमाचल प्रदेश को मिलेगा। केंद्र सरकार ने परफॉर्मेंस ग्रांट भी 10% से बढ़ाकर 20% कर दी है। केंद्र सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की कमी नहीं की जा रही है, लेकिन योजनाओं के क्रियान्वयन से ही हिमाचल प्रदेश को लाभ होगा, उसके खिलाफ दुष्प्रचार करने से नहीं।



जयराम ने कहा कि विबी-जी रामजी कानून बनने के दिन से ही कांग्रेस पूरे देश में इसके खिलाफ विभिन्न प्रकार के दुष्प्रचार का अभियान चला रही है। बिना कानून पढ़े, बिना उसके प्रावधानों को समझे, बिना उसके नियमों को जाने, जिस भी नेता के मन में जो आ रहा है, बोले जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री और मंत्री भी बिना जाने-समझे झूठ पर झूठ बोले जा रहे हैं। सरकार ने दिहाड़ी में कमी का आरोप लगाया, हिमाचल को मिलने वाली ग्रांट में कमी का आरोप लगाया, लेकिन सारे आरोप निराधार निकले। हिमाचल प्रदेश को पहले 9 महीने के लिए 1203 करोड़ रुपये का अनुदान स्वीकृत किया गया, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 300 करोड़ रुपये अधिक है। इसी तरह दिहाड़ी भी मनरेगा से अधिक रही।

यह योजना प्राकृतिक आपदाओं और बदलते मौसम की चुनौतियों से निपटने के लिए विशेष कार्य करने का प्रावधान करती है। इसके तहत आश्रय स्थल, तटबंध, बाढ़ नियंत्रण संरचनाएं, पुनर्वास कार्य और वनाग्नि प्रबंधन जैसी व्यवस्थाएं विकसित की जा सकती हैं, ताकि गांवों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति अधिक सुरक्षित, मजबूत और आत्मनिर्भर बनाया जा सके। इसलिए राजनीतिक बयानबाजी के बजाय सरकार योजना के बेहतर क्रियान्वयन पर जोर दे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि विबी-जी रामजी में सरकार की जवाबदेही, रोजगार की पारदर्शिता, रोजगार के अधिकार, काम के भुगतान और रोजगार के दिनों में बढ़ोतरी के प्रावधान हैं और भ्रष्टाचार के चोर दरवाजे खत्म हो रहे हैं। इसी बात से सुक्खू सरकार परेशान है। यह योजना 100 दिनों के बजाय 125 दिनों के रोजगार की गारंटी देती है।

# महिला मंडल मियोट ने श्रमदान कर रास्तों को बनाया सुगम

अनंत ज्ञान

**रूपी ठाकुर, बरोट।** चौहार घाटी की ग्राम पंचायत खलैहल के मियोट गांव में महिला मंडल मियोट ने रविवार को स्वच्छ भारत मिशन के तहत व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। महिला मंडल की प्रधान सुनीता देवी के नेतृत्व में 23 महिलाओं ने गांव के भीतर और आसपास के पैदल मार्गों पर उगी झाड़ियों और घास की सफाई की। महिलाओं ने रास्तों के दोनों ओर फैली झाड़ियों को काटकर सुरक्षित स्थान पर गड्ढों में दबाया तथा वर्षा के कारण रास्तों पर जमा कीचड़ को हटाकर आवागमन सुगम बनाया। इस अभियान में उपप्रधान मोनिका देवी, सचिव रीना देवी, सहसचिव पवना देवी, कोषाध्यक्ष ज्योति देवी, सलाहकार रीनू देवी, गीता देवी, रामकली देवी, कृष्णा देवी, आमी देवी, चमारी देवी, फूलमा देवी, प्रेमी देवी, पलक ठाकुर, भ्रेपति देवी, सीता देवी, मंजू देवी, शिला देवी, निशा देवी, रोशनी देवी, आरजू देवी, कौशल्या देवी तथा वार्ड सदस्य सीता देवी सहित



मियोट गांव में स्वच्छता अभियान के दौरान सफाई करतीं महिलाएं।

अन्य महिलाओं ने भाग लिया। महिला मंडल की प्रधान सुनीता देवी ने बताया कि मंडल पिछले कई वर्षों से प्रत्येक माह गांव के रास्तों, गलियों और बावड़ियों की नियमित सफाई के साथ-साथ युवाओं को चिट्टे जैसे घातक नशे से दूर रहने के लिए भी जागरूक कर रहा है। पंचायत प्रधान सुभाष ठाकुर और उपप्रधान भागमल ठाकुर ने महिला मंडल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहित कार्य जारी रखने की उम्मीद जताई।

# महादेव में गंदगी और कचरे से भरी नालियां

## कूड़ा-कचरा प्रबंधन की उचित व्यवस्था नहीं होने से क्षेत्रवासी परेशान

अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** विकास खंड धनोटू के अंतर्गत आती ग्राम पंचायत महादेव के लोगों द्वारा क्षेत्र में व्याप्त गंभीर गंदगी समस्या, पर्यावरण एवं सड़क संबंधी समस्याओं को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया है। बार बार आ रही इन शिकायतों में बताया गया है कि लंबे समय से क्षेत्र में कूड़ा-कचरा प्रबंधन की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत के अनुसार, आवासीय क्षेत्र के आसपास नियमित रूप से कूड़ा फेंका जा रहा है तथा सफाई व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं है। बरसात के दौरान नालियां कचरे से भर जाने के कारण उनका गंदा पानी सड़कों पर फैल जाता है। प्लास्टिक कचरा, घरेलू अपशिष्ट और इस्तेमाल किए गए डायपर नालियों में फेंके जाने से जल निकासी पूरी तरह बाधित हो रही है, जिससे दुर्गंध, मच्छरों का प्रकोप और संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है।

कचरा भरी नालियों, गड्ढों में पड़ी सड़कों आदि से जुड़े लोगों ने सुधारात्मक कदम न उठाए जाने पर कहा है कि पंचायत सड़क लंबे समय से जर्जर



अवस्था में हैं-एक बड़े भाग में गिरे डंगे लगने का इंतजार कर रहे हैं। सड़क पर बने गड्ढों के साथ-साथ जेसीबी जैसे भारी वाहनों की आवाजाही घुकनू आदि को जाते संपर्क मार्ग की स्थिति और खराब हो गई है, लेकिन अब तक प्रभावी मरम्मत नहीं कराई गई है। शिव मंदिर से चौक तक जाने वाली सड़क भी खराब हालत में है।

सड़क संकरी होने के बावजूद किनारों पर वाहनों की पार्किंग होने से यातायात बाधित रहता है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इसी मार्ग पर स्थित प्राथमिक विद्यालय के आसपास भी गंदगी फैली रहने की शिकायत की गई है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है।

लोगों ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा है कि क्षेत्र का तत्काल निरीक्षण कर नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जाम नालियों की सफाई कराई जाए, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत की जाए, अवैध पार्किंग हटाई जाए तथा यदि किसी औद्योगिक इकाई द्वारा प्रदूषण फैलाया जा रहा है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। जनहित से जुड़े इस मामले में प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप और आवश्यक कार्रवाई की अपेक्षा की गई है।

# हिमाचल को हेली टैक्सी नहीं, एयर एंबुलेंस की जरूरत: चंद्रमोहन शर्मा

## बोले-पर्यटन से पहले स्वास्थ्य सेवाओं को मिले प्राथमिकता

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में शुरू की गई हेली टैक्सी सेवा के बीच प्रदेश के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं भाजपा नेता चंद्रमोहन शर्मा ने मुख्यमंत्री से प्रदेश में एयर एंबुलेंस सेवा शुरू करने की मांग उठाई है।



उनका कहना है कि हिमाचल जैसे दुर्गम एवं पहाड़ी राज्य में हेली टैक्सी की अपेक्षा एयर एंबुलेंस की आवश्यकता अधिक है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं, प्राकृतिक आपदाओं और गंभीर बीमारियों के दौरान मरीजों को समय पर बेहतर उपचार मिल सके। सोशल मीडिया पर जारी उनके वीडियो को देश-विदेश में सराहना मिल रही है। शर्मा ने कहा कि प्रदेश में आए दिन राष्ट्रीय राजमार्गों और अन्य सड़कों पर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। बरसात के दौरान कई क्षेत्रों में सड़कें और पुल क्षतिग्रस्त हो जाते हैं, जिससे गंभीर मरीजों और घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में एयर एंबुलेंस सेवा अनेक लोगों के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि विकसित देशों में एयर एंबुलेंस स्वास्थ्य सेवाओं का अहम हिस्सा है, क्योंकि वहां प्रत्येक जीवन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए यदि प्रदेश सरकार इस दिशा में पहल करती है तो यह पूरे देश के लिए एक अनुकरणीय मॉडल बन सकता है। चंद्रमोहन शर्मा ने पिछले वर्ष सराज, धर्मपुर, सरकाघाट तथा प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में आई बाढ़ का उल्लेख करते हुए कहा कि कई स्थानों पर सड़क संपर्क पूरी तरह टूट जाने से मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाना संभव नहीं हो पाया। उस समय एयर एंबुलेंस सेवा उपलब्ध होती तो अनेक लोगों की जान बचाई जा सकती थी।

### कोरोना काल में चार्टर विमान भेजकर लौटाए थे प्रवासी

**कोरोना** महामारी के दौरान जब हिमाचल प्रदेश के सैकड़ों लोग विदेशों में फंसे हुए थे, तब चंद्रमोहन शर्मा ने अपने निजी प्रयासों से चार चार्टर विमान उपलब्ध करवाकर उन्हें दिल्ली तक लाने का खर्च स्वयं उठाया। इसके अलावा सऊदी अरब सहित अन्य देशों में महामारी के दौरान जिन भारतीयों का निधन हुआ, उनके अंतिम संस्कार की व्यवस्था करवाने और उनकी अस्थियां भारत पहुंचाने में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बरसात में घोरी के लोगों को उठानी पड़ती है भारी परेशानी

अनंत ज्ञान

**भौर।** विकास खंड धनोटू की डुगराई पंचायत को चौक पंचायत से वाया घोरी जोड़ने वाली एकमात्र सड़क पर गंग्याहल खड्ड में पुल निर्माण की मांग वर्षों से उठ रही है, लेकिन आज तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के दौरान गंग्याहल खड्ड में पानी बढ़ने से डुगराई और चौक पंचायत के बीच सड़क संपर्क पूरी तरह टूट जाता है, जिससे लोगों को धनोटू या छलखी होकर लंबा सफर तय करना पड़ता है। डुगराई पंचायत के पूर्व प्रधान हेम राज ने बताया कि बरसात में घोरी गांव का अपनी पंचायत से संपर्क कट जाता है और टमाटर सहित अन्य नकदी फसलों की खेती करने वाले किसानों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। तेज बहाव के कारण खड्ड पार करना जान जोखिम में डालने जैसा बन जाता है। स्थानीय निवासी भगत राम और भिखम चंद ने उपायुक्त मंडी से मांग की है कि गंग्याहल खड्ड पर पुल तथा सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों और किसानों को वर्षभर सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

**◆ गंग्याहल खड्ड पर पुल नहीं बनने से बरसात में टूट जाता है संपर्क**

# डे केयर स्कूल डोडवां के बच्चों ने लूटी वाहवाही

## स्कूल ने मनाया 18वां वार्षिकोत्स, दानी सज्जन डॉ. रमेश सेन किए सम्मानित

अनंत ज्ञान

**महादेव।** गांव डोडवां में डे केयर स्कूल (मानसिक मंद बच्चों का स्कूल) का 18वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया जहां संस्थान की तरफ से सबसे बड़े दानी सज्जन डॉ. रमेश सेन को सम्मानित किया गया। इस मौके पर भारतीय सेना के सेवानिवृत्त अधिकारी रुपेंद्र चंदेल बतौर मुख्य अतिथि पधारे। स्कूल की प्रधानाचार्या पवना मैम द्वारा किए सुंदर मंच संचालन के चलते पैरा हाकी वर्ल्ड कप जो नीदरलैंड में होना है के लिए चयनित होनहार छात्रा ममता ने मीठे संगीत पर गजब का नृत्य पेश कर सबका ध्यान खींचा। इसके साथ ही रोहित द्वारा रॉक डांस की की गई प्रस्तुति सहित पूर्व छात्र अक्षय की नृत्य पेशकश को भी खूब सराहना मिली।

यही नहीं रंगारंग कार्यक्रम के धमाल के चलते हिमाचल पहाड़ी नाटी का आकर्षण देखते ही बना और नृत्य कला के माध्यम से खासकर छात्र छात्राओं



जिनमें आदित्य नायक, लक्ष्य, रजत, अनिल, संसार चंद, नीतिन, अनब, अनय, रियांस, दामिनी, नीतिका, रिया, इशान चौधरी, इशान, देवांश, दिव्यांश, शिवांस आदि रहे ने पर्यावरण संरक्षण, बुजुर्गों का सम्मान करना एवं मां बाप की सेवा संबंध की ओर ध्यान देना इत्यादि को लेकर अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षाप्रद संदेश दिया। इस मौके पर मुख्यातिथि ने 21000 रुपए दिए तथा खासकर उक्त स्कूल संबंधी संस्था के प्रधान शीतल शर्मा, उप प्रधान मनोज गुप्ता सचिव सुनील कुमार की उपस्थिति में संस्थापक सदस्य महेश शर्मा के साथ साथ डॉ. रमेश सेन तथा दिव्य मानव ज्योति अनाथालय डैहर के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण आर्य ने अपने विचार व्यक्त किए।

# रखोह के पूर्व सैनिक हवलदार ज्ञान चंद पंचतत्व में विलीन

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत रखोह के निवासी हवलदार ज्ञान चंद का शनिवार देर रात को निधन हो गया। 67 वर्षीय ज्ञान चंद ने 26 वर्ष तक 2 डोगरा में, देश सेवा की वह फौज में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे हैं उन्होंने



सेना में कई बड़ी खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर देश का मान सम्मान बढ़ाया था। एक्स सर्विसमैन लीग, सरकाघाट ने रविवार को उनके अंतिम संस्कार में रीत चढ़ा कर, उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इनकी अंतिम यात्रा में लीग के पदाधिकारियों में चेयरमैन कैप्टन प्यार चन्द, सचिव कैप्टन बलदेव सिंह, कोषाध्युद्ध रघवीर सिंह, हाकम चंद, सूबेदार मेजर विजय सिंह, कैप्टन चमन लाल, सूबेदार विद्या सागर तथा कई स्थानीय लोगों ने भाग लिया। हिमाचल एक्स सर्विसमैन लीग के राज्य अध्यक्ष कर्नल वाई एस राणा व सरकाघाट लीग के मीडिया प्रभारी व सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चन्द भारद्वाज इत्यादि ने उनकी दुखद निधन पर, शोक व्यक्त किया है तथा परिवाद के प्रति अपनी सहानुभूति प्रकट की है।

# नवगठित पंचायत जन्धरू कलां की आम सभा में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** नवगठित ग्राम पंचायत जन्धरू कलाँ की प्रथम आम सभा का आयोजन रविवार को उपप्रधान बनवीर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में पंचायत के विकास, स्वच्छता, सामाजिक सुरक्षा, पेयजल संरक्षण तथा नशा उन्मूलन से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। आम सभा में निर्णय लिया गया कि पंचायत क्षेत्र में विवाह एवं पुत्र जन्म के अवसर पर किन्नर समुदाय को दी जाने वाली पारंपरिक राशि बीपीएल तथा अन्य सभी परिवारों के लिए 1,100 रुपये निर्धारित रहेगी।

क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से यह भी निर्णय लिया गया कि पंचायत क्षेत्र में बाहरी फेरी वालों के लिए पंचायत में पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा। बिना पंजीकरण किसी भी बाहरी फेरी वाले को पंचायत क्षेत्र में व्यापार करने की अनुमति नहीं होगी।

स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए सूखे कचरे के वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही ग्रामीणों से सार्वजनिक स्थलों एवं खुले क्षेत्रों में कचरा न फेंकने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने में सक्रिय सहयोग देने की अपील की गई।

नशा उन्मूलन अभियान को प्रभावी बनाने के लिए एक विशेष समिति गठित करने का भी निर्णय लिया गया। यह समिति युवाओं एवं बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने, जन-जागरूकता अभियान चलाने तथा पंचायत क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखने का कार्य करेगी। पेयजल स्रोतों के संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए आम सभा ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि द्रुमन बावड़ी के समीप किसी भी प्रकार के वाहन धोने पर रोक रहेगी, ताकि जल स्रोत की स्वच्छता एवं गुणवत्ता बनी रहे।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र लाभार्थियों के चयन तथा योजना के पारदर्शी एवं प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त पंचायत के समग्र विकास, जनसुविधाओं के विस्तार तथा जनभागीदारी को बढ़ावा देने संबंधी विभिन्न विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। आम सभा में पंचायत प्रतिनिधियों, वार्ड सदस्यों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और पंचायत के विकास से जुड़े विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए।

## स्पोर्ट्स

### भांवला में आयोजित दूसरी जिला स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन

# नबाही व मटियारा बने बॉल बैडमिंटन चैंपियन

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** भांवला में आयोजित दूसरी जिला स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भांवला के उपप्रधानाचार्य कश्मीरी लाल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। प्रतियोगिता के सब जूनियर लड़कों के वर्ग के फाइनल मुकाबले में नबाही की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कोट हटली की टीम को पराजित कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।

वहीं सब जूनियर लड़कियों के वर्ग में मटियारा की टीम ने टिककरी सध्यानी की टीम को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में लड़कों की आठ तथा लड़कियों की पांच टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि ने




विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित करते मुख्यातिथि कश्मीरी लाल एवं अन्य अतिथि। अनंत ज्ञान

खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन और नियमित अभ्यास के साथ आगे बढ़ने का संदेश देते हुए विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफियां और पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की प्रतियोगिताएं प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम बन रही हैं। इस अवसर पर मंडी जिला बॉल बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष बीएल गोयल, राकेश भारद्वाज, सुरेश कुमार, दिनेश कुमार, राजेंद्र कुमार, महेंद्र सिंह, मदन सिंह, टीना शर्मा, रितिका रणावत, आकांक्षा भारद्वाज, अमिता शर्मा, वैभव ठाकुर, वीरेंद्र शर्मा सहित अनेक खेल प्रेमी एवं अभिभावक उपस्थित रहे। मंडी जिला बॉल बैडमिंटन संघ के महासचिव कृष्ण चंद ठाकुर ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन की जानकारी देते हुए सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, सहयोगियों तथा आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया।

**◆ लड़कों की 8 और लड़कियों की 5 टीमों ने लिया भाग**

**◆ मुख्यातिथि ने किया विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित**

प्रत्येक कार्य अपने समय से होता है उसमें उतावली ठीक नहीं, जैसे पेड़ में कितना ही पानी डाला जाए पर फल वह अपने समय से ही देता है।
-वृंद

## संपादकीय

# ईरान का परमाणु कार्यक्रम

मध्य-पूर्व एक बार फिर ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां से उठने वाली चिंगारी पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले सकती है। अमेरिका और ईरान के बीच वर्षों से चला आ रहा टकराव अब आर्थिक प्रतिबंधों, कूटनीतिक बयानबाजी या सैन्य दबाव तक सीमित नहीं रह गया है। हालात इस दिशा में बढ़ते दिखाई दे रहे हैं कि ईरान खुलकर परमाणु हथियार बनाने की राह पर आगे बढ़ सकता है। यदि ऐसा हुआ तो यह केवल पश्चिम एशिया के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक शांति और सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती होगी। सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या ईरान भी उत्तर कोरिया की राह पकड़ने जा रहा है?

परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने के लिए दुनिया ने 1968 में परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) बनाई थी। इसका उद्देश्य था कि जिन देशों के पास पहले से परमाणु हथियार हैं, वे निरस्त्रीकरण की दिशा में आगे बढ़ें और जिन देशों के पास यह क्षमता नहीं है, वे परमाणु हथियार विकसित न करें। साथ ही परमाणु ऊर्जा का उपयोग केवल शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए हो। अधिकांश देशों ने इस संधि को स्वीकार किया और यह वैश्विक सुरक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार बनी, लेकिन इतिहास गवाह है कि केवल संधियां ही किसी देश की महत्वाकांक्षाओं पर हमेशा अंकुश नहीं लगा पातीं।

उत्तर कोरिया इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। उसने 1985 में एनपीटी पर हस्ताक्षर किए, लेकिन बाद में अंतरराष्ट्रीय निरीक्षणों और प्रतिबंधों को चुनौती देते हुए 2003 में संधि से अलग होने की घोषणा कर दी। इसके बाद उसने लगातार परमाणु परीक्षण किए और आज वह स्वयं को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र घोषित कर चुका है। अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों और आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद उत्तर कोरिया अपने परमाणु कार्यक्रम से पीछे नहीं हटा। यही कारण है कि रक्षा विशेषज्ञ अब आशंका जता रहे हैं कि ईरान भी उसी रास्ते पर बढ़ सकता है।

ईरान लंबे समय से यह दावा करता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम केवल बिजली उत्पादन, चिकित्सा और वैज्ञानिक अनुसंधान जैसे शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। दूसरी ओर अमेरिका, इसराइल और कई पश्चिमी देशों का आरोप है कि ईरान परमाणु हथियार विकसित करने की क्षमता हासिल करना चाहता है। इसी संदेह के चलते उस पर वर्षों से आर्थिक प्रतिबंध लगाए गए हैं। 2015 में हुआ परमाणु समझौता इस विवाद का समाधान माना गया था, लेकिन बाद में अमेरिका के इससे बाहर निकलने और प्रतिबंध दोबारा लगाने के बाद स्थिति फिर तनावपूर्ण हो गई।

आज स्थिति पहले से अधिक जटिल है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के अनुसार, ईरान के पास बड़ी मात्रा में उच्च स्तर तक संवर्धित यूरेनियम मौजूद है। यह संवर्धन हथियार-ग्रेड स्तर से नीचे जरूर है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि यदि कोई देश चाहे तो अपेक्षाकृत कम समय में इसे हथियार बनाने योग्य स्तर तक पहुंचा सकता है। यही कारण है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर वैश्विक चिंता लगातार बढ़ रही है।

यदि ईरान वास्तव में परमाणु हथियार बनाने का निर्णय लेता है या एनपीटी से बाहर निकलता है, तो इसका प्रभाव केवल उसी तक सीमित नहीं रहेगा। मध्य-पूर्व पहले ही संघर्षों का केंद्र बना हुआ है। इसराइल, सऊदी अरब, तुर्किये और अन्य क्षेत्रीय शक्तियां अपनी सुरक्षा रणनीति पर पुनर्विचार करने को मजबूर होंगी। इससे पूरे क्षेत्र में परमाणु हथियारों की होड़ शुरू हो सकती है। यदि एक देश परमाणु हथियार हासिल करता है तो उसके प्रतिद्वंद्वी भी वैसी ही क्षमता विकसित करने का प्रयास करेंगे। यह स्थिति पूरी दुनिया के लिए अत्यंत खतरनाक होगी।

इतिहास बताता है कि परमाणु हथियार केवल युद्ध जीतने का साधन नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं। हिरोशिमा और नागासाकी की त्रासदी आज भी दुनिया को यह याद दिलाती है कि परमाणु युद्ध का कोई विजेता नहीं होता। आधुनिक परमाणु हथियार उस समय इस्तेमाल हुए बमों से कई गुना अधिक विनाशकारी हैं। यदि भविष्य में किसी क्षेत्रीय संघर्ष में भी परमाणु हथियारों का प्रयोग हुआ, तो उसके दुष्परिणाम सीमाओं से कहीं आगे तक महसूस किए जाएंगे।

## आज की प्रमुख हस्ती

### मिजोरम के पूर्व मुख्यमंत्री

**जोरामथंगा** (जन्म 13 जुलाई 1944) मिजोरम के प्रमुख राजनेताओं में से एक हैं। वह मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के नेता रहे हैं और उन्हें मिजोरम का मुख्यमंत्री दो बार बनने का अवसर मिला। अपने लंबे राजनीतिक जीवन में उन्होंने राज्य के सामाजिक और राजनीतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



जोरामथंगा
जन्म : 13 जुलाई, 1944

जोरामथंगा का राजनीतिक जीवन संघर्षों से भरा रहा है। वर्ष 1966 में वे मिजो नेशनल फ्रंट के मिजो फ्रीडम मूवमेंट से जुड़े और भूमिगत आंदोलन में शामिल हो गए। इस दौरान उन्होंने जंगलों में रहकर संगठन की गतिविधियों में भाग लिया। बाद में वे एमएनएफ प्रमुख लालडेंगा के सचिव बने और आंदोलन से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाया। संघर्ष के दौरान भारतीय सेना ने उन्हें गिरफ्तार भी किया था।

लगभग 25 वर्षों के संघर्ष के बाद 30 जून 1986 को मिजो नेशनल फ्रंट और भारत सरकार के बीच ऐतिहासिक मिजो शांति समझौता हुआ। इसके बाद मिजोरम को वर्ष 1987 में पूर्ण राज्य का दर्जा मिला और जोरामथंगा सक्रिय राजनीति में आए। उन्होंने अपने पहले ही चुनाव में चंफई विधानसभा क्षेत्र से जीत हासिल कर विधायक बने।

वर्ष 1998 के विधानसभा चुनाव से पहले जोरामथंगा ने मिजोरम पीपुल्स कांफ्रेंस के साथ गठबंधन किया। इस गठबंधन ने 40 सदस्यीय विधानसभा में 33 सीटों पर जीत दर्ज की और इसके बाद 3 दिसंबर 1998 को जोरामथंगा पहली बार मिजोरम के मुख्यमंत्री बने। वे 11 दिसंबर 2008 तक इस पद पर रहे। इसके बाद 15 दिसंबर 2018 को वे दूसरी बार मिजोरम के मुख्यमंत्री बने और 7 दिसंबर 2023 तक पद पर रहे।



कविता

## ये सफर जिंदगी का !

अशोक दर्द, वरिष्ठ लेखक, कवि
बनीखेत (डलहौजी),जिला चंबा (हि.प्र.)

**अपना** सामां बांध बटोही सांझ हुई चल घर चलते हैं।
कल आया तो कल देखेंगे सांझ हुई चल घर चलते हैं।।
छोड़ दे अब तू गणित लगाना, झूठ मूठ का मन बहलाना।
जो दिखता है सब नश्वर है, नश्वर है सब खोना-पाना।।
ये राग द्वेष खुद मिट जाएंगे, भीतर जो भी पलते हैं।
कल आया तो कल देखेंगे सांझ हुई चल घर चलते हैं।।
कलियां पुष्प जो टहक रहे थे, खुशबू से जो महक रहे थे।
भंवरों के संग चहक रहे थे, जो मस्ती में बहक रहे थे।।
ये भी सांझ के होते-होते, अपना रंग बदलते हैं।
कल आया तो कल देखेंगे सांझ हुई चल घर चलते हैं।।
इस नगरी में दिल क्या लगाना, चलता रहेगा आना जाना।
जगत सराय रेन बसेरा, सुबह मुसाफिर होगा जाना।।
बिछड़ गए तो पुनः मुसाफिर, इस नगरी कब मिलते हैं।
कल आया तो कल देखेंगे सांझ हुई चल घर चलते हैं।।
आर्त बनकर जग के आगे, कभी नहीं तुम हाथ पसारो।
खुद को दीन बनाकर बंधु, कुछ पाने को जगत निहारो।।
स्वर वेदना के सुनकर भी, पत्थर नहीं पिघलते हैं।
कल आया तो कल देखेंगे, सांझ हुई चल घर चलते हैं।।
सुबह से लेकर शाम तलक, यह जीवन सुख दुख ढोता है।
मौसम मौसम के संग चलता, कभी हंसता कभी रोता है।।
रुत-रुत की है बात प्यारे, धूप के देखे पर जलते हैं।
कल आया तो कल देखेंगे,सांझ हुई चल घर चलते हैं।।

# उल्लास कार्यक्रम : समावेशी शिक्षा की दिशा में पहल



विशाल कल्याण
सहायक प्रोफेसर, महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी, सोलन

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

भारत में शिक्षा को सामाजिक, आर्थिक और राष्ट्रीय विकास का सबसे महत्वपूर्ण आधार माना जाता है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसके नागरिकों की शिक्षा, जागरूकता और कौशल पर निर्भर करती है।

पिछले कुछ दशकों में भारत ने साक्षरता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, फिर भी आज भी लाखों ऐसे वयस्क हैं जो आर्थिक, सामाजिक, पारिवारिक अथवा अन्य कारणों से विद्यालयी शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके।

ऐसे लोगों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने तथा उन्हें आत्मनिर्भर और जागरूक नागरिक बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार ने उल्लास (सभी के लिए समाज में आजीवन सीखने की समझ) कार्यक्रम प्रारंभ किया है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना के अनुरूप तैयार किया गया है और वयस्क शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल है।

उल्लास कार्यक्रम एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसका उद्देश्य 15 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के उन वयस्कों को शिक्षा प्रदान करना है जो किसी कारणवश औपचारिक शिक्षा से वंचित रह गए। इस कार्यक्रम का संचालन वर्ष 2022 से 2027 तक किया जा रहा है। इसका लक्ष्य प्रत्येक व्यक्ति तक शिक्षा पहुंचाकर उसे पढ़ने, लिखने और गणना करने जैसी मूलभूत क्षमताओं से सशक्त बनाना है। इसके साथ-साथ यह कार्यक्रम लोगों में आत्मविश्वास, सामाजिक भागीदारी और आत्मनिर्भरता की भावना का भी विकास करता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में आजीवन शिक्षा की अवधारणा को विशेष महत्व दिया गया है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए उल्लास कार्यक्रम तैयार किया गया है। यह कार्यक्रम इस विचार पर आधारित है कि शिक्षा केवल बच्चों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि प्रत्येक नागरिक को जीवनभर सीखने का अवसर मिलना चाहिए। इसलिए यह योजना केवल साक्षरता तक सीमित न रहकर व्यक्तित्व विकास, सामाजिक जागरूकता और कौशल विकास को भी समान महत्व देती है।

उल्लास कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य कार्यात्मक साक्षरता प्रदान करना है। इसके अंतर्गत वयस्कों को पढ़ना, लिखना तथा गणना करना सिखाया जाता है, ताकि वे अपने दैनिक जीवन के कार्यों को सरलता और आत्मविश्वास के साथ कर सकें। उदाहरण के लिए बैंक से संबंधित कार्य करना, सरकारी योजनाओं का लाभ उठाना, दवाइयों के निर्देश पढ़ना, मोबाइल का उपयोग करना, बच्चों की शिक्षा में सहयोग करना तथा दैनिक जीवन के विभिन्न कार्यों को स्वयं करना उनके लिए आसान हो जाता है। इस प्रकार यह उल्लास कार्यक्रम केवल अक्षर ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन को अधिक सक्षम और सम्मानजनक बनाने का प्रयास करता है।




यह कार्यक्रम जीवनोपयोगी कौशलों के विकास पर भी विशेष बल देता है। वर्तमान समय में केवल पढ़ना और लिखना पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के लिए वित्तीय जागरूकता, डिजिटल तकनीक का ज्ञान, कानूनी अधिकारों की जानकारी, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता, बाल देखभाल तथा परिवार कल्याण जैसी जानकारियां भी अत्यंत आवश्यक हैं। उल्लास कार्यक्रम इन सभी विषयों को शिक्षा का हिस्सा बनाकर शिक्षार्थियों को आधुनिक जीवन की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करता है।

उल्लास योजना शिक्षा को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने और आजीवन सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देने का प्रयास करती है। इस कार्यक्रम की विशेषता स्वयंसेवकों की भागीदारी है। शिक्षक, विद्यार्थी, शिक्षित नागरिक और सामाजिक संगठन मिलकर निरक्षर वयस्कों को शिक्षित करने का कार्य करते हैं। इससे समाज में सहयोग, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना मजबूत होती है। उल्लास कार्यक्रम में डिजिटल तकनीक का भी प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। शिक्षार्थियों को क्षेत्रीय भाषाओं में अध्ययन सामग्री दीक्षा पोर्टल और उल्लास मोबाइल एप के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। ऑनलाइन शिक्षण और मूल्यांकन प्रणाली से शिक्षार्थी अपनी सुविधा के अनुसार अध्ययन कर सकते हैं।

इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2022 से 2027 तक पांच करोड़ वयस्क शिक्षार्थियों को साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके पांच प्रमुख घटकों में मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान, जीवन कौशल, बुनियादी शिक्षा, व्यावसायिक कौशल और सतत शिक्षा शामिल हैं।

वयस्क शिक्षा केवल व्यक्ति के जीवन को नहीं बदलती, बल्कि पूरे परिवार और समाज के विकास में योगदान देती है। साक्षर व्यक्ति अपने अधिकारों, स्वास्थ्य, आर्थिक प्रबंधन और बच्चों की शिक्षा के प्रति अधिक जागरूक होता है। उत्तराखंड का देश का छठा पूर्ण साक्षर राज्य बनना इस अभियान की सफलता का उदाहरण है। कुल मिलाकर, उल्लास कार्यक्रम 'सबके लिए शिक्षा और जीवनभर शिक्षा' के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में एक प्रभावी प्रयास है। सरकार, समाज और स्वयंसेवकों के सहयोग से यह भारत को पूर्ण साक्षर राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# बच्चों की पढ़ाई, रचनात्मक सोच और धैर्य पर असर डाल रहा स्मार्टफोन



डॉ. राजकुमारी
साइकोलॉजिस्ट

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

स्मार्टफोन आधुनिक तकनीक की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसने मानव जीवन को सरल, तेज और सुविधाजनक बना दिया है। आज स्मार्टफोन केवल बातचीत का माध्यम नहीं रह गया है, बल्कि शिक्षा, व्यापार, मनोरंजन, बैंकिंग, स्वास्थ्य सेवाओं और ज्ञान प्राप्त करने का प्रमुख साधन बन चुका है। दुनिया के किसी भी स्थान की जानकारी कुछ ही क्षणों में प्राप्त करना स्मार्टफोन के कारण संभव हो पाया है, लेकिन जिस तकनीक ने जीवन को आसान बनाया है, उसका अत्यधिक उपयोग अब मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक जीवन के लिए चुनौती बनता जा रहा है।

स्मार्टफोन का उद्देश्य मानव जीवन को बेहतर बनाना है, न कि युवाओं और बच्चों की सोच और व्यवहार को नियंत्रित करना। वर्तमान समय में युवा और बच्चे मोबाइल स्क्रीन, सोशल मीडिया और रील्स की दुनिया में अधिक समय व्यतीत कर रहे हैं। यदि समय रहते इस आदत पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो ऐसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है जिसमें युवा तकनीकी रूप से तो सक्षम होंगे, लेकिन मानसिक रूप से तनावग्रस्त और कमजोर हो सकते हैं।

आज डिजिटल डिटॉक्स, मानसिक स्वास्थ्य और रील्स संस्कृति जैसे विषय समाज में गंभीर चिंता का विषय बन चुके हैं। सुबह उठते ही मोबाइल देखना और रात को सोने तक स्क्रीन में व्यस्त रहना सामान्य जीवनशैली बन गई है। तकनीक ने हमें पूरी दुनिया से जोड़ा है, लेकिन इसके साथ तनाव, अवसाद, अकेलापन और एकाग्रता की कमी जैसी समस्याएं भी बढ़ी हैं।

स्मार्टफोन शिक्षा के क्षेत्र में भी बहुत उपयोगी साबित हुआ है। विद्यार्थी ऑनलाइन कक्षाओं, डिजिटल पुस्तकों और विभिन्न शैक्षणिक सामग्री के माध्यम से आसानी से ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। स्मार्टफोन आज पूरी दुनिया की एक डिजिटल लाइब्रेरी बन चुका है, लेकिन सोशल मीडिया पर दूसरों की सफल और आकर्षक जिंदगी देखकर अपनी तुलना करना युवाओं में हीन भावना, चिंता और मानसिक दबाव को बढ़ा रहा है। स्मार्टफोन की अत्यधिक निर्भरता से कई नई समस्याएं सामने आई हैं। फोन खो जाने या नेटवर्क न मिलने के डर को नोमोफोबिया कहा जाता है, जो मोबाइल पर मानसिक निर्भरता को दर्शाता है। इसके अलावा परिवार और मित्रों के साथ समय बिताने के बजाय लगातार फोन में लगे रहने से वास्तविक रिश्ते कमजोर हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर हजारों मित्र और फॉलोअर्स होने के बावजूद कई लोग वास्तविक जीवन में अकेलेपन का अनुभव कर रहे हैं। रील्स और शॉर्ट वीडियो संस्कृति ने भी ध्यान



केंद्रित करने की क्षमता को प्रभावित किया है। छोटे-छोटे वीडियो तुरंत मनोरंजन प्रदान करते हैं, जिससे दिमाग जल्दी संतुष्टि पाने का आदी हो जाता है। इसका असर बच्चों और युवाओं की पढ़ाई, रचनात्मक सोच और धैर्य पर पड़ रहा है। कई बच्चे लंबे समय तक किताब पढ़ने या गंभीर विषय पर ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं।

स्मार्टफोन का अधिक उपयोग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल सकता है। लंबे समय तक स्क्रीन देखने से आंखों पर दबाव, नींद में कमी और जीवनशैली संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। इसलिए डिजिटल संतुलन जरूरी है। तकनीक का त्याग नहीं, बल्कि उसका सीमित और सही उपयोग ही समाधान है। परिवार के साथ समय बिताना, खेल, योग, किताबें और रचनात्मक गतिविधियां अपनाना आवश्यक है। स्मार्टफोन ज्ञान और विकास का साधन बने, नियंत्रण का माध्यम नहीं।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

# 'युवा शक्ति' बदलाव और निर्माण की सबसे बड़ी ताकत



कनुप्रिया
स्वतंत्र लेखिका, नूरपुर
जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। उनमें कठिन परिस्थितियों से लड़ने की अद्भुत क्षमता, सहनशक्ति और कुछ नया कर दिखाने का जुनून होता है। यदि युवा किसी लक्ष्य को प्राप्त करने का संकल्प कर लें, तो बड़े से बड़े कठिन कार्यों को भी पूरा कर सकते हैं। उनकी ऊर्जा और इच्छाशक्ति समाज, प्रदेश और देश में सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता रखती है। हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य में हर वर्ष मौसम की कठिन परिस्थितियां, प्राकृतिक आपदाएं और भौगोलिक चुनौतियां सामने आती रहती हैं। इसके बावजूद यहां के युवाओं में ऐसी शक्ति और साहस दिखाई देता है, जो कठिन परिस्थितियों को अवसर में बदलने का कार्य करता है। केवल मजबूत मनोबल, मानसिक शक्ति और कार्य करने की इच्छा से बड़े बदलाव संभव हैं। आज समाज में युवाओं के दो अलग-अलग रूप दिखाई देते हैं। एक ओर ऐसे युवा हैं जो नशे और मोबाइल की दुनिया में अपना समय व्यतीत कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ऐसे युवा भी हैं जो पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सेवा और समाज सुधार के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के कासरी क्षेत्र के युवाओं का उदाहरण बताता है कि जब युवा अपनी जिम्मेदारी समझते हैं, तो वे किसी भी समस्या का समाधान खोज सकते हैं।

जब किसी क्षेत्र में प्राकृतिक आपदा या कठिन परिस्थिति आती है, तो अक्सर लोग प्रशासन की सहायता का इंतजार करते हैं। प्रशासनिक कार्यों में निश्चित प्रक्रिया होने के कारण कभी-कभी समय लग सकता है। ऐसे समय में यदि स्थानीय लोग और युवा स्वयं आगे बढ़कर सहयोग करें, तो बड़ी समस्याओं को कम किया जा सकता है। कासरी के युवाओं ने इसी भावना का परिचय देते हुए लकड़ी के सहारे अस्थायी पुल बनाकर लोगों की आवाजाही को आसान बनाया।



उनका यह प्रयास केवल एक समस्या का समाधान नहीं था, बल्कि एकता, जिम्मेदारी और आत्मनिर्भरता का उदाहरण भी था। आज देश में बड़ी संख्या में युवा शिक्षा, साहित्य, प्रशासन, विज्ञान, चिकित्सा, इंजीनियरिंग और सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। वे अपने सपनों को पूरा करने के साथ-साथ समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की क्षमता रखते हैं। आने वाले वर्षों में ऐसा युवा वर्ग सामने आएगा, जो केवल शिक्षित ही नहीं बल्कि संस्कारी, जिम्मेदार और सही निर्णय लेने में सक्षम होगा।

हालांकि युवाओं के एक वर्ग में नशे, अत्यधिक मोबाइल उपयोग और आभासी दुनिया की बढ़ती निर्भरता चिंता का विषय है। आवश्यकता है कि युवा अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाएं। उन्हें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों को भी समझना होगा। बुजुर्गों का सम्मान, छोटे लोगों के प्रति प्रेम और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना ही एक मजबूत राष्ट्र का आधार बन सकती है। युवाओं को यह समझना होगा कि बदलाव के लिए किसी चमत्कार या किसी बाहरी सहायता का इंतजार करने के बजाय स्वयं आगे बढ़ना होगा। जब युवा अपने आसपास की समस्याओं को अपनी समस्या समझकर समाधान के लिए कदम उठाते हैं, तो समाज में वास्तविक परिवर्तन आता है।

युवाओं में पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सुधार और राष्ट्र निर्माण की दिशा बदलने की क्षमता होती है। यदि युवा जागरूक, संगठित और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ें, तो वे समाज की अनेक समस्याओं का समाधान खोज सकते हैं। उनके छोटे-छोटे सकारात्मक प्रयास बड़े बदलाव का आधार बनते हैं। इसलिए युवाओं को अपनी ऊर्जा, प्रतिभा, साहस और रचनात्मक सोच का उपयोग देश, समाज और पर्यावरण के विकास में करना चाहिए। यही युवा शक्ति एक मजबूत और आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण की सबसे बड़ी नींव बन सकती है।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

# बेटियों की सुरक्षा के लिए कठोर कानून और प्रभावी व्यवस्था की आवश्यकता



ठाकुर हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

किसी भी लोकतांत्रिक देश में जनहित से जुड़े विषयों पर अपनी बात रखना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। समाज के जागरूक और बुद्धिजीवी वर्ग का दायित्व है कि वे समय-समय पर बिना किसी स्वार्थ और राजनीति से ऊपर उठकर देशहित के मुद्दों पर सरकार के सामने अपने सुझाव रखें। आज बेटियों की सुरक्षा का विषय ऐसा ही गंभीर मुद्दा है, जिस पर प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है।

देशभर में समय-समय पर महिलाओं और बेटियों के साथ होने वाली आपराधिक घटनाएं समाज को चिंतित करती हैं। दुष्कर्म, उत्पीड़न और हिंसा जैसी घटनाएं न केवल पीड़ित परिवारों को गहरा आघात पहुंचाती हैं, बल्कि पूरे समाज में असुरक्षा और भय का वातावरण पैदा करती हैं। आज भारतीय बेटियां शिक्षा, विज्ञान, खेल, राजनीति और रोजगार के हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं, इसलिए यह आवश्यक है कि उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

कई गंभीर अपराधों के मामलों में न्याय मिलने में लंबा समय लग जाता है। वर्षों तक चलने वाली कानूनी प्रक्रिया से पीड़ित परिवारों को मानसिक, सामाजिक और आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अपराधियों को समय पर सजा न मिलने से कई बार समाज में यह संदेश जाता है कि कानून का डर कम हो रहा है। इसलिए आवश्यक है कि न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी, तेज और संवेदनशील बनाया जाए, ताकि अपराध करने वालों को शीघ्र दंड मिल सके।

महिलाओं और बेटियों के विरुद्ध अपराधों को रोकने के लिए संसद में ऐसे कठोर और प्रभावी कानून बनाए जाने चाहिए, जो अपराधियों के मन में कानून का भय पैदा करें। इसके साथ ही पुलिस व्यवस्था को मजबूत करना, जांच प्रि, या को समयबद्ध बनाना, फास्ट ट्रैक न्यायालयों की संख्या बढ़ाना और पीड़ितों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराना भी जरूरी है। केवल कठोर कानून ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि उनका ईमानदारी से पालन और प्रभावी ि,यान्वयन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। समाज की भूमिका भी इस दिशा में बहुत महत्वपूर्ण है। परिवारों और शिक्षण संस्थानों में बच्चों को महिलाओं के प्रति सम्मान, समानता और अच्छे संस्कारों की शिक्षा दी जानी चाहिए। समाज में ऐसी सोच विकसित करनी होगी, जिसमें बेटियों को बोझ नहीं बल्कि देश की शक्ति और भविष्य के रूप में देखा जाए। महिलाओं का सम्मान केवल कानून से नहीं, बल्कि सामाजिक सोच में बदलाव से भी सुनिश्चित होगा।



केंद्र सरकार से अपेक्षा है कि वह बेटियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ऐसी नीतियां और व्यवस्थाएं तैयार करे, जिससे देश की हर बेटी स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सके। एक ऐसा वातावरण बनना चाहिए, जहां बेटियां बिना किसी भय के अपने सपनों को पूरा कर सकें और देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

बेटियों की सुरक्षा केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का सामूहिक दायित्व है। सरकार, प्रशासन, न्यायपालिका, सामाजिक संगठन और नागरिकों के संयुक्त प्रयासों से ही अपराध मुक्त और सुरक्षित समाज का निर्माण संभव है। जब देश की हर बेटी सम्मान और सुरक्षा के साथ आगे बढ़ेगी, तभी भारत वास्तव में मजबूत और विकसित राष्ट्र बन सकेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# मानसून में थमी 'समर स्पेशल' की रफ्तार

## पर्यटन सीजन खत्म होते ही रेलवे का बड़ा फैसला, यात्रियों की घटती संख्या बनी वजह

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** गर्मियों में हजारों पर्यटकों की पहली पसंद रही कालका-शिमला समर स्पेशल ट्रेन अब पटरी से उतर गई है। पर्यटन सीजन समाप्त होने और मानसून के दौरान यात्रियों की संख्या में आई गिरावट को देखते हुए रेलवे ने समर स्पेशल ट्रेन का संचालन बंद करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही यूनेस्को विश्व धरोहर कालका-शिमला रेलमार्ग पर अब प्रतिदिन केवल पांच नियमित ट्रेनें ही संचालित होंगी।



जानकारी के अनुसार हर वर्ष मई और जून में शिमला आने वाले पर्यटकों की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे समर स्पेशल ट्रेन चलाता है। इसका उद्देश्य नियमित ट्रेनों पर बढ़ते दबाव को कम करना और यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध कराना होता है। इस वर्ष भी हजारों सैलानियों ने इस विशेष ट्रेन के जरिए विश्व धरोहर रेलमार्ग का यादगार सफर किया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार बारिश के मौसम में शिमला आने वाले पर्यटकों की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम हो जाती है। ऐसे में समर स्पेशल ट्रेन का संचालन जारी रखना व्यावहारिक नहीं माना गया। हालांकि यात्रियों की सुविधा के लिए नियमित ट्रेनों का संचालन पूर्व निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार जारी रहेगा।

बता दें कि कालका-शिमला रेलमार्ग अपनी प्राकृतिक खूबसूरती, सुरंगों, ऐतिहासिक पुलों और घुमावदार पटरियों के कारण देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करता है। सड़क मार्ग पर लगने वाले जाम से बचने के लिए भी बड़ी संख्या में यात्री इस ट्रेन को प्राथमिकता देते हैं। अंग्रेजों के दौर में बना यह ट्रैक आज भी हिमालयी पर्यटन की सबसे बड़ी पहचान माना जाता है।

### सर्दियों में फिर लौट सकती है स्पेशल ट्रेन

**रेलवे** का कहना है कि यात्रियों की संख्या और मांग की समय-समय पर समीक्षा की जाती है। यदि आगामी शीतकालीन पर्यटन सीजन में यात्रियों की संख्या बढ़ती है तो आवश्यकता के अनुसार विंटर स्पेशल ट्रेन दोबारा चलाई जा सकती है।

### पर्यटन और विरासत दोनों की पहचान

**कालका-शिमला** रेलवे हिमाचल पर्यटन की धड़कन और विश्व धरोहर की अनमोल विरासत है। समर स्पेशल ट्रेन भले ही फिलहाल बंद हो गई हो, लेकिन नियमित रेल सेवाओं के माध्यम से पर्यटक इस ऐतिहासिक और मनमोहक रेल यात्रा का आनंद पहले की तरह लेते रहेंगे।

# आईजीएमसी और चमियाणा अस्पताल में 22 से छुट्टी पर जाएंगे आधे डॉक्टर

## मरीजों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था, 29 जुलाई रहेगा कॉमन-डे

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला के दो सबसे बड़े सरकारी अस्पतालों इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज और चमियाणा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में 22 जुलाई से 5 अगस्त तक ग्रीष्मकालीन अवकाश का रोस्टर लागू होगा। इस दौरान दोनों अस्पतालों के करीब 50 प्रतिशत डॉक्टर दो अलग-अलग बैचों में सात-सात दिन के अवकाश पर रहेंगे। अस्पताल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि छुट्टियों के बावजूद ओपीडी, आपातकालीन सेवाओं और गंभीर मरीजों के इलाज पर कोई असर नहीं पड़ेगा। जानकारी के अनुसार पहला बैच 22 से 28 जुलाई तक अवकाश पर रहेगा, जबकि दूसरा बैच 30 जुलाई से 5 अगस्त तक छुट्टी पर जाएगा। 29 जुलाई को दोनों बैचों के सभी डॉक्टर अस्पतालों में मौजूद रहेंगे, जिससे मरीजों को सभी विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं एक साथ उपलब्ध होंगी। इसके बाद 6 अगस्त से सभी डॉक्टर नियमित रूप से अपनी सेवाएं देंगे।

आईजीएमसी और चमियाणा अस्पताल के सभी विभागों ने अपने-अपने अवकाश रोस्टर तैयार कर अस्पताल प्रशासन को सौंप दिए हैं। अब अंतिम मंजूरी के बाद इन्हें लागू किया जाएगा। किस बैच में कौन-कौन से डॉक्टर शामिल होंगे, इसका निर्णय प्रशासन विभागीय आवश्यकताओं और मरीजों की संख्या को ध्यान में रखते हुए करेगा। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि छुट्टियों के दौरान किसी भी विभाग की सेवाएं बाधित न हों, इसके लिए पहले से विस्तृत योजना बनाई गई है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए चरणबद्ध तरीके से अवकाश दिए जाएंगे, ताकि मरीजों को उपचार के लिए परेशानी का सामना न करना पड़े।

सरकारी अस्पतालों में यह व्यवस्था हर वर्ष अपनाई जाती है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के साथ-साथ शीतकालीन अवकाश का भी अलग रोस्टर तैयार किया जाता है। दोनों ही अवसरों पर डॉक्टरों को अलग-अलग बैच में छुट्टी दी जाती है, जिससे अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं सामान्य रूप से चलती रहें और आपातकालीन सेवाओं पर कोई असर न पड़े।

## विक्रमादित्य सिंह पहले अपने विभाग की बदहाली को देखें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश मीडिया सह-संयोजक प्यार सिंह ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के हालिया बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि जो मंत्री अपने विभाग की व्यवस्था सुधारने में विफल रहे हों, उन्हें केंद्र सरकार और भाजपा को नसीहत देने से पहले अपने काम का आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हिमाचल को विकास, राष्ट्रीय राजमार्गों और आपदा सहायता सहित हर क्षेत्र में रिकॉर्ड सहयोग दिया है, जिसका लाभ प्रदेश सरकार और लोक निर्माण विभाग भी उठाते रहे हैं। ऐसे में केंद्र पर सवाल उठाना केवल राजनीतिक दिखावा है। प्यार सिंह ने कहा कि मंत्री को सबसे पहले अपने विधानसभा क्षेत्र शिमला ग्रामीण की बदहाल सड़कों, गड्ढों और प्रभावित ग्रामीण बस सेवाओं की चिंता करनी चाहिए, जिससे किसानों, विद्यार्थियों और आम लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार विकास के बजाय केवल बयानबाजी में व्यस्त है। साथ ही कहा कि भाजपा के संगठन पर टिप्पणी करने से पहले कांग्रेस को अपनी आंतरिक गुटबाजी पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता के मुद्दों को लगातार उठाती रहेगी और प्रदेश की जनता अब केवल भाषण नहीं, बल्कि धरातल पर विकास और जवाबदेही चाहती है।

# जुब्बल-कोटखाई में प्रमोद ठाकुर की कांग्रेस में वापसी

## शिक्षा मंत्री रोहित की कार्यशैली से प्रभावित होकर वापस लौटे पार्टी में

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल तहसील की ग्राम पंचायत कुड्डू के ढाडी रावत गांव के प्रमोद ठाकुर ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की जनहितैषी कार्यशैली तथा जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में निरंतर हो रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस परिवार में घर वापसी की। उनके कांग्रेस में शामिल होने से क्षेत्र में पार्टी संगठन को नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष जितेंद्र मेहता ने प्रमोद ठाकुर का कांग्रेस परिवार में गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी में उन्हें पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा और संगठन में उनकी सक्रिय भूमिका का स्वागत रहेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कांग्रेस की जनकल्याणकारी नीतियों और विकास के संकल्प को आगे बढ़ाने में उनका अनुभव और सहयोग क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई ने भी प्रमोद ठाकुर का हार्दिक स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की।



कांग्रेस में घर वापसी के बाद प्रमोद ठाकुर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के साथ।

**◆ जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष जितेंद मेहता ने गर्मजोशी से किया स्वागत**

# मेघराज के आने से भाजपा को मिलेगी नई ताकत

## जुब्बल-कोटखाई में कांग्रेस पार्टी के लिए माना जा रहा बड़ा झटका

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में रविवार को उस समय नया मोड़ आ गया, जब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के उपाध्यक्ष मेघराज धागटा ने कांग्रेस का साथ छोड़ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। क्यारवी पंचायत के पूर्व प्रधान, पूर्व ब्लॉक पंचायत सदस्य और लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों से जुड़े मेघराज धागटा के भाजपा में शामिल होने को क्षेत्र की राजनीति में कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। राज्यसभा सांसद प्रो. डॉ. सिकंदर कुमार की उपस्थिति में उन्होंने भाजपा का दामन थामा। इस दौरान प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, भाजपा नेता चेतन सिंह बरागटा तथा भाजपा मंडल कोटखाई के अध्यक्ष सुन्दर डोगरा सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। भाजपा नेताओं ने इसे संगठन के विस्तार और जुब्बल-कोटखाई में पार्टी की बढ़ती स्वीकार्यता का संकेत बताया। राज्यसभा सांसद प्रो. डॉ. सिकंदर कुमार ने मेघराज धागटा का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि उनके लंबे राजनीतिक अनुभव, सामाजिक सरोकारों और व्यापक जनसंपर्क का लाभ संगठन के साथ-साथ क्षेत्र की जनता को भी मिलेगा। वहीं मेघराज धागटा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों और संगठन की कार्यशैली से प्रभावित होकर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है।



उन्होंने विश्वास जताया कि वे पूरी निष्ठा, समर्पण और सक्रियता के साथ पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा जुब्बल-कोटखाई क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करेंगे। भाजपा नेताओं ने भी उनके पार्टी में शामिल होने को आगामी समय में संगठन के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

# अब बच्चे के वजन के 10 फीसदी से ज्यादा नहीं होगा स्कूल बैग का भार

## केवल जरूरी किताबें और कॉपियां ही लानी होंगी स्कूल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** स्कूल जाने वाले बच्चों के भारी बैग को लेकर लंबे समय से अभिभावकों और विशेषज्ञों की ओर से चिंता जताई जाती रही है। अब शिक्षा विभाग ने इस दिशा में कदम उठाते हुए स्कूल बैग के वजन को लेकर स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। जिला शिमला के उप निदेशक स्कूल शिक्षा (माध्यमिक) ने जिले के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और मुख्याध्यापकों को आदेश दिए हैं कि किसी भी विद्यार्थी के स्कूल बैग का वजन उसके शारीरिक वजन के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए।

शिक्षा विभाग ने यह निर्देश शिकायतों और उच्च स्तर से मिले आदेशों के बाद जारी किए हैं। विभाग का कहना है कि विद्यालय इस व्यवस्था को गंभीरता से लागू करें, जिससे विद्यार्थियों पर अनावश्यक बोझ न पड़े और उनकी शारीरिक सेहत पर प्रतिकूल असर न हो। जारी आदेश में विद्यालयों से कहा गया है कि वे अपनी समय-सारिणी इस प्रकार तैयार करें, जिससे विद्यार्थियों को प्रतिदिन केवल उसी दिन पढ़ाई के लिए आवश्यक पुस्तकें और कॉपियां ही स्कूल लानी पड़ें। स्कूलों को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि छात्र अतिरिक्त किताबें, कॉपियां और अन्य अनावश्यक सामग्री अपने बैग में लेकर न आएं। विभाग का मानना है कि यदि रोजाना की पढ़ाई के अनुसार पुस्तकों का उपयोग होगा तो स्कूल बैग का वजन अपने आप कम होगा। आदेश में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की ओर से स्कूल बैग के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन करने के लिए भी कहा गया है। विभाग ने सभी विद्यालयों से इन निर्देशों को नियमित व्यवस्था का हिस्सा बनाने पर जोर दिया है।

### सभी स्कूलों से मांगी गई कार्रवाई रिपोर्ट



**उपनिदेशक** स्कूल शिक्षा (माध्यमिक), जिला शिमला ने सभी सरकारी और निजी विद्यालयों को निर्देशों का तत्काल पालन सुनिश्चित करने को कहा है। साथ ही, इन आदेशों के अनुपालन में की गई कार्रवाई की एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) निर्धारित प्रारूप में तय समय के भीतर विभाग को भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

## 15 अधिवक्ताओं को वरिष्ठ अधिवक्ता किया नामित

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने 15 अधिवक्ताओं को वरिष्ठ अधिवक्ता (सीनियर एडवोकेट) के रूप में नामित किया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई। जिन अधिवक्ताओं को वरिष्ठ अधिवक्ता का दर्जा दिया गया है, उनमें अजय चंदेल, अखिल सैनी चोपड़ा, अरविंद शर्मा, दीपक गुप्ता, देश राज, करण सिंह कनवर, मनोज पाठक, ओंकार नाथ जयरथ, राहुल गुप्ता, राम मूर्ति बिष्ट, शुभा महाजन, सुमीत राज शर्मा, सुरेंद्र कुमार शर्मा, विकास राठौर और विक्रांत ठाकुर शामिल हैं। इस सूची में 14 पुरुष और एक महिला अधिवक्ता हैं।

# पर्यावरण विज्ञान में एमएससी प्रवेश प्रक्रिया पर उठे सवाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में एमएससी पर्यावरण विज्ञान की प्रवेश प्रक्रिया को लेकर एसएफआई ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाया है। संगठन का कहना है कि प्रवेश प्रक्रिया में मेरिट, समान अवसर और सामूहिक निर्णय प्रणाली का पालन नहीं किया गया, जिससे विद्यार्थियों में असंतोष व्याप्त है। एसएफआई ने कुलपति से हस्तक्षेप कर पूरी प्रक्रिया की निष्पक्ष समीक्षा कराने तथा प्रभावित विद्यार्थियों को न्याय देने की मांग की है। संगठन ने कहा कि भविष्य में सभी विभागों के लिए एक समान काउंसलिंग दिशा-निर्देश लागू किए जाएं और आवश्यक दस्तावेजों की सूची पहले से सार्वजनिक करना अनिवार्य बनाया जाए। एसएफआई ने कहा कि पर्यावरण विज्ञान से जुड़े दो समानांतर विभाग—डिपार्टमेंट ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी स्टडीज़ और पर्यावरण विज्ञान विभाग के कारण वर्षों से प्रशासनिक और शैक्षणिक भ्रम की स्थिति बनी हुई है। संगठन का आरोप है कि नियमित यूजीसी वेतनमान प्राप्त कई शिक्षक लंबे समय से प्रभावी शिक्षण कार्य से वंचित हैं, जबकि दूसरी ओर अतिथि शिक्षकों की नियुक्तियां की जा रही हैं। एसएफआई ने दो विभागों की व्यवस्था की स्वतंत्र समीक्षा, एमएससी पर्यावरण विज्ञान का संचालन केवल एक विभाग के माध्यम से किए जाने तथा विश्वविद्यालय की प्रशासनिक कार्यप्रणाली और विभागीय पुनर्गठन की व्यापक जांच की मांग की है। साथ ही संगठन ने सीएजी रिपोर्ट में नियुक्तियों से जुड़ी अनियमितताओं के उल्लेख का हवाला देते हुए सुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर दिया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कुफरी** विकास खण्ड द्रंग, जिला मंडी (हि.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत कुफरी विकास खण्ड द्रंग जिला मण्डी हि. प्र. द्वारा वर्ष 2026 2027 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद (सील्ड) निविदाएं (कुटेशने) आमंत्रित की जाती है। ये निविदायें दिनांक 22-07-2026 सायं 05:00 बजे से पूर्व ग्राम पंचायत कुफरी के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। उक्त तिथी तक प्राप्त निविदाएं दिनांक 23-07-2026 को प्रातः 11:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत कुफरी में पदाधिकारियों की गणपूर्ति व निविदादाताओ या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष (यदि उपस्थित हो) खोली जायेगी। प्रशासकीय कारणों से इस तिथि में बदलाव करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। इस दशा में सूचना समाचार पत्रों में प्रदर्शित नहीं की जाएगी। सूचना ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी। ग्राम पंचायत का इस अवधि हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता रहेगी।

**सामग्री का विवरण :** 1.रेत क्रशर प्रति घन फुट, 2. बजरी क्रशर प्रति घन फुट, 3. सेलिंग / बोल्डर पत्थर प्रति घन फुट, 4. पत्थर (कट स्टोन) प्रति पत्थर, 5. ईंट मिट्टी के भट्ठे की प्रति ईंट (9x4.5x4 inch), 6. टाइल्स प्रति पीस [illegible]

**नियम व शर्तें :** [illegible]

प्रधान/सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत भडवाहन**
विकास खण्ड द्रंग स्थित पधर जिला मण्डी (हि.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भडवाहन, विकास खण्ड द्रंग, जिला मण्डी (हि.प्र.) द्वारा वर्ष 2026 2027 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद (सील्ड) निविदाएं (कुटेशने) आमंत्रित की जाती है। ये निविदाए दिनांक 23/07/2026 तक ग्राम पंचायत भडवाहन के कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए। सभी निविदाए जीएसटी नम्बर सहित होनी चाहिए। निविदाएं दिनांक 24/07/2026 को [illegible]

सामग्री का विवरण इस प्रकार से है:- [illegible]

नियम व शर्तें : 1. सप्लायर के पास जीएसटी न. होना चाहिए। 2. सप्लायर के पास एम फार्म होना [illegible] निविदा में दिनांक होनी अनिवार्य है। 4. निविदा हाथ द्वारा नहीं लिखी होनी चाहिए। 5. यदि सप्लायर [illegible] देता है तो उसकी निविदा खारिज करने का पूर्ण अधिकार पंचायत का है। 6. घटिया सामान स्वीकार [illegible] जाएगा। 7. अधूरी निविदा स्वीकार नहीं होगी। 8. रेत, बजरी, पत्थर के लिए एम-फार्म प्रति गाड़ी बिल [illegible] करना होगा अन्यथा अदायगी नहीं की जाएगी। अगर एम-फार्म नहीं देता है तो रिकवरी सप्लायर को [illegible] निर्माण सामग्री कार्य स्थल तक पहुंचानी चाहिए। 10. ग्राम पंचायत में जिस फर्म की रेत, बजरी, पत्थर [illegible] स्वीकृत होगी उस फर्म को 50,000/- रु. सिक्योरिटी जमा करवानी होगी। जैसे ही टेडर समाप्त होता [illegible] राशि वापिस कर दी जाएगी। 11. निविदा पंचायत में ही जमा होगी।

प्रधान/सचिव

**अधिसूचना**

**दी जोगिन्दर नगर सहकारी सभा समिति, जोगिन्दरनगर के दो डिपो (1. सब डिपो सेरी) (2.C.M.P. जोगिन्दर नगर डिपो) दो पदों हेत आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।**

आवेदन करने की तिथि 13-07-2026 से 28-07-2026 तक सभा कार्यालय सेरी में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक आवेदन पत्र प्राप्त किये जायेंगे। इच्छुक आवेदक निम्नलिखित योग्यताएं पूरी करता हो 1. आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए। 2. आवेदक मानसिक तौर पर अक्षम नहीं होना चाहिए। 3. आवेदक की आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष हो। 4. आवेदक मान्यता प्राप्त बोर्ड से दसवीं कक्षा में 40% अंकों से पास हो। 5. SC, ST, OBC, दिव्यांग एवं भूत पूर्व सैनिक के लिए दसवीं (10 Th) पास होना जरुरी। 6. आवेदक किसी सहकारी सभा, सेवा, निगम बोर्ड की सेवा से निकाला गया अथवा हटाया गया न हो।7. आवेदक को किसी भी न्यायालय से अपराध/जुर्म में सजा न दी गई हो। 8. आवेदक प्रबंधक समिति का संबंधित रिश्तेदार ना हो। 9. आवेदक पंचायत, नगर निगम, नगर पालिका, वार्ड इत्यादि में चयनित प्रतिनिधि ना हो। 10. विक्रेता पद पर चयनित आवेदक को ₹15,000/- की FDR सभा के नाम देनी होगी।11. अपनी भूमि का क्षतिपूर्ति बोर्ड जमानत नामा सभा के नाम बंधक देना होगा। 12.विक्रेता पद पर चयनित आवेदक को ₹5,000/- मासिक वेतन दिया जायेगा।

सचिव

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितिय श्रेणी तहसील जोगिन्द्र नगर जिला मण्डी हि.प्र.**

मिसल न. - 8073153//2026
तारीख भरजुआ-05-05-2026
तारीख पेशी- 24-07-2026

Balam Ram s/o Lakhu Ram R/o Village Majhwar Tehsil Joginder Nagar Distt Mandi H.P — Applicant
Vrs
General Public. — Respondent.

अखबारी ईश्तहार

Application for correction of revenue entries.

Balam Ram s/o Lakhu Ram R/o Village Majhwar Tehsil Joginder Nagar Distt Mandi H.P. ने इस न्यायलय में आवेदन पत्र / शपथी पत्र गुजार कर यह अनुरोध किया है, कि उनकी पत्नी का वास्तविक नाम प्रेम लता है जोकि उसके मृत्यु प्रमाण पत्र ( Death Certificate) में भी दर्ज कागजात है। परन्तु राजस्व अभिलेख महल सारली में उनका नाम गुड्डी दर्ज कागजात है। जो कि गलत दर्ज कागजात है। जिसे दुरुस्त करके गुड्डी से गुड्डी उपनाम प्रेम लता दर्ज करने के आदेश पारित किये जाये।

अत: इस ईशतहार के माध्यम से सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि अगर किसी को उपरोक्त प्रार्थी के दावा बारे किसी प्रकार का कोई उजर / एतराज है, तो वह दिनाक 24- 07-2026 को प्रात: 10:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के समक्ष इसे असालतन व वकालतन प्रस्तुत कर सकता /सकते हैं। आम जनता की ओर से उपरोक्त दिंनाक एवं समय तक कोई भी उजर एतराज प्रस्तुत न होने की सूरत में उनके विरुद्ध एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

आज दिनांक 10.07.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

सहायक समाहर्ता
द्वितिय श्रेणी तहसील जोगिन्द्र नगर

**कार्यालय ग्राम पंचायत नाड़सी**
डा. ककडियार, विकास खंड बमसन, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

निविदा सूचना

1. क्रैशर बजरी 10,20,40एमएम- प्रति क्यूबिक मीटर, 2. रेत खड्ड-प्रति क्यूबिक मीटर, 3. पत्थर खड्ड-प्रति क्यूबिक मीटर, [illegible]

प्रधान पंचायत सामुदायिक केन्द्र नाड़सी विकास खण्ड बमसन (टौणी देवी), जिला हमीरपुर, (हि.प्र.)

**कार्यालय ग्राम पंचायत चनौर**
विकास खंड देहरा, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत चनौर विकास खंड देहरा, जिला कांगड़ा हि.प्र. द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अधिकृत विक्रेताओं से बंद लिफाफे में निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं दिनांक 22-07-2026 अपराह्न 5 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जाएंगी। निविदाएं दिनांक 25-07-2026 को प्रातः 11:00 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी द्वारा या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएंगी। जो सप्लायर उक्त दिनांक को अनुपस्थित रहेगा उनकी निविदाएं बिना खोले ही रद्द कर दी जाएंगी।

**क्र. सं., सामग्री का विवरण, मात्रा जिसमें मूल्य वांछित है:-** 1. रेत (क्रशर / धुला / प्लांट) - प्रति घन फुट, 2. रेत डस्ट प्रति घन फुट, 3. बजरी क्रशर (10एमएम) प्रति घन फुट, 4. बजरी क्रशर (20एमएम) - प्रति घन फुट, 5. बजरी क्रशर (40एमएम) प्रति घन फुट, 6. सोलिंग - प्रति घन फुट, 7. बोल्डर पत्थर - प्रति घन फुट, 8. टूटा पत्थर - प्रति घन फुट, 9. पक्की ईट (अव्वल) - प्रति ईट, 10. जेसीबी मशीन द्वारा कटान- प्रति घंटा दर से, 11. लोकल फेरा - प्रति चक्कर, 12. शटरिंग स्टील - प्रति वर्ग फुट, 13. शटरिंग लकड़ी - प्रति वर्ग फुट, 14. मिक्सचर प्रति दिन - प्रति दिन तेल सहित

**नियम व शर्तें-** 1) निविदादाता के पास एम फार्म व अपना GST Tin No. नंबर होना आवश्यक है जिसकी प्रतिलिपि निविदा के साथ संलग्न हो (2) ठेकेदार / आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम-फार्म जमा करवाने होंगे (3) निर्माण सामग्री कार्यस्थल तक उपलब्ध करवानी होगी (4) ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्र अधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी (5) किसी भी निविदा को कारण बताए स्वीकृत / अस्वीकृत करने, सामान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा समय पर सामग्री न देने की स्थिति में निविदा किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। (6) सामग्री लेने का अंतिम मूल्य / निर्णय ग्राम पंचायत/विभाग की Justification व पारित निविदादाताओं के साथ तर्कसंगत, (Negotiation ) उपरांत किया जाएगा।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत चनौर
विकास खंड देहरा, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**कार्यालय ग्राम पंचायत छतर, विकास खंड द्रंग, जिला मंडी, हि.प्र.**

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत छतर विकास खण्ड द्रंग जिला मण्डी हि.प्र. द्वारा वर्ष 2026-2027 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद (सील्ड) निविदाएं (कुटेशने) [illegible]

**सामग्री का विवरण:-** 1. रेत क्रशर, रेत खड्ड-प्रति घन फुट, 2. बजरी क्रशर 10mm, 20mm, 40mm [illegible]

**नियम व शर्तें :** 1. निविदाता (आपूर्तिकर्ता) के पास अपना पंजीकरण पेन संख्या, TIN NO/CST/GST NO. होना आवश्यक है। [illegible]

सचिव/प्रधान
कार्यालय ग्राम पंचायत छतर, विकास खंड द्रंग, जिला मंडी

**कार्यालय ग्राम पंचायत सामुदायिक केंद्र तलाड़ा**
विकास खंड फतेहपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

निविदा सूचना

प्रधान महोदय ने बैठक में प्रस्ताव रखा कि वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत तलाड़ा में करवाए जाने वाले विभिन्न मदों के अंतर्गत विकास कार्यों के लिए [illegible] (प्रतिक्यूबिक मी0), जैशर बजरी (प्रतिक्यूबिक मी0) [illegible] लोकल बजरी (प्रतिक्यूबिक मी0), सरिया प्रति कि0ग्रा0, [illegible] पत्थर प्रति क्यूबिक मी0, ईंट प्रति हजार पहुंच, मिक्सर [illegible] फेराप्रति दिन, शटरिंग प्रति sq ft., जे0सी0बी0 प्रतिघं[illegible] कार्यस्थलप्रति बैग), MILD STEEL पानी की टंकी, [illegible] फिटिंग पाइप, laptop, printer, CPU व अन्य पंचाय[illegible] आपूर्ति हेतु जो भी फर्म/व्यक्ति इच्छुक है दिनांक 20,[illegible] लिफाफे में अपने आधार कार्ड, बैंक पास बुक व तस्ज्ञ [illegible] के माध्यम से ही पंचायत में भेजें, अन्य किसी माध्यम से [illegible] के बाहर आवेदक का नाम व फोन नंबर स्पष्ट शब्दों में [illegible] हों GST अलग से देय नहीं होगा। एक ही दर की दो या [illegible] भी निविदाकार को सामग्री की सप्लाई किए जाने हेतु स्व[illegible] होगा वहाँ पहुंचानी होगी, यदिमैटीरियल की गुणवत्ता सही [illegible] नहीं पहुंचाया जाता है और जिस कारण कार्य में रुकावट [illegible] बिना नोटिस दिए किसी भी समय निविदा को रद्द करने [illegible] मूल्यांकन उपरांत ही की जाएगी तथा कार्य में जितनी [illegible] उतने की ही राशि देय होगी अतिरिक्त अदायगी हेतु किसी [illegible] दिनांक :21/07/2026 को पंचायत बैठक में दोपह[illegible] पदाधिकारियों की कमेटी के समक्ष खोली जाएँगी किसी [illegible] निरस्त करने का अधिकार पंचायत के पास सुरक्षित है। [illegible] विस्तार्पूवक चर्चा उपरांत पास हुआ कि उक्त निविदा [illegible] क्षेत्रीय समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतू प्रेषित की जाए।

सचिव/प्रधान, ग्राम पंचायत तलाड़ा विकास खण्ड फतेहपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

# बेटों ने तस्वीरों में सहेजा पिता का संघर्ष

## 77 साल के संघर्ष और बुनकर कला के सफर को फोटो गैलरी में रखा संजोकर, डीसी ने की सराहना

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, केलांग।** कहते हैं कि माता-पिता का ऋण कभी चुकाया नहीं जा सकता, लेकिन उनकी तपस्या, त्याग और संघर्ष को सम्मान देकर उनके प्रति कृतज्ञता अवश्य व्यक्त की जा सकती है। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की पट्टन घाटी के ठोलंग गांव से एक ऐसी ही दिल को छू लेने वाली और प्रेरणादायक पहल सामने आई है, जिसने हर किसी को भावुक कर दिया।

आधुनिक दौर में माता-पिता के सम्मान की यह एक अनूठा उदाहरण बनकर उभरी है। ठोलंग गांव के निवासी एवं वरिष्ठ पत्रकार श्याम आज़ाद और उनके शिक्षक भाई ने अपने 77 वर्षीय पिता सुखदयाल सेन के संघर्षपूर्ण जीवन, अथक परिश्रम और बुनकर कला के प्रति उनके आजीवन समर्पण को तस्वीरों के माध्यम से एक विशेष फोटो गैलरी के रूप में सहेजा है। इस भावनात्मक चित्रशाला का आधिकारिक उद्घाटन लाहौल-स्पीति की उपायुक्त किरण भड़ाना ने किया। इस गरिमामयी उद्घाटन समारोह में जिला परिषद सदस्य एवं ठोलंग गांव के पूर्व प्रधान सुरेश कुमार, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष संसार चंद शर्मा सहित भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने इस पहल को माता-पिता के प्रति सच्ची श्रद्धा और सम्मान का एक अनुकरणीय उदाहरण बताते हुए इसकी मुक्त कंठ से सराहना की।

श्याम आज़ाद के पिता सुखदयाल सेन पिछले 77 वर्षों से एक कुशल बुनकर के रूप में कार्य कर रहे हैं। आज भी वे उसी जज़्बे और ऊर्जा के साथ घाटी की पारंपरिक बुनाई कला की समृद्ध विरासत को जीवित रखने में निरंतर जुटे हुए हैं। वर्षों की मेहनत, कड़े संघर्ष और आत्मसम्मान से भरे इस सफर को तस्वीरों में संजोकर उनके दोनों बेटों ने माता-पिता के प्रति अपनी भावनाओं को एक स्थायी स्वरूप दिया है।

दोनों भाइयों का कहना है कि जिस समर्पण व प्रेम से माता-पिता अपने बच्चों का भविष्य संवारते हैं, उसी समर्पण के साथ बच्चों का भी यह दायित्व है कि वे अपने बुजुर्गों के सम्मान, खुशी व सपनों को संजोएं।




डीसी लाहौल-स्पीति का सुखलॉज होमस्टे में पहुंचने पर स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

### नई पीढ़ी को जड़ों से जोड़ेगा यह प्रयास: उपायुक्त

**गैलरी** का सूक्ष्मता से अवलोकन अवसर पर उपायुक्त किरण भड़ाना ने इस पहल की सराहना की। उन्होंने इसे परिवार, संस्कृति और मानवीय मूल्यों को सहेजने वाला अत्यंत अनूठा प्रयास बताया। उपायुक्त ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में ऐसी पहल नई पीढ़ी को अपनी जड़ों, परिवार के संघर्षों और अपनी लोक परंपराओं से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम बन सकती है। यह गैलरी केवल तस्वीरों का संग्रह नहीं, बल्कि माता-पिता के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का जीवंत दस्तावेज़ हैं और उस हर माता-पिता को समर्पित एक भावनात्मक श्रद्धांजलि है, जिनके संघर्ष की बदौलत उनके बच्चों के सपनों को उड़ान मिलती है। यह समाज को संदेश देती है कि माता-पिता के त्याग का सबसे बड़ा सम्मान उन्हें प्रेम, आदर और अपनापन देना है।

# मनाली-हरिद्वार वोल्वो बस से 2.006 किलो चरस बरामद के साथ हरियाणा का युवक किया गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे 'एंटी-चिट्टा जन-आंदोलन' के तहत स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसटीएफ की मंडी टीम ने देर रात गश्त के दौरान मनाली-हरिद्वार रूट पर चल रही एक वोल्वो बस से भारी मात्रा में चरस बरामद की है। इस मामले में हरियाणा के पानीपत निवासी एक 26 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, एसटीएफ की मंडी टीम देर रात रूटीन गश्त और वाहनों की निगरानी पर थी। इसी दौरान मनाली से हरिद्वार जा रही वोल्वो बस (नंबर एचआर 47एच-0011) को जांच के लिए रोका गया। तलाशी के दौरान बस में सफर कर रहे एक युवक के पास से 2.006 किलोग्राम चरस बरामद हुई। एसटीएफ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नशीले पदार्थ को जब्त कर आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

पकड़े गए आरोपी की पहचान रिंकू ठाकुर (26 वर्ष), पुत्र महावीर सिंह, मकान नंबर 629, राम चौक, हरी नगर (शिव मंदिर के पास), तहसील व थाना मॉडल टाउन, जिला पानीपत, हरियाणा के रूप में हुई है। इस संबंध में एसटीएफ के नवस्थापित पुलिस थाना, मंडी में मामला दर्ज कर लिया गया है।



### सप्लाई चेन व वित्तीय लेन-देन की होगी जांच

**एसटीएफ** के डीएसपी हेम राज वर्मा (एसटीएफ कुल्लू) ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस अब इस बात का पता लगा रही है कि चरस की यह खेप कहां से लाई गई थी और इसे कहां सप्लाई किया जाना था। इसके साथ ही आरोपी के पूरे बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज, ड्रग नेटवर्क और वित्तीय लेन-देन को भी खंगाला जा रहा है ताकि इस अवैध धंधे में शामिल अन्य चेहरों को भी बेनकाब किया जा सके। उल्लेखनीय है कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा 15 नवंबर 2025 को शुरू किए गए 'चिट्टा-मुक्त हिमाचल' संकल्प के बाद से पूरे प्रदेश में एसटीएफ और पुलिस का ड्रग्स तस्करों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है।

# विधायक अनुराधा ने विकास कार्यों का लिया जायजा

## ग्रामीणों से संवाद कर सुनी समस्याएं, अधिकारियों को पूरा करने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने तोद वैली स्थित ग्राम पंचायत दारचा के विभिन्न गांवों का दौरा कर क्षेत्र में चल रहे विकासात्मक कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं तथा विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

दौरे के दौरान विधायक ने रारिक, छीका, रांग्यो, बरयो, दारचा, सुमद्दो, लिंक्यूम, दारचा दंगमा तथा तत्पश्चात योचे और जिस्पा गांवों का भ्रमण किया। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अनुराधा ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और क्षेत्र की प्रत्येक समस्या के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश भी दिए इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य राम सिंह, ग्राम पंचायत दारचा के प्रधान अशोक, जिला परिषद सदस्य एवं सीडब्ल्यूसी चेयरपर्सन शशि किरण, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञालछन ठाकुर, पूर्व बीडीसी सदस्य टशी केंसाग, दौरजे अंगरूप, नवांग टशी, सोनम पालमो, तंजीन कालजंग, राम सिंह,राम लाल, सोमदेव, नोरगे, तंजीन, पलगे, छेवांग नमज्ञाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, गणमान्य ग्रामीण एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# 14 वर्षीय नाबालिग के गर्भवती होने का मामला, पोक्सो और दुष्कर्म का केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, आनी।** कुल्लू जिला के बाह्य सिराज क्षेत्र से एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। क्षेत्र की 14 वर्षीय नाबालिग के गर्भवती होने तथा घर पर ही उसका गर्भपात होने के बाद पुलिस ने दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात करीब 12:20 बजे परिजन गंभीर हालत में नाबालिग को उपचार के लिए महात्मा गांधी चिकित्सा सेवा परिसर (एमजीएमएससी) खनेरी अस्पताल, रामपुर लेकर पहुंचे। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि शनिवार शाम करीब 5 बजे घर पर ही नाबालिग का गर्भपात हो गया था। नाबालिग के गर्भवती होने और गर्भपात की जानकारी मिलने पर अस्पताल प्रशासन ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल पुलिस को सूचित किया।

अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुनील दत्त ने पुलिस को लिखित शिकायत सौंपते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई का आग्रह किया। सूचना मिलने पर संबंधित पुलिस थाना प्रभारी अस्पताल पहुंचे और मामले की प्रारंभिक जांच शुरू की। डीएसपी आनी राजीव मेहता ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मेडिकल ऑफिसर की शिकायत तथा प्रारंभिक जांच के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 65(1) तथा पोक्सो अधिनियम की धारा 4 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच कर रही है। आरोपी की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं।

# लगातार बारिश से पर्यटन कारोबार मंदा

## टैक्सी ऑपरेटर्स, दुकानदारों और ढाबा संचालकों पर आर्थिक संकट मंडराया

अनंत ज्ञान

**मनाली।** देश-विदेश के सैलानियों से हमेशा गुलजार रहने वाली खूबसूरत पर्यटन नगरी मनाली में इन दिनों सन्नाटा पसरा हुआ है। घाटी में पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश का सीधा असर अब पर्यटन कारोबार पर दिखने लगा है। आलम यह है कि मनाली के प्रसिद्ध मॉल रोड सहित तमाम प्रमुख पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की संख्या न के बराबर रह गई है। सैलानियों की इस बेरुखी के कारण अधिकांश होटलों में ऑक्यूपेंसी गिरकर महज 10 से 20 प्रतिशत पर सिमट गई है।

घाटी में पर्यटकों की कम आमद ने स्थानीय कारोबारियों की चिंता बढ़ा दी है। इसका सबसे बड़ा असर होटल मालिकों के साथ-साथ पर्यटन व्यवसाय से सीधे जुड़े टैक्सी ऑपरेटरों, वॉल्वो बस संचालकों, स्थानीय दुकानदारों और ढाबा चलाने वालों की आर्थिकी पर पड़ रहा है। सीजन के इस मोड़ पर मंदी आने से रोजमर्रा की कमाई करने वाले हजारों लोगों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। मनाली होटलियर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस साल मई और जून के महीनों में पर्यटन सीजन काफी अच्छा रहा। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले साल भारी बारिश और भीषण बाढ़ के कारण जून के महीने में ही सीजन पूरी तरह सिमट गया था, जिससे भारी नुकसान हुआ था।

मनाली के पर्यटन कारोबारी अजय अबरोल व नरेंद्र अंगारिया ने स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि जून के अंतिम सप्ताह तक मनाली में हर रोज तीन हजार से अधिक पर्यटक वाहन पहुंच रहे थे, लेकिन अब यह संख्या नाममात्र रह गई है। उन्होंने कहा कि सैलानियों की संख्या में अचानक आई इस कमी का सीधा और गहरा असर पर्यटन पर निर्भर रहने वाले हजारों परिवारों की रोजी-रोटी पर पड़ रहा है। स्थानीय कारोबारियों को अब मौसम साफ होने और पर्यटकों की वापसी का इंतजार है।



मनाली माल रोड में चहलकदमी करते पर्यटक। अनंत ज्ञान

> **पिछले** तीन-चार दिनों से मनाली में लगातार बारिश हो रही है, जिसके चलते सैलानी कम हुए हैं। लेकिन राहत की बात यह है कि अभी तक मनाली में सड़क, बिजली और पानी जैसी सभी बुनियादी सुविधाएं पूरी तरह सुचारू हैं और कहीं कोई रुकावट नहीं है।
>
> **- रोशन ठाकुर, अध्यक्ष, मनाली होटलियर्स एसोसिएशन**

# कन्याल, रांगड़ी, चौरी बिहाल और छियाल में आज बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान, मनाली। विद्युत उपमंडल मनाली-1 के कुछ एक क्षेत्रों में सोमवार को बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता इंजीनियर सुनील कालिया ने बताया कि 11 केवी कन्याल, न्यू, रूरल फीडर उच्च ताप विद्युत लाइनों के रख-रखाव मरम्मत व पेड़ों की टहनियों का कटान किया जाना है। इसके चलते 13 जुलाई को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि कन्याल, रांगड़ी, गोम्पा रोड, वॉल्वो बस स्टैंड, चौरी बिहाल, छियाल, बालसरी, डूंगरी, नसोगी, लोगट्स, सावमिल ओल्ड मनाली के साथ लगते क्षेत्रों मे विद्युत् आपूर्ति सुबह 10 बजे से सांय पांच बजे तक बाधित रहेगी। मौसम ख़राब होने की स्थिति में कार्य अगले दिन किया जायेगा। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# भुंतर सुधार समिति ने अस्पताल सेवा व पर्यावरण संरक्षण को बनाया प्राथमिकता



भुंतर सुधार समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भुंतर।** भुंतर सुधार समिति की बैठक रविवार को गुरुद्वारा साहिब, भुंतर में समिति के प्रधान रोशन लाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सामाजिक विकास, जनसेवा और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से तेगूबेहड़ अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। समिति ने अस्पताल में सुविधाओं के विस्तार और जनहित के कार्यों में हरसंभव सहयोग देने का संकल्प लिया।

बैठक में पर्यावरण संरक्षण को समय की आवश्यकता बताते हुए क्षेत्र में व्यापक पौधरोपण अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। सदस्यों ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। वक्ताओं ने कहा कि भुंतर सुधार समिति समाज सेवा, स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही है और भविष्य में भी जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता देती रहेगी। बैठक में संस्थापक मेघ सिंह कश्यप, वाइस चेयरमैन मनीष कौण्डल, सहसचिव झावे राम पहलवान, कोषाध्यक्ष ऋषिराज, सह-कोषाध्यक्ष घनश्याम वर्मा, मीना जस्वाल, वनिता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## ओल्ड मनाली के खिलाड़ी ऋतिक ठाकुर ने अंतरराष्ट्रीय अनुभव के बाद लक्ष्य किया तय

# 2036 ओलंपिक में भारत की जर्सी पहनने का सपना

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** ओल्ड मनाली के युवा वॉलीबॉल खिलाड़ी ऋतिक ठाकुर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के बाद अब वर्ष 2036 ओलंपिक में खेलने का सपना संजोए हुए हैं। चीन में आयोजित यूथ वॉलीबॉल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के बाद उनका लक्ष्य विश्व के सबसे बड़े खेल महाकुंभ में भारतीय टीम की जर्सी पहनना है।

ऋतिक ने अपनी प्रारंभिक वॉलीबॉल प्रशिक्षण यात्रा सुंदर ब्लॉक के प्रीतमपुरा से शुरू की। वर्तमान में वह खेलो इंडिया केंद्र संन्दोल में नियमित प्रशिक्षण ले रहे हैं, जहां अपने खेल कौशल को और निखार रहे हैं।

राष्ट्रीय स्तर पर भी ऋतिक अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया था। इसी शानदार प्रदर्शन के दम पर उनका चयन भारतीय युवा टीम में हुआ।

चीन में आयोजित यूथ वॉलीबॉल चैंपियनशिप में 24 देशों की टीमों ने हिस्सा लिया। कड़े मुकाबलों के बीच भारतीय टीम ने पांचवां स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के दौरान ऋतिक ठाकुर का प्रदर्शन सराहनीय रहा और उन्होंने अपनी प्रतिभा से भारतीय टीम को मजबूत योगदान दिया।

ऋतिक का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलने से उन्हें बहुमूल्य अनुभव मिला है। अब उनका पूरा ध्यान अपने खेल में और सुधार करते हुए आगामी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने तथा वर्ष 2036 ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने पर केंद्रित है।

### चीन से लौटे युवा वॉलीबॉल खिलाड़ी का मनाली में किया स्वागत




**अनंत ज्ञान, मनाली।** भारतीय युवा वॉलीबॉल टीम का प्रतिनिधित्व कर चीन से लौटे ओल्ड मनाली के होनहार खिलाड़ी ऋतिक ठाकुर का रविवार को मनाली पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने की उपलब्धि पर गर्व जताया। ऋतिक ने चीन में आयोजित प्रतियोगिता में भारतीय युवा टीम की ओर से शानदार प्रदर्शन किया, जिससे मनाली और हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन हुआ। स्वागत समारोह में विधायक भुवनेश्वर गौड़ और पूर्व विधायक गोविंद ठाकुर ने ऋतिक को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऋतिक प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा हैं। कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी, ओल्ड मनाली पंचायत के प्रधान खेम राज ठाकुर, पूर्व प्रधान मोनिका सहित ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने ऋतिक और उनके परिवार को बधाई देते हुए उनके समर्पण और मेहनत की सराहना की तथा भविष्य में भी देश का नाम रोशन करने की कामना की।

# कराटे ग्रेडिंग परीक्षा में रूप लाल ने हासिल की पर्पल बैल्ट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** महिला मंडल सुल्तानपुर में 'एकेडमी ऑफ सेल्फ़ डिफेंस कुल्लू' द्वारा एक विशेष कराटे ग्रेडिंग परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में कराटे प्रशिक्षु रूप लाल ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए पर्पल बैल्ट हासिल की है। यह ग्रेडिंग परीक्षा एकेडमी के संस्थापक सेंसई हरीश शर्मा द्वारा ली गई। सेंसई हरीश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस परीक्षा का आयोजन 'यूनिवर्सल शोतोकान कराटे इंडिया' के तकनीकी निदेशक हेंशी जनक राज जम्वाल के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया गया।

ग्रेडिंग के दौरान रूप लाल ने कराटे की विभिन्न जटिल तकनीकों, काता और कुमिते का बेहतरीन प्रदर्शन कर उपस्थित सभी लोगों को प्रभावित किया। रूप लाल पिछले तीन वर्षों से एकेडमी ऑफ सेल्फ़ डिफेंस में कड़ी मेहनत के साथ कराटे का प्रशिक्षण ले रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि में उनके कठिन परिश्रम के साथ-साथ उनके अभिभावकों का भी अत्यंत महत्वपूर्ण और सराहनीय योगदान रहा है।

इस उपलब्धि पर एकेडमी के प्रशिक्षकों और स्थानीय खेल प्रेमियों ने रूप लाल व उनके परिवार को बधाई दी है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।




**चिंता** तहसीलदार बोले-रिपोर्ट आगे भेज दी, ग्रामीणों की मांग-मानसून में कागज नहीं, जमीन पर दिखे सुरक्षा इंतजाम

# जिया गांव में सुरक्षा इंतजाम अब भी अधूरे

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**भुंतर।** ब्यास-पार्वती नदी के बीच बसे जिया गांव के लोगों में मानसून को लेकर एक बार फिर भय और चिंता का माहौल है। वर्ष 2023 में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद गांव के कई हिस्सों में हुए नुकसान के निशान आज भी साफ दिखाई देते हैं, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि अब तक स्थायी सुरक्षा उपाय नहीं किए गए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, रिहायशी इलाकों के समीप अब तक पर्याप्त सुरक्षा दीवार का निर्माण नहीं हो पाया है।

वहीं नदियों में जमा भारी मात्रा में मलबा अब बरसात में जलधाराओं का रुख बदल सकता है, जिससेद्ध गांव के लिए खतरा उत्पन्न हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार प्रशासन और सरकार के समक्ष अपनी चिंताएं रखीं, लेकिन मलबा हटाने और तट संरक्षण जैसे कार्यों में नाम पर कुछ नहीं हुआ। अब इस मानसून में 2023 व 25 जैसी स्थिति दोबारा पैदा बन सकती है। जबकि एसडीएम कुल्लू निशांत ठाकुर व तहसीलदार भुंतर नीतीश ठाकुर स्वयं एरिया का निरिक्षण भी कर चुके हैं।

पार्वती नदी फोरलेन पुल के निचे भारी मलबा भरा हुआ है। हैरानी की बात तो यह है कि पार्वती नदी पर बने फोरलेन पुल की आधारशीला के साथ नेशनल हाईवे आथॉरिटी ने सुरक्षा दीवार लगाने की जहमत नहीं उठाई। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से कई बार मांग की है कि नदी किनारे सुरक्षा दीवारों का निर्माण, मलबा हटाने की गुहार लगाई। बरसात में दस्तक दे दी है अब आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं, ताकि संभावित नुकसान को रोका जा सके। वहीं तहसीलदार भुंतर नितीश ठाकुर का कहना है कि जिया में पार्वती किनारे सुरक्षा दीवार को लेकर हमने रिपोर्ट तैयार करके आगे भेज दी है।



जिया गांव में फिर बाढ़ का डर, फोरलेन पुल के नीचे मलबा और सुरक्षा दीवार का इंतजार। अनंत ज्ञान

## एबीवीपी ने कुल्लू कॉलेज में धूमधाम से मनाया 78वां स्थापना दिवस

# मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) जिला कुल्लू द्वारा राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में परिषद का 78 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने अपने संबोधन में एबीवीपी के गौरवशाली इतिहास एवं राष्ट्र निर्माण में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परिषद ने सदैव व्यापक शैक्षिक सुधारों तथा छात्र हितों के लिए संघर्ष किया है। उन्होंने कहा कि हमारी नई पीढ़ी को भारत की गौरवशाली संस्कृति, इतिहास और विरासत का ज्ञान होना चाहिए, ताकि उनमें राष्ट्रभक्ति, सामाजिक समरसता और सेवा का भाव विकसित हो सके। उन्होंने कहा कि एबीवीपी के माध्यम से युवाओं में एक सशक्त, आत्मनिर्भर और आधुनिक भारत के निर्माण का संकल्प विकसित होता है। ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है जो विद्यार्थियों को केवल करियर तक सीमित न रखकर राष्ट्र व समाज के प्रति अपने दायित्वों का भी बोध कराए।

इस अवसर पर एबीवीपी जिला कुल्लू के जिला संयोजक ऋतिक कार्तिक ने कहा कि परिषद का मूल मंत्र जीवन के लिए शिक्षा और देश के लिए जीवन प्रत्येक विद्यार्थी के जीवन का आधार बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि एबीवीपी देश का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जिसने वर्षों के समर्पण, संघर्ष और संगठनात्मक कार्य के माध्यम से लाखों युवाओं को राष्ट्रहित और समाजसेवा के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने बताया कि एबीवीपी द्वारा प्रतिवर्ष स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है, जिससे विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान की वृद्धि होने के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के प्रति भी रुचि विकसित होती है।

इसी क्रम में स्थापना दिवस समारोह के दौरान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एबीवीपी के कार्यकर्ता, महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि सहित अन्य गणमान्य लोग।

# सोलन –जौणाजी सड़क हुई चौड़ी पर खंभा हटाना भूला विभाग

## दोपहिया वाहन चालकों के लिए बीच सड़क खड़ा बिजली का खंभा सबसे अधिक जोखिमपूर्ण साबित हो रहा है

अनंत ज्ञान



बीच सड़क पर खड़ा बिजली का खम्भा। अनंत ज्ञान

**सोलन।** शहर के वार्ड-8 स्थित सोलन-जौणाजी रोड पर सड़क चौड़ीकरण का कार्य तो पूरा हो गया, लेकिन सड़क के बीचोंबीच खड़ा बिजली का खंभा अब राहगीरों और वाहन चालकों के लिए बड़ा खतरा बन गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क चौड़ी होने के बाद यह खंभा सीधे सड़क के बीच में आ गया है, जिससे कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने सड़क चौड़ीकरण के दौरान बिजली बोर्ड को खंभा हटाने के लिए पहले ही पत्र भेज दिया था, लेकिन विद्युत डिवीज़न की ओर से अब तक इसे शिफ्ट नहीं किया गया। परिणामस्वरूप वाहन चालकों को सड़क के बीच अचानक खड़े इस खंभे से बचकर निकलना पड़ रहा है लोगों का कहना है कि दिन के समय तो चालक सावधानी बरत लेते हैं, लेकिन रात के समय यह खंभा साफ दिखाई नहीं देता। ऐसे में अनजान वाहन चालकों को धोखा लग सकता है और बड़ा हादसा हो सकता है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थिति अधिक जोखिम भरी बनी हुई है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन और बिजली बोर्ड से मांग की है कि जनहित को देखते हुए इस खंभे को प्राथमिकता के आधार पर सड़क से हटाकर सुरक्षित स्थान पर स्थापित किया जाए, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। उधर, बिजली बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि खंभे को शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आवश्यक तकनीकी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं और एक-दो दिन के भीतर खंभे को सड़क के बीच से हटाकर नई जगह स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

फिलहाल सड़क के बीच खड़ा यह बिजली का खंभा विभागों के बीच समन्वय की कमी को उजागर कर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण जैसी विकास योजनाओं में संबंधित विभागों के बीच बेहतर तालमेल होना चाहिए, ताकि विकास कार्य लोगों की सुविधा का कारण बनें, परेशानी और दुर्घटना का नहीं। सड़क के बीचोंबीच खड़े बिजली के इस खंभे को लेकर स्थानीय लोगों में लगातार नाराजगी बढ़ रही है। लोगों का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण का उद्देश्य यातायात को आसान बनाना था, लेकिन विभागों के बीच तालमेल की कमी के कारण अब यही विकास कार्य परेशानी का कारण बन गया है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, सड़क निर्माण से पहले ही बिजली खंभों को हटाने की योजना बनाई जानी चाहिए थी, ताकि बाद में लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े। वर्तमान स्थिति में वाहन चालकों को अचानक सड़क के बीच आए खंभे से बचकर निकलना पड़ रहा है। इससे खासकर रात के समय दुर्घटना का खतरा अधिक बना हुआ है।

क्षेत्र के लोगों ने बताया कि सड़क पर वाहनों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है। ऐसे में बीच सड़क पर खड़ा खंभा कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थिति और अधिक जोखिम भरी है, क्योंकि अचानक सामने आने वाली बाधा से संतुलन बिगड़ने की संभावना रहती है। लोगों ने मांग की है कि बिजली बोर्ड और लोक निर्माण विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर जल्द से जल्द खंभे को हटाने की कार्रवाई पूरी करें। उनका कहना है कि जनहित से जुड़े कार्यों में देरी नहीं होनी चाहिए, ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

वहीं, बिजली बोर्ड अधिकारियों ने बताया कि खंभे को स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए आवश्यक तकनीकी जांच और औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही खंभे को सड़क के बीच से हटाकर सुरक्षित स्थान पर स्थापित कर दिया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि भविष्य में सड़क चौड़ीकरण या अन्य विकास कार्यों के दौरान संबंधित विभागों को पहले से योजना बनाकर काम करना चाहिए, जिससे जनता को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने प्रशासन से इस मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

## सलोगड़ा ग्राम पंचायत में स्वच्छता अभियान चलाया

**अनंत ज्ञान, सोलन।** ग्राम पंचायत सलोगड़ा में स्वच्छ एवं सुंदर गांव के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से निरंतर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में वार्ड नंबर-5 गण की सेर में वार्ड सदस्य विद्यावती के नेतृत्व में विशेष सफाई अभियान आयोजित किया गया। अभियान में स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए गलियों, सार्वजनिक स्थलों और आसपास के क्षेत्रों की सफाई की तथा एकत्रित कूड़े का उचित निस्तारण किया। इस दौरान ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने, प्लास्टिक कचरा इधर-उधर न फेंकने और अपने आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा रखने का संदेश भी दिया गया। वार्ड सदस्य विद्यावती ने कहा कि स्वच्छ गांव का निर्माण केवल जनभागीदारी से ही संभव है और ऐसे अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे। पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से स्वच्छता को अपनी दैनिक आदत बनाने तथा गांव को साफ और स्वस्थ रखने में सहयोग देने की अपील की। ग्रामीणों ने अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

# हिंदी शिक्षण में नवाचार को लेकर गुरुकुल में कार्यशाला आयोजित



अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोलन में 11 और 12 जुलाई को दो दिवसीय हिंदी शिक्षण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य हिंदी शिक्षण को अधिक प्रभावी, रोचक, गतिविधि-आधारित और तकनीक-संपन्न बनाना था, ताकि विद्यार्थियों में भाषा के प्रति रुचि बढ़े और वे आत्मविश्वास के साथ अपने विचार अभिव्यक्त कर सकें।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या सागरिका बख्शी तथा आर्मी पब्लिक स्कूल चंडीमंदिर की संसाधन विशेषज्ञाओं जोशना देवी और मिथिलेश आर्या ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अतिथियों का पौधा भेंट कर स्वागत एवं सम्मान भी किया गया।

कार्यशाला में विशेषज्ञों ने हिंदी शिक्षण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डिजिटल टूल्स, इंटरैक्टिव प्लेटफॉर्म, गतिविधि-आधारित शिक्षण, अनुभवात्मक अधिगम और दक्षता-आधारित शिक्षण के प्रभावी उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कई व्यावहारिक गतिविधियां भी करवाईं, जिन्हें शिक्षक अपनी कक्षाओं में आसानी से लागू कर सकते हैं। जिला सोलन के विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों ने समूह चर्चा, भाषा-खेल, प्रस्तुतीकरण और व्यावहारिक अभ्यासों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### बागा में ट्रक ऑपरेटरों की बैठक, 19 जुलाई को होगी विशेष सभा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दि मांगल लैंड लूजर प्रभावित परिवहन सहकारी सभा के बागा स्थित अर्की घटक की बैठक शनिवार को उपाध्यक्ष संजय ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में प्रबंधक समिति के सदस्यों के साथ अर्की क्षेत्र की 55 पंचायतों से जुड़े ट्रक ऑपरेटरों ने भाग लिया। सभा में बताया गया कि सहकारी सभा के अर्की और मांगल दो घटक हैं तथा माल ढुलाई के बंटवारे का मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। फिलहाल अंतरिम आदेश के तहत अर्की घटक को 38 प्रतिशत और मांगल घटक को 62 प्रतिशत माल ढुलाई कार्य दिया जा रहा है। बैठक में अर्की घटक के ट्रक ऑपरेटरों की लंबे समय से चली आ रही पृथक कार्य संचालन की मांग पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 19 जुलाई को पंचायत चमाकड़ी पुल में अर्की घटक के सभी ट्रक ऑपरेटरों की विशेष बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें भविष्य की रणनीति पर निर्णय लिया जाएगा। सभा ने सभी ऑपरेटरों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने की अपील की।

### डॉ. शांडिल 13 जुलाई को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 13 जुलाई, 2026 को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल 13 जुलाई, 2026 को प्रातः 10:30 बजे सोलन के राजकीय महाविद्यालय में डिजिटल पुस्तकालय का शुभारंभ करेंगे स्वास्थ्य मंत्री तदोपरांत जन समस्याएं भी सुनेंगे।

### ग्राम पंचायत नई नेटी में हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा कार्यालय यशवंत नगर द्वारा 'एफ-1 योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु एक माह के संतृप्ति अभियान' के अंतर्गत ग्राम पंचायत नई नेटी में एक विशेष वित्तीय साक्षरता एवं जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बैंक के कर्मचारी हनीश शर्मा तथा अधीनस्थ कर्मचारी मस्त राम उपस्थित रहे। शिविर के दौरान प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना , प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। इसके साथ ही निष्क्रिय प्रधानमंत्री जन धन खातों को सक्रिय करने, लंबित खातों की तैयार करने, बचत खातों में केवाईसी एवं नामांकन अद्यतन करने, पीएमजेडीवाई एवं अन्य बचत खातों की पुनः केवाईसी करने तथा वंचित वयस्कों के नए प्रधानमंत्री जन धन खाते खोलने संबंधी जानकारी एवं सेवाएं प्रदान की गईं। इसके अतिरिक्त शिविर में डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव, सुरक्षित ऑनलाइन लेन-देन तथा वित्तीय साक्षरता विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा सुरक्षित बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

### राजगढ़ आईटीआई में अप्रेंटिसशिप मेला, 200 युवाओं को मिलेगा मौका

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) राजगढ़ में 13 जुलाई 2026 को अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला क्षेत्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता निदेशालय के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। मेले का उद्देश्य युवाओं को प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थानों में अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध करवाना है। इस रोजगार मेले में महाले फिल्टर प्राइवेट लिमिटेड बद्दी, स्वराज इंजन्स प्राइवेट लिमिटेड मोहाली, सेंट-गोबेन प्राइवेट लिमिटेड, साई कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड, गोदरेज एंड बॉयस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड सहित कई कंपनियां भाग लेंगी। आईटीआई प्रशासन के अनुसार मेले में 200 से अधिक युवाओं का चयन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को प्रतिमाह 15 हजार से 17 हजार रुपये तक स्टाइपेंड मिलेगा।

# डीसी सोलन के आदेशों को ठेंगा, अश्वनी खड्ड में पर्यटकों ने मनाई पिकनिक



अनंत ज्ञान

**सोलन।** जिला प्रशासन की सख्त चेतावनी के बावजूद पर्यटक अश्वनी खड्ड में पिकनिक मनाने से बाज नहीं आ रहे हैं। उपायुक्त सोलन द्वारा बारिश के मौसम को देखते हुए अगले दो माह तक नदी-नालों और खड्डों के आसपास जाने तथा पिकनिक मनाने पर प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन इसके बावजूद लोग नियमों की अनदेखी कर रहे हैं।

शनिवार व रविवार को अश्वनी खड्ड से एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें कई लोग खड्ड के बीच और किनारे पिकनिक मनाते दिखाई दे रहे हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और प्रशासन के आदेशों की अवहेलना पर सवाल खड़े कर रहा है।

गौरतलब है कि मानसून के दौरान अचानक जलस्तर बढ़ने और फ्लैश फ्लड का खतरा बना रहता है। इसी खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने लोगों और पर्यटकों को नदी-नालों से दूर रहने की अपील करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा को प्राथमिकता दें तथा मानसून के दौरान नदी, खड्ड और नालों के आसपास जाने से बचें।

# लंबित डीपीसी और सीएएस को लेकर राजकीय महाविद्यालय सोलन में शिक्षकों का प्रदर्शन



गेट मीटिंग करते सोलन कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** हिमाचल गवर्नमेंट कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन (एचजीसीटीए) की केंद्रीय कार्यकारिणी के आह्वान पर राजकीय महाविद्यालय सोलन की स्थानीय इकाई ने अपनी मांगों को लेकर महाविद्यालय परिसर के बाहर गेट मीटिंग आयोजित की। इस दौरान कॉलेज प्राध्यापकों ने विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की लंबित बैठकों और पात्र शिक्षकों के लिए करियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) लागू न किए जाने पर नाराजगी जताई। गेट मीटिंग की अध्यक्षता एचजीसीटीए सोलन इकाई के अध्यक्ष डॉ. बीएन कमल ने की, जबकि सचिव डॉ. मंजू ठाकुर ने बैठक का संचालन किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के बड़ी संख्या में प्राध्यापक शामिल हुए और उन्होंने लंबे समय से लंबित मांगों के समाधान में हो रही देरी पर चिंता व्यक्त की। डॉ. बीएन कमल ने कहा कि विभागीय पदोन्नति समिति की बैठकें समय पर आयोजित होना और पात्र शिक्षकों को करियर एडवांसमेंट स्कीम का लाभ मिलना उनका अधिकार है। उन्होंने कहा कि पदोन्नति प्रक्रिया में देरी से शिक्षकों के मनोबल पर असर पड़ रहा है। साथ ही, इससे उच्च शिक्षा क्षेत्र में बेहतर कार्य वातावरण बनाए रखने में भी कठिनाई आ रही है।

उन्होंने कहा कि शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के लिए समय पर पदोन्नति और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाना जरूरी है। इससे न केवल शिक्षकों को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने में भी मदद मिलेगी। एसोसिएशन की सचिव डॉ. मंजू ठाकुर ने कहा कि संगठन लंबे समय से सरकार और संबंधित विभागों के समक्ष अपनी मांगें रखता आ रहा है।

## विकास खंड शिलाई में कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला में चल रहे विशेष प्रचार अभियान के तहत विकास खंड शिलाई की अजरौली और शखोली पंचायतों में फोक मीडिया कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभागीय अनुमोदित दल आरूषी ग्रामीण संस्थान के कलाकारों ने गीतों और नाटक के माध्यम से लोगों को प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया गया। कलाकारों ने स्वर्ण जयंती आश्रय योजना की जानकारी देते हुए बताया कि पात्र परिवारों को मकान निर्माण के लिए आर्थिक सहायता दी जा रही है। साथ ही स्वरोजगार योजना, हस्तशिल्प विकास योजना और ब्याज मुक्त शिक्षा ऋण योजना के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया।

# सोलन के आदित्य ठाकुर का 'खेलो इंडिया एथलीट' के लिए चयन 8 वर्षों तक मिलेगा प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान

**सोलन।** जिला सोलन के गांव कोटखुर्द (ओच्छघाट) निवासी और स्पोर्ट्स हॉस्टल रोहड़ू के प्रतिभाशाली वॉलीबॉल खिलाड़ी आदित्य ठाकुर का भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा 'खेलो इंडिया एथलीट' के लिए चयन किया गया है। भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से जारी सूची में स्थान मिलने के बाद सोलन सहित खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है।

आदित्य ठाकुर स्पोर्ट्स हॉस्टल रोहड़ू से वॉलीबॉल में 'खेलो इंडिया एथलीट' के लिए चयनित होने वाले सातवें खिलाड़ी बन गए हैं। इस योजना के तहत उन्हें अगले आठ वर्षों तक उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, आधुनिक खेल सुविधाएं और अन्य आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। आदित्य इससे पहले भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। उन्होंने 69वें नेशनल स्कूल गेम्स की अंडर-19



वॉलीबॉल प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए टीम को रजत पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। उनके शानदार प्रदर्शन ने प्रदेश का गौरव बढ़ाया और अब 'खेलो इंडिया एथलीट' में चयन के साथ उनके खेल करियर को नई दिशा मिली है।

आदित्य की इस उपलब्धि पर उनके परिवार, कोच, स्पोर्ट्स हॉस्टल रोहड़ू के प्रशिक्षकों तथा खेल विभाग के अधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है। वहीं, सोलन जिले के खेल प्रेमियों और स्थानीय लोगों ने भी उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई है कि आदित्य भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर जिले और प्रदेश का नाम और अधिक रोशन करेंगे। आदित्य ठाकुर की इस उपलब्धि को सोलन जिले के लिए गौरवपूर्ण पल माना जा रहा है।

खेल विशेषज्ञों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों से निकलकर युवा खिलाड़ी लगातार अपनी प्रतिभा साबित कर रहे हैं। आदित्य का चयन अन्य खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणा बनेगा। उनके कोच ने बताया कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और नियमित अभ्यास के चलते उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। परिवार और खेल प्रेमियों ने उम्मीद जताई है कि आदित्य आने वाले समय में देश के लिए पदक जीतकर नाम रोशन करेंगे। आदित्य ठाकुर की सफलता से सोलन जिले के युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह बढ़ा है। स्थानीय लोगों ने कहा कि बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं मिलने से पहाड़ी क्षेत्रों की प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं।

# ज्ञान विज्ञान समिति के राज्य सम्मेलन में जिला प्रतिनिधियों ने पेश की दो वर्षों की कार्य रिपोर्ट

अनंत ज्ञान

**सोलन।** हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति (एचजीवीएस) के 21वें राज्य सम्मेलन के दूसरे दिन रविवार को सोलन के कोठो स्थित ऑडिटोरियम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों ने अपने-अपने जिलों की गतिविधियों और पिछले दो वर्षों में किए गए कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रतिनिधियों ने संगठन की उपलब्धियों, जनजागरूकता अभियानों और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों की जानकारी साझा की।

समीक्षा सत्र में हरियाणा से प्रो. प्रमोद गौरी और मनीषा हंस, झारखंड से प्रो. काशी नाथ चटर्जी तथा पंजाब से कुलवंत सिंह ने विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया। समिति के महासचिव सत्यवान पुंडीर ने बताया कि सम्मेलन में बीते दो वर्षों के कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ भविष्य की कार्ययोजना पर भी विस्तार से चर्चा की गई। सम्मेलन के तकनीकी सत्रों में




कार्यक्रम के दौरान एंटी चिट्टा रैली निकालते समिति के सदस्य। अनंत ज्ञान

वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नागरिक शिक्षा, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, सामाजिक न्याय और लैंगिक समानता जैसे समसामयिक विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। इस दौरान शहर में जागरूकता रैली भी निकाली गई तथा सांस्कृतिक जत्थे के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सामाजिक समस्याओं पर प्रभावशाली संदेश दिए।

ज्ञान विज्ञान समिति सोलन के जिला अध्यक्ष डॉ. बी.एस. पंवार ने बताया कि तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन में प्रदेशभर से करीब 250 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। सम्मेलन के दौरान संगठन की आगामी कार्ययोजना, वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर व्यापक मंथन किया जा रहा है। सम्मेलन में प्रदेशभर से आए प्रतिनिधियों ने विज्ञान को आम लोगों तक पहुंचाने, विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और सामाजिक समस्याओं के समाधान में विज्ञान की भूमिका बढ़ाने पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि ज्ञान-विज्ञान समिति लगातार जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कर रही है।

# हिम बस कार्ड योजना से सिरमौर में हजारों यात्रियों को मिली राहत

अनंत ज्ञान

**सिरमौर।** हिमाचल प्रदेश सरकार की हिम बस कार्ड योजना जिला सिरमौर में आम लोगों, विद्यार्थियों, महिलाओं और दिव्यांगजनों के लिए राहत का माध्यम बन रही है। हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की इस योजना के तहत पात्र नागरिकों को निःशुल्क या रियायती दरों पर बस यात्रा की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। इससे शिक्षा, रोजगार और उपचार जैसी आवश्यकताओं के लिए लोगों का आवागमन आसान हुआ है।

जिले में योजना के तहत 29 श्रेणियों के पात्र नागरिकों को लाभ दिया जा रहा है। इसमें सरकारी व निजी शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी, दिव्यांगजन, स्वतंत्रता सेनानी, मान्यता प्राप्त पत्रकार, शौर्य पुरस्कार विजेता सैनिक, युद्ध विधवाएं तथा गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीज शामिल हैं। विद्यार्थियों को खेल, सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए एचआरटीसी की साधारण बसों में 50 प्रतिशत किराया रियायत भी दी जा रही है। आईटीआई नाहन के प्रशिक्षुओं ने बताया कि पहले उन्हें हर महीने बस किराए पर बड़ी राशि खर्च करनी पड़ती थी, लेकिन हिम बस पास बनने के बाद उनका यात्रा खर्च काफी कम हो गया है। इससे परिवारों पर आर्थिक बोझ भी घटा है।

एचआरटीसी की ओर से अधिक से अधिक लोगों तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। दूरदराज क्षेत्रों में पहुंचकर पात्र लोगों के हिम बस कार्ड बनाए जा रहे हैं। वर्ष 2026 में अब तक जिला सिरमौर में 11,855 हिम बस कार्ड जारी किए जा चुके हैं। इनमें नाहन इकाई से 10,119 और पांवटा साहिब इकाई से 1,736 बस पास जारी किए गए हैं। नाहन इकाई के माध्यम से 5,332 महिलाओं, 1,909 सरकारी स्कूल विद्यार्थियों और 991 महाविद्यालय विद्यार्थियों सहित कई अन्य लाभार्थियों को सुविधा मिली है।

# कालूझंडा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, 300 लोगों को मिला लाभ

## विशेषज्ञ चिकित्सकों ने लीवर और स्त्री रोग संबंधी समस्याओं की जांच कर लोगों को दिए स्वास्थ्य संबंधी सुझाव

अनंत ज्ञान

**बीबीएन।** बीआरडी पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कालूझंडा में रविवार को स्वर्गीय आर.डी. शर्मा की स्मृति में बिलास फाउंडेशन की ओर से निःशुल्क लीवर एवं स्त्री रोग स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के लगभग 300 लोगों ने पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी परामर्श लिया और विभिन्न जांच सुविधाओं का लाभ उठाया।

शिविर का शुभारंभ चिकित्सा एवं एंडोस्कोपी विशेषज्ञ डॉ. टी.पी. सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा ठाकुर ने डॉ. टी.पी. सिंह और वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीषा भगत का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों के लोगों के लिए काफी उपयोगी साबित होते हैं, क्योंकि लोगों को अपने स्वास्थ्य की जांच और



अनंत ज्ञान

विशेषज्ञ चिकित्सकों की सलाह एक ही स्थान पर मिल जाती है। शिविर के दौरान लीवर से संबंधित बीमारियों और महिलाओं में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की गई।

चिकित्सकों ने मरीजों को बीमारियों से बचाव, समय पर जांच करवाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान फाइब्रोस्कैन के माध्यम से लीवर कठोरता परीक्षण, अस्थि खनिज घनत्व (बीएमडी) जांच और लीवर कार्य परीक्षण (एलएफटी) सहित कई महत्वपूर्ण जांचें की गईं।

डॉ. टी.पी. सिंह और डॉ. मनीषा भगत ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बदलती जीवनशैली और खानपान की आदतों के कारण कई गंभीर बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में नियमित स्वास्थ्य जांच और शुरुआती स्तर पर बीमारी की पहचान बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य एस.डी. शर्मा, पुष्पेंद्र दुग्गल, अधिवक्ता डी.डी. शर्मा, अधिवक्ता एंजल शर्मा सहित विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने बिलास फाउंडेशन की इस पहल की सराहना की और कहा कि समाज सेवा से जुड़े ऐसे कार्यक्रम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में मददगार साबित होते हैं।

आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी जरूरतमंद लोगों के लिए इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को समय पर चिकित्सा सुविधा और विशेषज्ञों का मार्गदर्शन मिल सके। शिविर के सफल आयोजन में विद्यालय प्रबंधन और बिलास फाउंडेशन के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। शिविर के समापन अवसर पर आयोजकों ने सभी चिकित्सकों, सहयोगियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य लगातार जारी रखे जाएंगे।

# एनसीसी कैंप में कैडेट्स को साइबर सुरक्षा और नशामुक्ति का दिया संदेश

अनंत ज्ञान

**सोलन।** डॉ. वाई.एस. परमार विश्वविद्यालय परिसर में फर्स्ट एचपी (बॉयज) बटालियन एनसीसी सोलन द्वारा आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स को साइबर सुरक्षा और नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। शिविर का संचालन बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजीव थॉमस के निर्देशन में किया जा रहा है।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान साइबर इन्वेस्टिगेशन यूनिट (एसआईयू) सोलन के हेड कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह ने कैडेट्स को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में सतर्कता और जागरूकता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। साथ ही युवाओं को नशे के बढ़ते खतरे से आगाह करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और भविष्य को बर्बाद कर देता है। उन्होंने कैडेट्स से स्वयं नशे से दूर रहने और अपने मित्रों व समाज को भी इसके दुष्परिणामों



के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रसेवा के प्रतीक होते हैं, इसलिए उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनकर कार्य करना चाहिए।

शिविर के दौरान कैडेट्स ने मॉर्निंग पीटी, ड्रिल और विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सूबेदार मेजर सुनील कुमार राणा, ट्रेनिंग जेसीओ अतीक रहमान, एएनओ डॉ. सुभाष शर्मा, कमलेश, अरुण कुमार, दुष्यंत तथा सिविल स्टाफ के तेग बहादुर, धर्मेंद्र, ओम, नवीन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### दियोली में विशेष आधार कार्ड अपडेट शिविर कल

**अनंत ज्ञान, घनारी।** भारतीय डाक विभाग द्वारा आम नागरिकों की सुविधा के लिए 14 जुलाई को डाकघर दियोली में एक विशेष आधार कार्ड अपडेट शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस सेवा का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगा। इस शिविर का उद्देश्य लोगों को आधार कार्ड से संबंधित सभी आवश्यक सेवाएं उनके क्षेत्र में ही उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें छोटे-छोटे कार्यों के लिए दूर-दराज के कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। दियोली डाकघर के ब्रांच पोस्ट मास्टर रमेश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर सुबह से शुरू होगा, जिसमें आधार कार्ड से जुड़ी विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाएंगी। शिविर के दौरान आधार कार्ड में मोबाइल नंबर अपडेट, नाम में संशोधन, पता परिवर्तन, जन्म तिथि में सुधार, ई-मेल आईडी जोड़ने या अपडेट करने सहित अन्य आवश्यक बदलाव किए जाएंगे। इसके अलावा पात्र नागरिकों के आधार से जुड़े अन्य कार्य भी नियमानुसार किए जाएंगे।उन्होंने बताया कि जिन लोगों के आधार कार्ड में अभी तक मोबाइल नंबर लिंक नहीं हैं या किसी प्रकार की त्रुटि है, वे इस अवसर का लाभ अवश्य उठाएं। आधार आज लगभग हर सरकारी योजना, बैंकिंग सेवा, पेंशन, छात्रवृत्ति, राशन, स्वास्थ्य सेवाओं तथा अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के लिए आवश्यक दस्तावेज बन चुका है। ऐसे में आधार की सही और अद्यतन जानकारी होना बेहद जरूरी है।

### जान जोखिम में डालकर खड्ड पार कर रहे लोग



**अनंत ज्ञान, घनारी।** तहसील घनारी के अंतर्गत पड़ने वाली दियोली खड्ड ने रविवार को एक बार फिर अपना रौद्र रूप दिखाकर लोगों की चिंता बढ़ा दी। दोपहर बाद अचानक घने बादलों और तेज हवाओं के बीच मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। करीब एक घंटे तक हुई बारिश के चलते दियोली खड्ड में देखते ही देखते भारी जलप्रवाह आ गया और कुछ समय के लिए वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रभावित हो गई। खड्ड के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लोगों को पानी का स्तर कम होने का इंतजार करना पड़ा। जलस्तर घटने के बाद यातायात दोबारा शुरू हुआ, लेकिन इसके बावजूद कई दोपहिया वाहन चालक अपनी जान जोखिम में डालकर तेज बहाव के बीच खड्ड पार करने लगे। इसी दौरान एक प्रवासी युवक ने भी अपनी मोटरसाइकिल को पानी में उतार दिया, लेकिन बीच बहाव में उसकी बाइक फंस गई। काफी मशक्कत के बाद वह किसी तरह सुरक्षित बाहर निकल आया, हालांकि उसकी चप्पलें तेज बहाव में बह गईं।हैरानी की बात यह रही कि कुछ देर बाद कई प्रवासी महिलाएं भी तेज बहाव के बावजूद खड्ड पार करने लगीं। पानी के तेज प्रवाह के बीच वे कई बार असंतुलित होती नजर आईं, लेकिन सौभाग्य से सकुशल दूसरी ओर पहुंच गईं। यदि उसी समय जलस्तर अचानक और बढ़ जाता, तो बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता था।

### ठठल की वर्षों पुरानी जल निकासी की समस्या हल

**अनंत ज्ञान, अंब।** विकास खंड अंब के अंतर्गत ग्राम पंचायत ठठल के वार्ड नंबर 6, 7 और 8 में वर्षों से चली आ रही जल निकासी की गंभीर समस्या का आखिरकार समाधान हो गया है। पंचायत की पहल पर लंबे समय से बंद पड़े नाले की जेसीबी मशीन से सफाई और खुदाई करवाई गई, जिससे बरसाती पानी की निकासी फिर से सुचारु हो गई है। इस कार्य से करीब 800 ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार, नाला लंबे समय से मिट्टी, झाड़ियों और मलबे से पूरी तरह बंद पड़ा था। इसके चलते हर वर्ष बरसात के मौसम में पानी की निकासी बाधित हो जाती थी। परिणामस्वरूप पानी सड़कों, खेतों और रिहायशी क्षेत्रों में जमा हो जाता था तथा कई घरों में पानी घुसने का खतरा बना रहता था। जलभराव के कारण किसानों की फसलें भी प्रभावित होती थीं और ग्रामीणों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ता था।

# प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री एक्सीलेंस अवार्ड बना मेधावियों की नई प्रेरणा

## उपमुख्यमंत्री मुकेश बोले- जीवन में कुछ बड़ा करने का संकल्प लें विद्यार्थी

अनंत ज्ञान

**ऊना।** प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री फाउंडेशन की ओर से शुरू की गई प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री एक्सीलेंस अवार्ड पहल का सकारात्मक प्रभाव अब स्पष्ट रूप से दिखाई देना शुरू हो गया है। पिछले वर्ष जहां हरोली विधानसभा क्षेत्र से हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले लगभग 150 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया था, वहीं इस बार ऐसे मेधावी विद्यार्थियों की संख्या बढ़कर 200 से अधिक हो गई। इनमें दसवीं कक्षा के 139 और जमा दो के 64 विद्यार्थी शामिल रहे। फाउंडेशन ने मेधावी विद्यार्थियों को 5100 रुपये एवं 3100 रुपये की नकद राशि, स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मानित किया। हरोली के पालकवाह ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मुख्य अतिथि के रूप में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे यहां से यह संकल्प लेकर जाएं कि जीवन में कुछ बड़ा करना है। उन्होंने कहा कि सफलता का मार्ग चुनौतियों से होकर गुजरता है, इसलिए कठिन परिस्थितियों से घबराने के बजाय उनका डटकर सामना करने के लिए स्वयं को तैयार करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

उपमुख्यमंत्री ने प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल पुरस्कार नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने का माध्यम बन गया है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष शुरू की गई इस पहल ने विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण तैयार किया है। इस बार 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या में हुई वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि ऐसे सम्मान बच्चों को और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में और अधिक विद्यार्थी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर इस सम्मान के पात्र बनेंगे।

### हरोली को शिक्षा का हब बनाने के प्रयास : मुकेश



**उपमुख्यमंत्री** ने कहा कि हरोली में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण तैयार करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लॉ कॉलेज से पढ़े अनेक विद्यार्थी आज देश के सर्वोच्च न्यायालय में वकालत कर रहे हैं, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हरोली विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। बहुत जल्द हरोली की सड़कों पर इलेक्ट्रिक बसें दौड़ती नजर आएंगी। वहीं खड्ड क्षेत्र में आधुनिक इनडोर स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है, जिस पर प्रथम चरण में लगभग 15 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे।

### पुरस्कार पाकर चहके मेधावी बच्चे

**छात्राओं** अनवी, सुखजीत कौर और पारुल ने कहा कि पिछले वर्ष शुरू किए गए इस सम्मान से उन्हें प्रेरणा मिली थी और उसी प्रेरणा के बल पर उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का सम्मान विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ बेहतर प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रेरित करता है। समारोह के दौरान विद्यार्थियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री के जीवन पर आधारित एक प्रेरणादायी लघु फिल्म प्रदर्शित की गई।

# नगर परिषद संतोषगढ़ से आवारा कुत्तों से निजात दिलाने की मांग

अनंत ज्ञान



**संतोषगढ़।** नगर पंचायत से नगर परिषद बनने के बावजूद संतोषगढ़ में आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या लोगों के लिए गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। शहर के विभिन्न वार्डों में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे खासकर बच्चों, बुजुर्गों और रात के समय आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चुनाव के दौरान विकास के बड़े-बड़े वादे किए गए थे, लेकिन आवारा कुत्तों की समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। रात के समय गलियों में कुत्तों के झुंड बैठे रहते हैं, जिससे अकेले पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। स्कूल आने-जाने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी अभिभावकों में चिंता है।

स्थानीय निवासी हरि कृष्ण सैनी ने कहा कि लगभग हर वार्ड में आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ चुकी है, लेकिन आज तक किसी भी पार्षद की ओर से इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। वहीं, रविंदर काकू ने बताया कि रात के समय गलियों में पैदल चलना मुश्किल हो गया है। कई बार कुत्ते अचानक हमला करने के लिए दौड़ पड़ते हैं। ऐसे में लोगों को खुद को बचाने के लिए किसी कोने में छिपना पड़ता है या डंडे जैसी किसी वस्तु का सहारा लेना पड़ता है। नरेश चौधरी का कहना है कि पालतू कुत्तों का नगर परिषद में अनिवार्य पंजीकरण होना चाहिए, ताकि आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण पाया जा सके। वहीं, इस संबंध में नगर परिषद संतोषगढ़ के उपाध्यक्ष एडवोकेट संदीप पहेश ने कहा कि नई नगर परिषद समिति का गठन अभी हुआ है। पहली बैठक में इस मुद्दे पर गंभीरता से चर्चा की जाएगी। सभी पार्षदों की सहमति से संबंधित विभाग से संपर्क कर समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि फिलहाल नगर परिषद की जिम्मेदारी कार्यकारी अधिकारी (ईओ) के पास है।

## गांव-गांव से निकल रहीं खेल प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल का नाम कर रहीं रोशनः वीरेंद्र

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** जिला सोलन के अर्की विधानसभा क्षेत्र के दाड़लाघाट में क्रीड़ा भारती संस्था द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला उत्साह और रोमांच के बीच संपन्न हुआ। इस भव्य प्रतियोगिता पर राष्ट्रीय वॉलीबॉल फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश के पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर आयोजकों ने उन्हें स्मृति चिन्ह एवं शॉल-टोपी भेंट कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में प्रदेशभर की 22 वॉलीबॉल टीमों ने भाग लिया और खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मुख्यातिथि वीरेंद्र कंवर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा सेमी फाइनल मुकाबले का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के अनुशासित एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, समर्पण, आत्मविश्वास और टीम भावना का सबसे बड़ा विद्यालय हैं। ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और आगे बढ़ने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं। अपने संबोधन में वीरेंद्र कंवर ने कहा कि आज देश में खेलों के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि 'यह मोदी युग है। आज गांव-गांव से खिलाड़ियों को खोजकर उनकी प्रतिभा को निखारने का कार्य किया जा रहा है। बेहतर खेल सुविधाओं और मंचों के माध्यम से हमारी देवभूमि हिमाचल के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।' उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की खेलो इंडिया जैसी योजनाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को नई पहचान दिलाई है।

# नशे के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

## विधायक विवेक शर्मा ने लठियानी-हटली स्कूलों में नशा निवारण रैली के प्रतिभागियों का बढ़ाया उत्साह

अनंत ज्ञान



**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने रविवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लठियानी तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटली का दौरा कर नशा निवारण रैली में सक्रिय सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को लंच बॉक्स भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी ही समाज और राष्ट्र का भविष्य हैं, इसलिए उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस कार्यक्रम के दौरान विधायक विवेक शर्मा की धर्मपत्नी मृदु शर्मा एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल इंस्पेक्टर रोहित चौधरी भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। दोनों स्कूलों के विद्यार्थियों से संवाद कर विवेक शर्मा ने उन्हें शिक्षा, अनुशासन, खेल और संस्कारों के महत्व से अवगत कराया,विद्यालय प्रबंधन,अध्यापकों तथा विद्यार्थियों ने विधायक एवं उनकी धर्मपत्नी का गर्मजोशी से स्वागत किया।

### फास्ट फूड और बाहरी खाने से करें परहेज

**विधायक** विवेक शर्मा ने विद्यार्थियों से संबोधन में कहा कि अच्छा स्वास्थ्य ही सफलता की पहली सीढ़ी है। उन्होंने बच्चों को घर का पौष्टिक भोजन खाने की सलाह देते हुए कहा कि फास्ट फूड और बाहरी भोजन से यथासंभव दूरी बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में जंक फूड का चलन तेजी से बढ़ा है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

# भरठवाण में सजी साहित्य की महफिल कविताओं से गूंजा शिव मंदिर परिसर



कार्यक्रम में उपस्थित सभी साहित्यकार।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर लेखक संघ की मासिक बैठक एवं काव्य गोष्ठी गांव भरठवाण के शिव मंदिर में आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन संघ के कोषाध्यक्ष रविंद्र साथी के सौजन्य से हुआ, जिसमें बिलासपुर और हमीरपुर जिलों के करीब 30 साहित्यकारों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र ठाकुर ने की, जबकि मुख्यातिथि मंदिर समिति एवं ग्राम पंचायत बाहणवीं के प्रधान अच्युत शर्मा रहे। मंच संचालन महासचिव रविंद्र कुमार शर्मा ने किया।

अच्युत शर्मा ने बिलासपुर लेखक संघ द्वारा लोक साहित्य और संस्कृति संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि साहित्य समाज को दिशा देने का प्रभावी माध्यम है। प्रथम सत्र में साहित्यिक चर्चा हुई और रविंद्र साथी ने शिव मंदिर एवं भरठवाण गांव के इतिहास पर पत्रवाचन किया। काव्य गोष्ठी में साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। डॉ. अनेक राम संख्यान ने गीत प्रस्तुत किया, जबकि तिलकराज ने माउथ ऑर्गन पर मधुर धुन सुनाई। महिला मंडल भरठवाण ने नशा उन्मूलन पर आधारित प्रस्तुति देकर सभी की सराहना हासिल की। समापन अवसर पर मंदिर समिति की ओर से साहित्यकारों को स्मृति चिह्न और प्रसाद भेंट किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## एचपीयू परीक्षा नियंत्रक ने बिलासपुर कॉलेज का किया औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. श्याम लाल ने शनिवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर के परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए परीक्षा प्रबंधन पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं पारदर्शी एवं सुचारु पाई गईं। आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. रीतु शर्मा द्वारा विजिटर्स रजिस्टर प्रस्तुत किए जाने पर प्रो. श्याम लाल ने लिखित टिप्पणी में महाविद्यालय प्रशासन की सराहना की। उन्होंने वर्ष 1952 में स्थापित इस प्रतिष्ठित संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए बीएससी की छात्रा शगुन द्वारा प्रमुख गणित विषय में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अंतर्गत तीसरा स्थान प्राप्त करने को भी सराहनीय बताया।

उन्होंने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी.एस. कटवाल, परीक्षा केंद्र अधीक्षक प्रो. श्रवण कुमार तथा प्रो. अपर्णा शर्मा की परीक्षा संचालन में निभाई गई भूमिका की प्रशंसा करते हुए विश्वास जताया कि महाविद्यालय भविष्य में भी शैक्षणिक उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयां हासिल करेगा।

# ज्वालाजी में ढोल-नगाड़ों से निकली प्राथमिक शिक्षा बचाओ न्याय यात्रा

अनंत ज्ञान



**राकेश चंदेल, स्वारघाट।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हिमाचल प्रदेश की ओर से प्राथमिक शिक्षा बचाओ न्याय यात्रा रविवार को मां ज्वालाजी के दरबार में माथा टेककर विधिवत शुरू हो गई। राज्य अध्यक्ष रमेश शर्मा के नेतृत्व में निकली इस पदयात्रा का ज्वालाजी क्षेत्र के प्राथमिक शिक्षकों ने सैकड़ों की संख्या में ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। ज्वालाजी चौक से पूरे बाजार तक यात्रा का जोरदार अभिनंदन किया गया।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश शर्मा ने कहा कि यह न्याय यात्रा प्रदेश की प्राथमिक शिक्षा और शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए निकाली जा रही है। यात्रा को प्राथमिक शिक्षकों, प्राथमिक शिक्षा से जुड़े कर्मचारियों तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों का व्यापक समर्थन मिल रहा है। यह यात्रा 25 जुलाई को शिमला पहुंचेगी, जबकि 26 जुलाई को चौड़ा मैदान शिमला में विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि संघ न्यू कंपलेक्स सिस्टम सहित 25 प्रमुख मांगों को लेकर आंदोलन कर रहा है। यात्रा की विशेष बात यह है कि संघ के पूर्व राज्य अध्यक्ष एवं छह वर्ष पूर्व सेवानिवृत्त हो चुके देवेंद्र केवला भी लगातार पैदल यात्रा में शामिल हैं और सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षकों को आंदोलन से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं।

संघ पदाधिकारियों ने कहा कि भारी बारिश के बावजूद न्याय यात्रा लगातार जारी है और आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्राथमिक शिक्षक संघ का संघर्ष आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव तक जारी रहेगा, जब तक शिक्षकों और प्राथमिक शिक्षा से जुड़े मुद्दों का समाधान नहीं हो जाता।

## इशान अख्तर को 'शान-ए-बिलासपुर' सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल एकता मंच और सिंदूर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जिला परिषद भवन बिलासपुर में आयोजित 'शान-ए-बिलासपुर' सम्मान समारोह में युवा इशान अख्तर को वॉटर स्पोर्ट्स और सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हिमुडा के डायरेक्टर जितेंद्र चंदेल मुख्यातिथि रहे, जबकि अध्यक्षता हिमाचल एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपलाल भारद्वाज ने की। चंदेल ने युवाओं से खेल, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। शान अख्तर को हिमाचल में वॉटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने और 'ऑपरेशन मुक्ति' अभियान के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करने के लिए सम्मानित किया गया।




## बाल समागम में 1100 बच्चों ने दिया नशामुक्ति का संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** संत निरंकारी मंडल, ब्रांच दधोल (जोन हमीरपुर) के तत्वावधान में आयोजित जोन स्तरीय बाल समागम में ऊना, हमीरपुर और बिलासपुर की विभिन्न शाखाओं से करीब 1100 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने गीत, भजन, कव्वाली, समूहगान, लघु नाटक और भाषणों के माध्यम से मानवता, प्रेम, सेवा, सद्भाव, भक्ति और नशामुक्ति का संदेश दिया। मुख्य वक्ता बहन अनु बाला (लुधियाना) ने बच्चों से माता-पिता का सम्मान करने और भक्ति को जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अच्छे संस्कार और आध्यात्मिक सोच व्यक्ति को श्रेष्ठ नागरिक बनाते हैं। जोन प्रमुख गोवर्धन दास शर्मा ने बच्चों को नशे से दूर रहकर शिक्षा पर ध्यान देने और परिवार व देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। अंत में ब्रांच प्रमुख प्रकाश चंद ने बच्चों, अभिभावकों, सेवादारों और आयोजन टीम का आभार जताया।

# आर्ट ऑफ लिविंग ने मीडिया समन्वय को लेकर बनाई रणनीति : मनीषा

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग की प्रदेश स्तरीय मीडिया को-ऑर्डिनेटरों की बैठक गुजरेहड़ा स्थित कैलाश आश्रम में आयोजित हुई। बैठक में मीडिया समन्वय, प्रेस संबंधों और प्रभावी संचार व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रदेशभर के जिला मीडिया को-ऑर्डिनेटरों ने इसमें भाग लिया।

नेशनल मीडिया को-ऑर्डिनेटर मनीषा ठाकुर ने कहा कि मीडिया समन्वय में तथ्यपरकता, विश्वसनीयता और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मीडिया को-ऑर्डिनेटरों की भूमिका केवल प्रेस विज्ञप्ति भेजने तक सीमित नहीं है, बल्कि पत्रकारों और मीडिया संस्थानों के साथ विश्वासपूर्ण एवं दीर्घकालिक संबंध स्थापित करना भी उनकी जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर समयबद्ध और प्रमाणिक सूचनाओं के आदान-प्रदान से समाचारों की गुणवत्ता बेहतर होगी। साथ ही प्रेस विज्ञप्तियों में संस्था के संस्थापक श्री श्री रवि शंकर के विजन, मानव मूल्यों और सेवा कार्यों को प्रमुखता से शामिल करने पर भी बल दिया। स्टेट मीडिया को-ऑर्डिनेटर तृप्ता शर्मा और डिप्टी स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर जीएल वर्मा ने प्रभावी प्रेस विज्ञप्ति लेखन, समाचार प्रस्तुति और मीडिया से बेहतर संवाद के व्यावहारिक पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया।

बैठक में आर्ट ऑफ लिविंग के सेवा, आध्यात्मिक और मानव मूल्यों के संदेश को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने के लिए मजबूत और विश्वसनीय संचार तंत्र विकसित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

# संगठन और जनमुद्दों पर स्वाभिमान पार्टी की बैठक

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के पंजगाई स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर आश्रम में स्वाभिमान पार्टी की राष्ट्रीय कार्य समिति की दो दिवसीय बैठक रविवार को संपन्न हुई। पार्टी के संरक्षक परमपूज्य स्वामी राम मोहनदास महाराज के सान्निध्य में आयोजित बैठक में हिमाचल प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, दिल्ली और हरियाणा के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में संगठन को प्रत्येक जिले, विकास खंड और बूथ स्तर तक मजबूत करने, सदस्यता अभियान, प्रशिक्षण शिविर तथा जनसंवाद कार्यक्रम चलाने का निर्णय लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष केएल शर्मा ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले संगठन का व्यापक विस्तार किया जाएगा। कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशलेंद्र नारायण ने महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था और जनहित के मुद्दों पर देशव्यापी जनजागरण अभियान चलाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पार्टी लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से जनता के बीच अपनी नीतियां पहुंचाएगी। बैठक में बिहार के सामाजिक कार्यकर्ता भरत तिवारी की हत्या तथा अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावे से जुड़े कथित अनियमितताओं जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। पार्टी नेताओं ने इन मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग की। (ये दावे पार्टी नेताओं द्वारा बैठक में व्यक्त विचार हैं।)

बैठक में राष्ट्रीय महासचिव सतीश कुमार त्रिपाठी, हरिनारायण स्वामी, डॉ. मदन सिंह राणा, स्वराज सिंह राणा, जोगिंद्र राणा, बृजलाल शर्मा सहित विभिन्न राज्यों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कानून व्यवस्था सुधारने के लिए उठाएं प्रभावी कदमः हीरा पाल सिंह

अनंत ज्ञान


**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ सचिव ठाकुर हीरा पाल सिंह ने कहा है कि बिलासपुर में हाल के दिनों में हुई आपराधिक घटनाओं से आम लोगों में चिंता का माहौल है। उन्होंने कहा कि जिले की शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना प्रशासन और समाज, दोनों की साझा जिम्मेदारी है।



उन्होंने कहा कि जिले में विकास परियोजनाओं, बढ़ती बेरोजगारी और नशे के कारोबार जैसी चुनौतियों पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है। उनका मानना है कि किसी भी प्रकार के असामाजिक तत्वों को राजनीतिक संरक्षण या किसी भी स्तर पर प्रोत्साहन नहीं मिलना चाहिए तथा कानून सभी के लिए समान रूप से लागू होना चाहिए। हीरा पाल सिंह ने कहा कि यदि कानून का सख्ती से पालन किया जाए और अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए तो ऐसी घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के विरुद्ध निष्पक्ष और समयबद्ध कार्रवाई से आम जनता का कानून पर विश्वास और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि हाल की घटनाओं के कारण बिलासपुर की छवि प्रभावित हुई है, जिसे सुधारने के लिए प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और समाज के सभी वर्गों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने लोगों से भी शांति बनाए रखने, अफवाहों से बचने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक धीमान से लोगों को काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में पुलिस अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करेगी, कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाएगी तथा आम नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास मजबूत होगा।

## आईटीआई विद्यार्थियों का दल कजाकिस्तान रवाना



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश के आईटीआई विद्यार्थियों का दल तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर विजिट के लिए कजाकिस्तान रवाना हुआ। इस अवसर पर राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को वैश्विक स्तर की तकनीकी शिक्षा, आधुनिक औद्योगिक तकनीकों और अंतरराष्ट्रीय कार्य संस्कृति से जोड़ने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के कौशल विकास, आत्मविश्वास और रोजगार के अवसरों को नई दिशा देंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से विदेश में हिमाचल और भारत का बेहतर प्रतिनिधित्व करने तथा वहां से प्राप्त ज्ञान और अनुभव का उपयोग प्रदेश के विकास में करने का आह्वान किया। यह विजिट विद्यार्थियों को तकनीकी प्रशिक्षण, नवाचार और उद्योगों की कार्यप्रणाली समझने का अवसर प्रदान करेगी।

## बिलासपुर में खो-खो प्रतियोगिताओं का खाका तैयार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला एमेच्योर खो-खो एसोसिएशन बिलासपुर की बैठक जुखाला में जिलाध्यक्ष पवन ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में वर्ष 2026-27 की प्रतियोगिताओं की रूपरेखा तय की गई। निर्णय लिया गया कि जिला स्तरीय सीनियर पुरुष एवं महिला खो-खो प्रतियोगिता अगस्त में आयोजित होगी। इसके लिए विभिन्न खंडों के प्रभारी नियुक्त किए गए। वहीं, सितंबर में पहली बार जिला स्तर पर 'अस्मिता खो-खो महिला लीग' आयोजित की जाएगी, जिसमें छह महिला टीमें भाग लेंगी। पवन ठाकुर ने बताया कि नवंबर में बिलासपुर में सीनियर पुरुष एवं महिला वर्ग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता करवाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में एसोसिएशन की गतिविधियों को सुचारु चलाने के लिए स्वैच्छिक अंशदान लेने का भी निर्णय लिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### नीट पेपर मामले में कांग्रेस का मशाल जुलूस



**अनंत ज्ञान, चंबा।** नीट पेपर लीक मामले के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी चंबा के नेतृत्व में शनिवार शाम चंबा बाजार में मशाल जुलूस निकाला गया। प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में छात्र और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अधिवक्ता सुरजीत शर्मा भरमौरी ने कहा कि पेपर लीक की घटनाओं से युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है। उन्होंने परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोनम पठानिया, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हजारों कर्मियों को मिलेगा ओपीएस का लाभ

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने हजारों कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए 15 मई 2003 से पहले विज्ञापित अथवा अधिसूचित पदों पर भर्ती कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) में शामिल होने का अवसर प्रदान किया है। वित्त (पेंशन) विभाग द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन के अनुसार पात्र कर्मचारी 31 अक्टूबर 2026 तक एकमुश्त विकल्प भर सकेंगे। हिमाचल प्रदेश जेबीटी बैच 2006-08 के राज्य अध्यक्ष सुनील जरियाल ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे कर्मचारियों के लंबे संघर्ष की जीत बताया। उन्होंने कहा कि अगस्त 2023 से इस मांग को सरकार के समक्ष लगातार उठाया गया। पात्र कर्मचारियों को एनपीएस से बाहर कर सीसीएस (पेंशन) नियम, 1972 और जीपीएफ के तहत शामिल किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री सहित सरकार का आभार जताते हुए कर्मचारियों से समय पर विकल्प पत्र भरने की अपील की।

### पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने की अपील की

**अनंत ज्ञान, रोशन लाल, किलाड़ (पांगी)।** स्वच्छ, सुंदर और हरित पांगी के संकल्प को लेकर पांगी टैक्सी यूनियन ने रविवार को सराहनीय पहल करते हुए टैक्सी स्टैंड और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान में यूनियन के करीब 30 सदस्यों ने भाग लिया और प्लास्टिक कचरे, खाली बोतलों सहित अन्य अपशिष्ट को एकत्रित कर उचित निस्तारण किया। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने लोगों से सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाने और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने की अपील की। अभियान में अध्यक्ष राज सोनी, उपाध्यक्ष सुनील कुमार (सोनू), सचिव राजेश सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। यूनियन ने भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रखने का संकल्प लिया।

### 15 प्रशिक्षुओं ने हासिल की येलो-1 बेल्ट

**अनंत ज्ञान, चंबा।** नोजगे पब्लिक स्कूल सुंडला स्थित मार्शल आर्ट अकादमी में रविवार को राइसो तेकी गोजू रियो कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में कराटे ग्रेडिंग टेस्ट का आयोजन किया गया। इसमें अकादमी के 15 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया और सफलतापूर्वक परीक्षा उत्तीर्ण कर येलो-1 बेल्ट हासिल की। ग्रेडिंग टेस्ट कराटे इंस्ट्रक्टर सुनील कुमार (द्वितीय डिग्री ब्लैक बेल्ट) के नेतृत्व में हुआ, जबकि परीक्षण सेंसेई मुकेश ठाकुर (पंचम डिग्री ब्लैक बेल्ट) ने लिया। कोच सुनील कुमार ने कहा कि मार्शल आर्ट से बच्चों में आत्मविश्वास और आत्मरक्षा की क्षमता विकसित होती है। विद्यालय प्रधानाचार्य राज कुमार डोगरा ने सफल प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ भी मौजूद रहा।

# पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे बना मुसीबत, 24 घंटे में दूसरी बार थमा

## ट्रक फंसने से तीन घंटे लगा रहा जाम, एनएचएआई की तैयारियों पर उठे सवाल

अनंत ज्ञान

**ओपी शर्मा, भरमौर।** पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे की बदहाल स्थिति लगातार लोगों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। पिछले 24 घंटे के भीतर दूसरी बार इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित होने से यात्रियों, स्थानीय लोगों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



शनिवार देर शाम बत्ती हट्टी नामक स्थान पर पहाड़ी से हुए भारी भूस्खलन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग करीब दो घंटे तक सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहा। सड़क से मलबा हटाने के बाद यातायात बहाल किया गया, लेकिन लोगों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। वहीं रविवार सुबह करीब 8 बजे बीच रास्ते में एक ट्रक फंस जाने से हाईवे एक बार फिर पूरी तरह बंद हो गया। करीब 3 घंटे बद सड़क बहाल हो पाई सड़क पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई थीं और यातायात बहाल नहीं हो पाया था। इससे मणिमहेश यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं सहित स्थानीय लोगों और अन्य यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मणिमहेश यात्रा सीजन इन दिनों पूरे चरम पर है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु इसी मार्ग से होकर यात्रा कर रहे हैं। ऐसे समय में राष्ट्रीय राजमार्ग की बार-बार बिगड़ती स्थिति और यातायात बाधित होने की घटनाओं ने एनएचएआई की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

हालांकि संबंधित विभाग की ओर से दावा किया गया था कि बरसात के मौसम और यात्रा सीजन को देखते हुए हर पांच किलोमीटर पर मशीनरी तैनात की जाएगी, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सड़क बहाल की जा सके। लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आ रही है। लगातार हो रहे भूस्खलन, सड़क धंसने और वाहनों के फंसने जैसी घटनाओं के कारण लोगों को घंटों तक जाम में फंसना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले करीब दो महीनों से राष्ट्रीय राजमार्ग की हालत बेहद खराब बनी हुई है। इस दौरान सड़क की बदहाल स्थिति के चलते कई सड़क हादसे भी हो चुके हैं।

लोगों ने मांग की है कि एनएचएआई केवल दावों तक सीमित न रहे, बल्कि यात्रा सीजन के दौरान इस महत्वपूर्ण मार्ग पर मशीनरी, कर्मचारियों और निगरानी व्यवस्था को प्रभावी ढंग से तैनात कर यात्रियों की सुरक्षा व निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करे।

## चूड़ी-कुनेड सड़क पर मंडराया हादसे का खतरा, टिहरी के पास धंसा मार्ग

अनंत ज्ञान



**धरवाला।** जिला चंबा में लगातार हो रही बारिश के कारण विकासखंड मैहला की ग्राम पंचायत कुनेड को जोड़ने वाला चूड़ी-कुनेड जनसंपर्क सड़क मार्ग टिहरी नामक स्थान पर बुरी तरह धंस गया है। सड़क की बदहाल स्थिति के चलते यहां हर समय दुर्घटना की आशंका बनी हुई है और वाहन चालकों के लिए यह मार्ग जानलेवा साबित हो रहा है।

रविवार को इस धंसते हुए मार्ग से गुजर रही एक पिकअप वाहन बाल-बाल दुर्घटना का शिकार होने से बच गई। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों के अनुसार टिहरी स्थित इस सड़क की खराब हालत को लेकर संबंधित विभाग को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। मजबूरी में स्थानीय लोगों ने स्वयं पत्थर डालकर अस्थायी रूप से सड़क को चलने योग्य बनाया है, जबकि बारिश के चलते सड़क लगातार धंस रही है और खतरा बरकरार है।

स्थानीय निवासी रोहित ठाकुर, लक्की कुमार, रवीन कुमार, आतो राम, महेंद्र कुमार, अमरजीत कुमार और संदीप कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि टिहरी में धंस रहे सड़क मार्ग की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि किसी संभावित दुर्घटना को टाला जा सके और क्षेत्रवासियों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

## कुर्सियों की राजनीति में उलझे नेता, शिक्षा स्वास्थ्य पर कौन देगा जवाब: मनीष सरीन

अनंत ज्ञान

**डलहौजी।** सामाजिक कार्यकर्ता एवं वर्ष 2022 में डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रहे मनीष सरीन ने क्षेत्र की शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर भाजपा और कांग्रेस के स्थानीय नेतृत्व पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में स्कूलों के विलय, भलेई कॉलेज के भविष्य और सिविल अस्पताल डलहौज़ी से वरिष्ठ चिकित्सकों के तबादलों जैसे गंभीर मुद्दे सामने हैं, लेकिन नेताओं का ध्यान बीडीसी और जिला परिषद के पदों की राजनीति पर अधिक केंद्रित है।



सरीन ने कहा कि प्रदेश सरकार की युक्तिकरण नीति के कारण स्कूलों के भविष्य को लेकर अभिभावकों और ग्रामीणों में चिंता है। वहीं भलेई कॉलेज को लेकर लोगों को आंदोलन करना पड़ा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के बजाय डलहौज़ी अस्पताल से वरिष्ठ चिकित्सकों के तबादलों ने व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं।

उन्होंने भाजपा विधायक और पूर्व कांग्रेस विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर सभी जनप्रतिनिधियों को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करना चाहिए। सरीन ने कहा कि जनता अब केवल राजनीतिक बयान नहीं, बल्कि नेताओं की प्राथमिकताओं का मूल्यांकन कर रही है। उन्होंने मांग की कि भलेई कॉलेज के भविष्य पर सरकार स्पष्ट नीति बनाए, स्कूलों से जुड़े फैसलों की समीक्षा हो और डलहौज़ी अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि राजनीति का केंद्र जनता के बच्चों की शिक्षा और परिवारों के स्वास्थ्य की चिंता होनी चाहिए।

## चुराह की बेटी पायल पहुंचीं 'सा रे गा मा पा' के ऑडिशन तक

**अनंत ज्ञान, सुनील पहाड़ी, चुराह।** जिला चंबा की चुराह तहसील के हिमगिरी क्षेत्र की प्रतिभाशाली गायिका पायल सूर्यवंशी ने अपनी मधुर आवाज के दम पर Zee TV के लोकप्रिय संगीत रियलिटी शो 'सा रे गा मा पा' के ऑडिशन तक अपनी जगह बनाई है।



पायल की इस उपलब्धि से चुराह घाटी सहित पूरे चंबा जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने इसे हिमाचल की उभरती प्रतिभा की बड़ी सफलता बताते हुए पायल को शुभकामनाएं दी हैं। संगीत के क्षेत्र में आगे बढ़ रही पायल सूर्यवंशी की यह उपलब्धि प्रदेश के अन्य युवा कलाकारों के लिए भी प्रेरणादायक मानी जा रही है। सभी ने उनके अगले चरणों के लिए सफलता और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## ज्ञापन का असर: नकरोड़-आयल सड़क की मरम्मत के लिए मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने दिए कार्रवाई के निर्देश

अनंत ज्ञान

**चुराह।** चुराह उपमंडल की जर्जर नकरोड़-आयल सड़क को लेकर क्षेत्रवासियों की आवाज आखिरकार सरकार तक पहुंच गई है। जब ग्राम पंचायत बनन्तर निवासी लेख राज द्वारा शिमला में लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह को सौंपे गए ज्ञापन पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मंत्री कार्यालय ने सड़क की मरम्मत एवं रखरखाव को लेकर तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी कर दिए हैं।



मंत्री कार्यालय से जारी पत्र के अनुसार, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता, सातवां वृत्त, डलहौजी (चंबा) को नकरोड़-आयल सड़क की स्थिति का शीघ्र निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य सुनिश्चित करने तथा की गई कार्रवाई की रिपोर्ट तत्काल मंत्री कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। यह निर्देश मंत्री विक्रमादित्य सिंह के प्रधान निजी सचिव द्वारा जारी किए गए हैं। ज्ञापन में लेख राज ने बताया कि नकरोड़ से आयल तक जाने वाली सड़क लंबे समय से बदहाल पड़ी है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे, उखड़ी हुई सतह तथा जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण लोगों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग से प्रतिदिन विद्यार्थी, कर्मचारी, किसान, मरीज और सैकड़ों स्थानीय लोग आवागमन करते हैं, लेकिन सड़क की दयनीय स्थिति के कारण हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। बरसात के मौसम में हालात और भी गंभीर हो जाते हैं। ज्ञापन में जनहित का हवाला देते हुए सड़क की शीघ्र मरम्मत की मांग की गई थी।

मंत्री विक्रमादित्य सिंह द्वारा मामले में तत्काल संज्ञान लेने और अधिकारियों को बिना विलंब कार्रवाई के निर्देश दिए जाने से क्षेत्रवासियों में नई उम्मीद जगी है। लोगों का मानना है कि यदि निर्देशों पर शीघ्र अमल हुआ तो वर्षों से बदहाल इस महत्वपूर्ण सड़क पर जल्द मरम्मत कार्य शुरू होगा और हजारों ग्रामीणों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। गौरतलब है कि मंत्री कार्यालय ने शिकायतकर्ता लेख राज को भी पत्र की प्रति प्रेषित कर मामले में की गई कार्रवाई से अवगत कराया है।

# मॉडल स्कूल मनीमाजरा में मनाया जामुन दिवस

अनंत ज्ञान




**चंडीगढ़।** गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल (जीएमएचएस), पॉकेट 8, मनीमाजरा में मुख्याध्यापिका इंदु बब्बर के नेतृत्व में जामुन दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा विशिष्ट अतिथि राहुल महाजन, संस्थापक-ऑर्गेनिक शेयरिंग फाउंडेशन ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य जामुन के पोषण संबंधी लाभों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा बच्चों में स्वस्थ खान-पान की आदतों को प्रोत्साहित करना था। विद्यार्थियों और स्टाफ ने जामुन के रंगों को दर्शाते हुए बैंगनी और हरे रंग की थीम-आधारित वेशभूषा पहनकर कार्यक्रम में उत्साह का वातावरण बनाया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्याध्यापिका इंदु बब्बर ने जामुन जैसे स्वदेशी फलों के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि ये हमारे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी हैं तथा पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने इस कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक और रोचक बनाया।

राहुल महाजन ने जैविक खेती, सतत जीवनशैली तथा प्राकृतिक रूप से उगाए गए फलों के महत्व पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण के अनुकूल आदतें अपनाने और स्वस्थ आहार की ओर प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी प्रतिभागियों को ताजे जामुन वितरित किए गए, जिससे स्वास्थ्य, पोषण और पर्यावरण जागरूकता का संदेश प्रसारित हुआ।

## 300 पौधे लगाकर स्वच्छ और हरा चंडीगढ़ बनाने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने तथा हरित एवं स्वच्छ भविष्य के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत विकास परिषद, केंद्रीय जोन, चंडीगढ़ द्वारा नेबरहुड डेवलपमेंट एसोसिएशन के सहयोग से सेक्टर-19सी, चंडीगढ़ की ग्रीन बेल्ट में वृक्षारोपण अभियान के तहत लगभग 300 पौधे लगाए।

इस अवसर पर मुख्यातिथियों के रूप में अनूप गुप्ता पूर्व महापौर एवं वार्ड-11 के पार्षद, देवेश मौदगिल पूर्व महापौर एवं सदस्य प्रशासक सलाहकार समिति, चंडीगढ़ प्रशासन तथा देविंदर सिंह बबला भाजपा चंडीगढ़, प्रदेश उपाध्यक्ष उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए नागरिकों से ऐसे अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया, ताकि चंडीगढ़ को और अधिक स्वच्छ एवं हरित बनाया जा सके। इस अवसर पर भारत विकास परिषद, चंडीगढ़ के प्रदेश पर्यावरण प्रमुख अजय सिंगला ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति दीर्घकालिक संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह पौधे लगाए तथा उनका संरक्षण भी करे, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण मिल सके।

## हरित भविष्य के लिए पौधरोपण जरूरी : हरदीप सिंह बुटेरला

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** नगर निगम के वार्ड नंबर 30 के काउंसलर हरदीप सिंह बुटेरला ने 'वन-महोत्सव सप्ताह' के तहत अपने वार्ड में मकान नंबर 215, 224, 256, 321, 327, 352, 361 और 318 के पास वाले पार्क में पौधा लगाने का अभियान शुरू किया। इलाके के लोगों ने पौधे लगाने के इस नेक काम में दिलचस्पी दिखाई और हरियाली के प्रति काउंसलर हरदीप सिंह बुटेरला की प्रतिबद्धता की सराहना भी की।

इस मौके पर बुटेरला ने कहा कि अपने वार्ड को हरा-भरा बनाने के मिशन के तहत अलग-अलग जगहों पर पौधे लगाने से उन्हें संतुष्टि मिलती है, क्योंकि वह अपने वार्ड के निवासियों को साफ और स्वस्थ वातावरण देने के लिए लगातार कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि वार्ड के निवासी भी इन पौधारोपण अभियानों में हिस्सा लेते रहेंगे, जिससे पेड़ लगाने के महत्व के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस मौके पर चरणजीत सिंह, गुरदीप सिंह, गर्ग साहिब, बंसी लाल, अशोक कुमार, रजनी, मनीषा और लक्ष्मी समेत कई अन्य लोग भी मौजूद थे।

## निरंकारी बाल समागम बच्चों ने प्रस्तुत किए भक्ति और संस्कारों के रंग

अनंत ज्ञान

**मोहाली।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की कृपा से संत निरंकारी सत्संग भवन, फेस-6 मोहाली में चंडीगढ़ जोन का जोनल निरंकारी बाल समागम आयोजित किया गया। इसमें चंडीगढ़ जोन की 25 ब्रांचों से सैकड़ों बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।बच्चों ने भाषण, कव्वाली, कविता, नाटिका और गीतों के माध्यम से निरंकारी मिशन की शिक्षाओं, मानवता और अच्छे संस्कारों का संदेश दिया।




इस अवसर पर सूरत से आए केंद्रीय प्रचारक अमृतपाल सिंह ने कहा कि बच्चे समाज का भविष्य हैं और उनके संस्कार ही बेहतर समाज निर्माण का आधार बनते हैं। उन्होंने माता-पिता से बच्चों को अच्छे संस्कार देने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि निरंकारी मिशन की शिक्षाएं बच्चों को नशों और बुरी आदतों से दूर रहकर सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा देती हैं। समागम के अंत में जोनल इंचार्ज ओपी निरंकारी और मोहाली ब्रांच इंचार्ज गुलशन लूथरा ने सभी अतिथियों, बच्चों आदि का आभार व्यक्त किया।

### कार्यालय ग्राम पंचायत कुण, विकास खंड बालीचौकी, जिला मंडी, हि.प्र.

**निविदा सूचना**

**वित्त** वर्ष 2026-27 के लिए पंचायत विकास कार्यों व मनरेगा कार्यों को सामग्री निविदाएं आमन्त्रित वारे। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि पंचायत के मनरेगा कार्यों व अन्य मद कार्यों निर्माण हेतु सामग्री की निविदाएं वित वित वर्ष 2026-27 के लिए आमन्त्रित की जानी उचित हैं। इसके अलावा पंचायत में उपयोग होने वाली अन्य सामग्री की निविदा आमंत्रित करती है। पंचायत में उपयोग होने वाली अन्य सामग्री की निविदा आमंत्रित करती है ।

**सामग्री का नाम :-** 1. रेत, 2. बजरी, 3. ईंट, 4. पेवर, 5. रेत, बजरी, ईंट, पेवर सामग्री ढुलवान खच्छ/कुण शिल्ही दर्ल ठील फजैर राशि घार अवारली करेरी, 6. Cibs with इन्टोलेशन, 7. डस्टबीन (8) शेट्रिंग प्रति स्क्वेयर फुट कार्य स्थल तक, 9. सारिया प्रति किलोग्राम, 10. कटाई हेतु जेसीबी प्रति स्क्वेयर मीटर/प्रति घंटा, 11. सीमेंट बालीचौकी से वार्ड कुण-I, कुण-II, ठील फजैर वार्ड कुण -III, दर्ल वार्ड नं. 4 राशिघार, वार्ड नं. 5 अवारली करेरी with लोडिंग, अनलोडिंग, 12. सोलर लाईट with इन्टोलेशन

**शर्तें:-** 1. निविदा डाक द्वारा ही प्राप्त की जाएगी 2. निविदादाता कि पास GST नंबर व अपनी मोहर होना जरुरी है 3. निविदादाता को 100000 (एक लाख रुपए) अग्रिम धरोहर राशि FD के रुप में निविदा के साथ देनी होगी, इसके बिना निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगा। 4. निविदादाता अपने प्रपत्र के प्रिंटिड लेटर हेड पर ही निविदा आमंत्रित करे। 5. रेत, बजरी, पेवर, ईट वाले निविदादाता निविदा के पास स्वयं की गाड़ी व (RC) की copy साथ लगानी होगी, नहीं तो निविदा स्वीकृत नहीं होगी। 6. ईंट, पेवर के लिए ISI सर्टिफिकेट कॉपी साथ लगाएं। यदि निविदादाताअगर सामग्री समय पर नहीं देता उसकी धरोहर राशि वापिस नहीं होगी। 7. यदि निविदादाता घटिया सामग्री देता है तो पंचायत को निविदा रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा। कोई अपील-दलील न होगी। 8. निविदा 24 जुलाई 2026 तक शाम पांच बजे पंचायत कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए तथा 25 जुलाई 2026 को निविदा पंचायत कार्यालय में ओपन की जाएगी।

सचिव/प्रधान
विकास खंड बालीचौकी, जिला मंडी, हि.प्र

### कार्यालय ग्राम पंचायत समसौह, विकास खंड गोपालपुर तहसील, सरकाघाट, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत समसौह के अंतर्गत वित्त वर्ष 2026-27 के लिए निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु कोटेशन/निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि 18/07/2026 शाम 5 बजे तक है। इच्छुक फर्म/व्यक्ति अपनी निविदा डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। प्राप्त निविदाएं 20/07/2026 को समिति के समक्ष खोली जाएंगी।

**सामग्री विवरण:-**
1. रेत क्रशर प्रति घन मीटर, 2. रेत प्लाट प्रति घन मीटर, 3. पक्की ईंट (ABC ग्रेड) - 1000 Nos. 4. बजरी क्रशर प्रति घन मीटर, 5. पत्थर (Cut Stone) प्रति घन मीटर, 6. सोलिंग/बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, 7. J.C.B. मशीन द्वारा कटान प्रति घंटा/प्रति घन मीटर, 8. शटरिंग (भवन निर्माण/अन्य) प्रति वर्ग मीटर एवं रनिंग मीटर, 9. सामग्री ढुलाई, 10. सीमेंट प्रति कि.मी., 11. Sign Board (Standard Size per Board), 12. Water Cooler (20, 40, 60, 80 Ltr.) with × without fitting, 13. Segregation Shed, 14. Cement/Concrete Bench, 15. Steel Benches, 16. Painting & Writing of Sign Board, 17. Mi&ture Machine, 18. Dustbins (विभिन्न क्षमता)

**नियम एवं शर्तें:-** 1. निविदादाता के पास Active GST पंजीकरण होना अनिवार्य है। 2. निविदा लेटर पैड पर संबंधित पंचायत को भेजनी होगी। 3. बिल के साथ Valid Rate List तथा Form X एवं W का Valid Transit Pass जमा करवाना होगा। 4. सभी करों का लेन-देन सरकार के प्रावधानों के अनुसार होगा। 5. सामग्री लोक निर्माण विभाग (PWD) की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होनी चाहिए। 6. दरें अंकों एवं शब्दों दोनों में स्पष्ट रूप से लिखी हों। 7. निर्माण सामग्री कार्यस्थल/सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8. सफल निविदादाता को □20,000/- सुरक्षा राशि तथा □1,000/- (नॉन-रिफंडेबल) आवेदन शुल्क संबंधित पंचायत में जमा करवाना होगा। 9. यदि समयानुसार सामग्री उपलब्ध नहीं करवाई गई तो सुरक्षा राशि जब्त कर ली जाएगी तथा आवश्यक सामग्री बाजार भाव पर खरीदकर निविदा निरस्त की जा सकती है। 10. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकार/अस्वीकार करने तथा समान दर होने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं को कार्य आवंटित करने एवं निविदा किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 11. सामग्री राशि का भुगतान TA/JE की पैमाइश के उपरांत किया जाएगा तथा बिलों के साथ मात्रा सहित Valid Transit Pass Form X एवं W संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा भुगतान नहीं किया जाएगा। 12. सामग्री का अंतिम मूल्य निर्माण विभाग की Justification तथा सफल निविदादाता के साथ Negotiation के उपरांत निर्धारित किया जाएगा तथा सफल निविदादाता को Undertaking देनी होगी।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत समसौह, विकास खंड गोपालपुर, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी (हि.प्र.)

### कार्यालय ग्राम पंचायत डरवाड, विकास खंड धर्मपुर, जिला मंडी, हि.प्र.

**निविदा सूचना**

आज दिनांक 07-07-2026 को पंचायत बैठक में सर्व-सम्मति से प्रस्ताव पारित किया कि ग्राम पंचायत डरवाड में वर्ष 2026-27 के लिये विकास कार्यो के निष्पादन हेतु निविदाये आमत्रित की जाती है।
1. रेता केशर प्रति घन मीटर 2. रेता प्लांट प्रति घन मीटर 3. बजरी केशर 20mm प्रति घन मीटर 4. बजरी क्रेशर 40mm प्रति घन मीटर 5. पत्थर प्रति घन मीटर 6. साईन बोर्ड / writting/बोर्ड size 2 '3 or3 '5 7. सीमेंट दुलाई सरकाघाट से सीमेंट स्टोर तक (8) ईटे प्रति हजार (ABC GRADE) (9) शटरिंग स्टील प्लेट प्रति सुकेयर मीटर (10) शटरिंग लकड़ी प्रति running मीटर (11) सरिया 8mm, 10mm, 12mm प्रति किवंटल (12) मशीन (jcb) द्वारा कटान प्रति घंटा (13) सामग्री दुलान ट्रेक्टर / जीप/अन्य वाहन द्वारा ग्राम पंचायत के समस्त वार्डो में ।
**नियम व शर्ते**-: (1) निविदाता के पास अपना पंजीकरण पेन No. GSTNO. का होना आवश्यक है।, (2) निविदाता को निविदा अपने लैटर पैड पर ग्राम पंचायत डरवाड के नाम भेजनी होगी। (3) निविदादाता को बिल के साथ मात्रा सहित valid Transit pass form W और X बिल के साथ जमा करवाने होगे। (4) सभी करों का लेन-देन सरकार के प्रावधानों के अनुसार होगा। (5) सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुसार होगी । (6) दरे अंको व् शब्दों में लिखी होनी चाहिये। और प्रत्येक सामग्री के साथ gst का भी ब्योरा देना होगा । (7) निर्माण सामग्री कार्यस्थल / सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी । (8) पारित निविदायो को मुबलिक 20000/- रुपये अग्रिम/सुरक्षित राशी के रूप में प्लेज करके जमा करवानी होगी। (9) ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देये होगा । (10) निविदादाता यदि सप्लाई आर्डर जारी होने के उपरांत निर्धारित अवधि में सामग्री समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय दी गई सामग्री की देये राशी का भुगतान नहीं किया जाएगा और न हि अग्रिम/सुरक्षित राशी वापिस की जाएगी । (11) किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने व् सामान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदायो के लिये कार्य आदेश निग्रित करने सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदा किसी भी समय रद करने का अधिकार पंचायत व् विभाग के पास सुरक्षित रहेगा । 12. सामग्री राशी की अदायगी कार्या पूर्ण होने के उपरांत TA/JE की पैमाइश के बाद होगी तथा बिलों के साथ vaild transit pass form W और × होना जरुरी है अन्यथा बिलों की अदयागी नहीं होगी। 13. समाग्री लेने का अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग Justification का पारित निविदातायो के साथ Negotation अनुसार/उपरांत किया जायेगा। सप्लायर से मांगी गई पूर्ण सामग्री का ब्योरा देना होगा। प्रत्येक सामग्री के आगे राशी लिखना अनिवार्य है।
निविदाएं दिनांक 21/07/2026 को कार्यालय ग्राम पंचायत डरवाड में 4 बजे तक पहुंच जानी चाहिए उसके बाद कोई भी कुटेशन मान्य नहीं होगी। निविदाएं 22/07/2026 को पंचायत बैठक में 12 बजे पंचायत कमेटी द्वारा सभी के सामने खोली जाएगी तथा सभी सप्लायर उस दिन उपस्थित रहे अनुपस्थित रहने की अवस्था में बाद में कोई भी शिकायत मान्य नही होगी। प्रशाशनिक कारणों में इस तिथि को बदलने का अधिकार ग्राम पंचायत डरवाड के पास सुरक्षित रहेगा । इस दशा में सूचना समाचार पत्रों में प्रर्दशित नही की जाएगी। सुचना ग्राम पंचायत के सुचना पट पर ही प्रदशित कि जाएगी।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत डरवाड, विकास खंड धर्मपुर, जिला मंडी, हि.प्र

### कार्यालय ग्राम पंचायत बैरकोट, विकास खंड बल्ह, जिला मंडी, हि.प्र.

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बैरकोट जिला मंडी द्वारा वित् बर्ष 2026-2027 के लिए विभिन्न विकास कार्यो के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 23/07/2026 तक को शाम 5 बजे तक ग्राम पंचायत बैरकोट के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं ग्राम पंचायत की 'निर्माण कमेटी' व निविदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी। तथा निविदाएं दिनांक 24/07/2026 को खोली जाएगी। इसलिए निविदाताओं से अनुरोध है कि अपने निविदा के लिफाफे के बहार अपना दूरभाष नंबर जरुर अंकित करें 7
1. रेत (खड्डु/नदी की)-प्रति घन मीटर, 2. रेत (क्रशर की)- प्रति घन मीटर, 3. बजरी 20mm (खड्डु/नदी की- प्रति घन मीटर, 4. बजरी 40mm (खड्डु/नदी की)-प्रति घन मीटर, 5. बजरी 20mm (क्रशर की)-
प्रति घन मीटर, 6. बजरी 40mm (क्रशर की)- प्रति घन मीटर, 7. सोलिंग/बोल्डिंग पत्थर-प्रति घन मीटर,
8. पत्थर (Cut Stone)- प्रति घन मीटर, 9. पकी ईटे (मिटटी के भटे की) (2nd Class)-प्रति 1000 नं., 10. मशीन द्वारा कटान (Cutting through JCB Machine)- प्रति घन मीटर, 11. सामग्री ढुलान ट्रेक्टर/जीप/अन्य वाहन द्वारा- प्रति घन मीटर, 12. शटरिंग- प्रति घन मीटर, 13., टोर सरिया (ISI Marked)- प्रति घन मीटर, 14. दीवार लेखनी (Wall Writing)- प्रति घन मीटर, 15. दरवाजा/खिड़की के पल्ले 2nd क्लास देवदार लकड़ी 35mm- प्रति घन मीटर, 16. दरवाजा/खिड़की के पल्ले 2nd क्लास देवदार लकड़ी 40mm- प्रति घन मीटर, 17. दरवाजा/खिड़की चौखट 2nd क्लास देवदार लकड़ी- प्रति घन मीटर, 18. सीमेंट ढुलाई HPCSE डिपो से ग्राम पंचायत के स्टोर तक- प्रति घन मीटर, 19. PVC पाईप 100mm Dia. 6kg/Sqm.CM- रनिंग मीटर, 20. PVC पाईप 150mm Dia.6kg /Sqm.CM- रनिंग मीटर, 21. RCC/Hume Pipe NP2,150mm Dia- रनिंग मीटर,
22. RCC/Hume Pipe NP2,200mm Dia.- रनिंग मीटर, 23. RCC/Hume Pipe NP2,250mm Dia.- रनिंग मीटर, 24. RCC/Hume Pipe NP2,3000mm Dia.- रनिंग मीटर,
25. RCC/Hume Pipe NP2, 6000mm Dia.- रनिंग मीटर, 26. RCC/Hume Pipe NP2,750mm Dia.- रनिंग मीटर, 27. RCC/Hume Pipe NP2,900mm Dia.- रनिंग मीटर, 28. RCC/Hume Pipe NP2, 1200mm Dia.- रनिंग मीटर, 29. लोहे की ग्रिल व अन्य लोहे का सामान- प्रति किलो ग्राम, 30. पेंट सामग्री (सभी प्रकार की)- प्रति लिटर, 31. साईन बोर्ड (3 × 2) With all Metarial- प्रति साईन बोर्ड, 32. साईन बोर्ड (4 × 5) With all Metarial-प्रति साईन बोर्ड, 33. Interlock Paver Block- प्रति ब्लाक, 34. Solar Lights- प्रति लाईट
**नियम व शर्ते :-** 1. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण नंबर निविदा पर भरना सुनिश्चित करें। इसके साथ R.C.No.GST.CST.No. की छाया प्रति लगाना अति आवश्यक है। 2. ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-Form जमा करवाने होंगे, M-Form उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री सबंधी रायल्टी वर्तमान में मूल्य /- रूपये प्रति घन मीटर के हिसाब से काटी जाएगी। 3. सभी निविदाएं सील बन्द लिफाफे में देनी अनिवार्य होगी। अधूरी व खुली निविदाएं मान्य नहीं होगी। 4. GST/CST दरें निविदा प्रपत्र में भरी गई दरों में ही शामिल होगी। 5. पंचायत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवार से सम्बन्धित सदस्यों की निविदाएं मान्य नहीं होगी। 6. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी । 7. दरें अंको और शब्दों दोनों में लिखी होनी चाहिए। 8. निर्माण सामग्री कार्य स्थल / सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 9. पारित निविदादाता को मु0-25,000/-रूपये धरोहर/सुरक्षित राशी के रूप में ग्राम पंचायत के पास ग्राम पंचायत बैरकोट के बैंक खाता संख्या 87530100063723 में जमा करने होंगे । ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत बैरकोट, विकास खंड बल्ह, जिला मंडी, हि.प्र.

### कार्यालय ग्राम पंचायत घरवासडा, विकास खंड धर्मपुर, जिला मंडी, हि.प्र.

**निविदा सूचना**

सर्व सहमती से प्रस्ताव पारित किया जाता है कि ग्राम पंचायत घरवासडा वर्ष 2026-27 के लिये विकास कार्यो के निष्पादन हेतु निम्न लिखित निविदाये आर्मत्रित की जाती हैं।
1 रेता केशर प्रति घन मीटर, 2 बजरी क्रेशर 20mm प्रति घन मीटर, 3 बजरी क्रेशर 40 mm प्रति घन मीटर, 4 पत्थर प्रति घन मीटर, 5 सी साईनबोर्ड/बोर्ड wrighting बोर्ड साइज 2 '3 और 3 '5, 6. सीमेंट ढुलाई सरकाघाट से सीमेंट स्टोर तक, 7 इंटे प्रति हजार, 8 शेट्रिंग स्टील प्लेट पति squre मीटर, 9 शेट्रिंग लकड़ी प्रति रनिंग मीटर, 10 सरिया 8mm, 10 mm 12 mm, प्रतिक्विंटल, 11 मशीन jcb द्वारा कटान प्रति घन मीटर, 12 सामग्री ढुलाई ट्रेक्टर जीप अन्य वाहन द्वारा ग्राम पंचायत के समस्त वार्डो में
**नियम व शर्ते :-** 1 निविदाता के पास अपना पंजीकरण पेन कार्ड no gst न0 का होना आवश्यक है। 2 निविदादाता को निविदा अपने लैटर पेड पर ग्राम पंचायत घरवासडा के नाम पर भेजनी होगी। 3 निविदादाता को खनन विभाग के हस्ताक्षरित M फॉर्म जमा करने होंगे। 4 सभी करो का लेनदेन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगा। 5 सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसी फीकेशन के अनुसार होगी। 6. दरें अंकों व शब्दों में लिखी होनी चाहिए। 7 निर्माण सामग्री कार्य स्थल तक / सडक तक उपलब्ध होनी चाहिए। 8 पारित निविदादाताओं को मु. 20000 रूपये अग्रिम सुरक्षित राशि के रूप में जमा करने होगे। 9 ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्र के अधिकार में एक ही मूल्य देना होगा। 10. निविदादाता यदि सप्लाई आर्डर जारी होने के उपरांत निर्धारित अवधि में सामग्री समय अनुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गई सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा और न ही अग्रिम राशि सुरक्षित राशि वापिस की जाएगी 11. किसी भी निविदा को बिना बताऐ स्वीकृत अस्वीकृत करने व समान दरर हने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदाताओं के लिये कार्य आदेश निर्गत करने सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदा किसी भी समय रद करने का अधिकार पंचायत व विभाग के पास सुरक्षित होगा। 12 सामग्री राशि की अदायगी कार्य पूर्ण होने के उपरान्त TA/ JE की पेमाइस के बाद होगा। 13 सामग्री लेने का अंतिम मूल्य निर्णय विभाग JUSTIFICATION का पारित निविदाताओ के साथ NEGOTATION अनुसार / उपरांत किया जाएगा सप्लायर से मांगी गई पूर्ण सामग्री का व्योरा देना होगा प्रत्येक सामग्री के आगे राशि लिखना अनिवार्य है । तथा किसी भी सामग्री के आगे मार्किट वैल्यू नहीं लिखनी होगी बल्कि रेट लिखना होगा। किसी भी सप्लायर द्वारा मार्किट वैल्यू लिखी गई तो निविदा रद की जाएगी। निविदाये दिनांक 21/07/2026 को शाम को 5:00 बजे ग्राम पंचायत घरवासडा में पहुंच जानि चाहिए। निविदा पंचायत बैठक में पंचायत कमेटी द्वारा 22/04/2026 को 11 बजे खोली जाएगी।

प्रधान/सचिव
कार्यालय ग्राम पंचायत घरवासडा, विकास खंड धर्मपुर, जिला मंडी, हि.प्र.

### कार्यालय ग्राम पंचायत लौंगणी, विकास खंड धर्मपुर, जिला मंडी, हि.प्र.

**निविदा सूचना**

**ग्राम पंचायत लौंगणी में विकास कार्यो के निष्पादन हेतू वित्त वर्ष 2026-27 हेतू निविदाएँ आमंत्रित करने बारे:-**
यह कि ग्राम पंचयात कि बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा आपस में सोच विचार उपरांत सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि विभिन्न विकास कार्यो के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेताओं से मोहरबंद (sealed) निविदाएं/कोटेशन आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 22.07.2026 तक ग्राम पंचायत लौंगणी के कार्यालय में सांय 3 बजे तक पहुंच जानी चाहिए। इस तिथि तक प्राप्त निविदाओं को कार्यालय ग्राम पंचायत लौंगणी में दिनांक 24.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे पदाधिकारी की गणपूर्ति व निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। प्रशासकीय कारणो से इस तिथि को बदलाव करने का अधिकार ग्राम पंचायत लौंगणी के पास सुरक्षित रहेगा। इस दिशा में सूचना समाचार पत्रों में प्रदर्शित नहीं की जाएगी। सूचना ग्राम पंचायत के सूचनापट्ट पर ही प्रदर्शित की जाएगी। ग्राम पंचायत को इस अवधि हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता रहेगी:-
**सामग्री का विवरण:-** 1. रेत क्रशर-प्रति घन मीटर, बजरी क्रशर 10,20,40,mm-प्रति घन मीटर, 3. बोल्डर-प्रति घन मीटर 4. शटरिंग-प्रति वर्ग मीटर, 5. साईन बोर्ड-प्रति बोर्ड, 6. साईन बोर्ड लिखवाई-प्रति अक्षर, 7. मिक्सर मशनी-प्रति दिन, 8. सीमेंट ढुलाई सिविल सप्लाई स्टोर धर्मपुर से निर्माण स्थल तक-प्रति बैग, 9. सीमेंट चढाई व उतराई-प्रति बैग, 10. JCB मशीन बकट-प्रति घंटा, 11. JCB मशीन ब्रेकर-प्रति घंटा, 12 ईंट-प्रति ईंट, 13. बागवानी पौधे-प्रति पौधा।
**नियम व शर्ते :** 1 निविदाता (आपूर्ति कर्ता) के पास अपना पंजीकरण GST NO. होना आवश्यक है और रेत/बजरी व पत्थर आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग M/X FORM ग्राम पंचायत को प्रस्तुत करना होगा। 2 सामग्री की आपूर्ति HPPWD की SPECIFICATION के अनुरूप होगी। 3 निविदा पर दरें स्पष्ट अंकित होनी चाहिए, निविदा में मांगी गई प्रत्येक सामग्री / वस्तु का मूल्य जी0एस0टी0 के साथ होगा, अलग से जी0एस0टी0 मान्य नही होगा। 4 किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में, एक या एक से अधिक निविददाताओं के लिए आपूर्ति आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवत्ता का चयन तथा निविदाएँ किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 5 सामग्री खरींद की अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की JUSTIFI-CATION व अनुमोदित निविदाओं के साथ NEGOTITION अनुसार ही किया जायेगा। 6 निविदा कर्ता को 30000/- (तीस हजार) रूपये कि धरोहर राशि प्लज पंचायत के नाम जमा करनी होगी। 7 निविदा स्वीकृत होने पर व्यक्ति या फर्म को अपने दस्तावेज जैसे जी0एस0टी0 नंबर, वर्तमान जी0एस0टी0 रिटर्न फाइल, आधार कार्ड, बैंक खाता कापी जमा करवाना अनिवार्य होगा।

प्रधान/सचिव
कार्यालय ग्राम पंचायत लौंगणी, विकास खंड धर्मपुर, जिला मंडी, हि.प्र.

## सारा तेंदुलकर का खूबसूरत अंदाज

**नई दिल्ली।** सारा तेंदुलकर दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की बेटी हैं, लेकिन एक क्रिकेटर की लाडली होने के अलावा सारा ने अपनी अलग पहचान भी बनाई है। आए दिन सारा सुर्खियों में बनी रहती हैं। सोशल मीडिया पर सारा काफी एक्टिव रहती हैं। उनके ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर कई शानदार तस्वीरें मौजूद हैं।



फीफा विश्व कप

## सेमीफाइनल में अर्जेंटीना की इंग्लैंड से होगी भिड़ंत

# अर्जेंटीना ने स्विट्जरलैंड को 3–1 से हराया

**एजेंसी, नई दिल्ली**



फीफा विश्व कप 2026 के चौथे क्वार्टर फाइनल में रविवार को मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने स्विट्जरलैंड को अतिरिक्त समय (एक्स्ट्रा टाइम) में 3–1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अब 16 जुलाई को दूसरे सेमीफाइनल में अर्जेंटीना का सामना इंग्लैंड से होगा। पहला सेमीफाइनल 15 जुलाई को स्पेन और फ्रांस के बीच खेला जाएगा।

कैनसस सिटी (अमेरिका) के कैनसस सिटी स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले का फैसला निर्धारित 90 मिनट में नहीं हो सका, क्योंकि दोनों टीमें 1–1 की बराबरी पर थीं। इसके बाद अतिरिक्त समय में अर्जेंटीना ने दो गोल दागकर शानदार जीत दर्ज की। निर्धारित समय तक मुकाबला 1–1 से बराबरी पर रहने के बाद मैच अतिरिक्त समय में पहुंचा। जूलियन अल्वारेज के 112वें मिनट में शानदार गोल से अर्जेंटीना 2–1 से आगे हो गई। इसके बाद स्विट्जरलैंड ने बराबरी की कोशिश की, लेकिन अर्जेंटीना के लौटारो मार्टिनेज ने (120+1वें मिनट में) गोल दागकर 3–1 से जीत पर मुहर लगा दी।

अर्जेंटीना के लिए मैच की शुरुआत शानदार रही। 10वें मिनट में कप्तान लियोनेल मेसी की कॉर्नर किक पर एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने शानदार गोल कर टीम को 1–0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद अर्जेंटीना ने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा और हाफटाइम तक यही स्कोर रहा। दूसरे हाफ में स्विट्जरलैंड ने शानदार वापसी की। खेल के 67वें मिनट में डैन एनडोए ने गोल कर स्कोर 1–1 कर दिया। हालांकि 72वें मिनट में स्विट्जरलैंड को बड़ा झटका लगा। स्ट्राइकर ब्रील एम्बोलो को दूसरा येलो कार्ड मिलने के बाद रेफरी ने रेड कार्ड दिखाते हुए मैदान से बाहर भेज दिया। इसके बावजूद 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही स्विस टीम ने निर्धारित समय तक अर्जेंटीना को बढ़त लेने का मौका नहीं दिया और मुकाबले को अतिरिक्त समय तक खींचने में सफल रही। हालांकि, अल्वारेज और मार्टिनेज ने अतिरिक्त समय में गोल कर अर्जेंटीना को सेमीफाइनल का टिकट दिला दिया। (अनंत ज्ञान)

# नॉर्वे को 2–1 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा इंग्लैंड

**एजेंसी, नई दिल्ली**



इंग्लैंड ने जूड बेलिंगहैम के बेहतरीन दो गोलों की बदौलत फीफा विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। फ्लोरिडा के मियामी स्टेडियम में खेले गए रोमांचक क्वार्टर फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड ने नॉर्वे को एक्स्ट्रा टाइम में 2–1 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया।

मैच का फैसला निर्धारित 90 मिनट में नहीं हो सका। रेगुलर टाइम समाप्त होने तक दोनों टीमें 1–1 की बराबरी पर थीं। इसके बाद एक्स्ट्रा टाइम में बेलिंगहैम ने विजयी गोल दागकर इंग्लैंड को यादगार जीत दिलाई। नॉर्वे ने मैच का पहला गोल 36वें मिनट में किया। एंड्रियास श्जेल्डरुप ने गोल दागकर टीम को 1–0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, इंग्लैंड ने ज्यादा देर इंतजार नहीं किया और कुछ मिनट बाद जूड बेलिंगहैम ने बराबरी का गोल दाग दिया। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने कई मौके बनाए, लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। नतीजतन मुकाबला एक्स्ट्रा टाइम में पहुंच गया। एक्स्ट्रा टाइम की शुरुआत में ही जूड बेलिंगहैम ने 93वें मिनट में अपना दूसरा और मैच का निर्णायक गोल दागा। इस गोल के बाद इंग्लैंड ने बढ़त कायम रखी और आखिरकार 2–1 से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

मैच के बाद इंग्लैंड के मुख्य कोच थॉमस टुचेल ने कहा कि नतीजा शानदार रहा है। हम टूर्नामेंट की आखिरी चार टीमों में पहुंच गए हैं, जो हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है। हालांकि, हमने कुछ गलतियां भी कीं। हमारी गति उतनी अच्छी नहीं थी और खेल में निरंतरता की कमी रही। आज किस्मत हमारे साथ थी। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### हैरी केन बोले-ट्रंप के साथ गोल्फ खेलना 'अविश्वसनीय' अनुभव था

**एजेंसी, मियामी, (अमेरिका)।** इंग्लैंड की फुटबॉल टीम के कप्तान ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ गोल्फ खेलना अनोखा और 'अविश्वसनीय' अनुभव था। ट्रंप ने सप्ताह की शुरुआत में पत्रकारों को बताया था कि वह हैरी केन के साथ गोल्फ खेल चुके हैं । उन्होंने पत्रकारों से कहा, 'मुझे लगता है कि केन एक शानदार खिलाड़ी हैं। मैंने उनके साथ गोल्फ खेला है और मैं उन्हें बहुत पसंद करता हूं। वह एक अच्छे गोल्फर भी हैं। वह वास्तव में बहुत अच्छे हैं। ' केन ने कहा कि यह घटना 18 महीने पहले फ्लोरिडा में हुई थी। वह 80 साल की उम्र में ट्रंप के गोल्फ खेलने के कौशल से ईर्ष्या करते हैं। (अनंत ज्ञान)

### दक्षिण अफ्रीका के मिडफील्डर जेडन एडम्स का 25 वर्ष की आयु में निधन

**एजेंसी, केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका की फुटबॉल टीम को विश्व कप के राउंड ऑफ 32 तक पहुंचाने वाले मिडफील्डर जेडन एडम्स का 25 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। एडम्स ने दक्षिण अफ्रीका के तीन ग्रुप मैचों में से दो में शुरुआती लाइनअप में जगह बनाई और 24 जून को दक्षिण कोरिया के खिलाफ 1-0 की जीत में बेंच से मैदान पर उतरे, जिसने इतिहास में पहली बार नॉकआउट राउंड में उनकी जगह पक्की कर दी। जब 28 जून को कनाडा ने दक्षिण अफ्रीका को टूर्नामेंट से बाहर हुआ तब वह एक अप्रयुक्त स्थानापन्न खिलाड़ी थे। दक्षिण अफ्रीकी फुटबॉल प्लेयर्स यूनियन ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा, 'जेडेन ने हाल ही में फीफा विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया था, जहां उन्होंने गर्व, साहस और विशिष्टता के साथ राष्ट्र की उम्मीदों का भार उठाया था। उनका निधन उनके परिवार, टीम के साथियों, क्लबों, फुटबॉल जगत और पूरे देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। (अनंत ज्ञान)

### अदिति एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त 33वें स्थान पर



**एजेंसी, एवियन-लेस-बैंस (फ्रांस)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने तीसरे राउंड में दो अंडर 69 का स्कोर बनाया जिससे वह एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त 33वें स्थान पर पहुंच गईं। अदिति ने पार-71 वाले कोर्स पर शुरुआती दो राउंड में एक समान 70 का स्कोर बनाया था। उन्होंने तीसरे राउंड में दो बोगी की और चार बर्डी बनाईं। दक्षिण कोरिया की हेरान रियू ने तीसरे राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 अंडर 60 का कोर्स-रिकॉर्ड बनाया जिससे उन्होंने 54-होल के बाद तीन शॉट की बढ़त हासिल कर ली। (अनंत ज्ञान)

### नीरू का गोल्डन निशाना, विश्व कप में जीता पहला व्यक्तिगत स्वर्ण

**एजेंसी, लोनाटो (इटली)।** भारतीय निशानेबाज नीरू ढांडा ने आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप 2026 की महिला ट्रैप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का पदक खाता खोला। यह विश्व कप में उनका पहला व्यक्तिगत पदक और करियर का दूसरा अंतरराष्ट्रीय पदक है। नीरू ने क्वालिफिकेशन में 125 में से 121 अंक जुटाकर फाइनल में जगह बनाई। आठ खिलाड़ियों के फाइनल में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन जारी रखा और शीर्ष तीन में स्थान पक्का किया। स्वर्ण के मुकाबले में उनका सामना फ्रांस की पूर्व विश्व चैंपियन और ओलंपियन कैरोल कॉर्मेनियर से हुआ। रोमांचक फाइनल में आखिरी दो शॉट से पहले दोनों निशानेबाज 25-25 अंकों की बराबरी पर थीं। निर्णायक क्षण में कॉर्मेनियर निशाना चूक गईं, जबकि नीरू ने दबाव में संयम बनाए रखते हुए सटीक निशाना लगाया और स्वर्ण अपने नाम कर लिया। इटली की पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन एरिका सेसा ने कांस्य पदक जीता, जबकि पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता सिल्वाना स्टैंको फाइनल से सबसे पहले बाहर हो गईं। भारत की मनीषा कीर क्वालिफिकेशन में 10वें स्थान पर रहकर मामूली अंतर से फाइनल में जगह बनाने से चूक गईं। पुरुष ट्रैप में भारतीय चुनौती निराशाजनक रही। काइनन चेनाई 71वें और पृथ्वीराज टोंडाइमन 32वें स्थान पर रहे, जिससे कोई भी भारतीय फाइनल में नहीं पहुंच सका। (अनंत ज्ञान)

## लॉर्ड्स की सम्मान पट्टिका पर नाम होना बेहद गर्व की बात : क्रांति गौड़

**एजेंसी, लंदन**



भारतीय तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में पांच विकेट लेकर इतिहास रच दिया। वह प्रतिष्ठित लॉर्ड्स ऑनर्स बोर्ड पर नाम दर्ज कराने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गईं। 22 वर्षीय क्रांति ने 37 रन देकर पांच विकेट झटके और इंग्लैंड की पहली पारी 170 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभाई। भारत ने पहली पारी में 115 रन की बढ़त हासिल की, जबकि दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में एक विकेट पर 154 रन बनाकर कुल बढ़त 269 रन की कर ली।

दिन का खेल खत्म होने के बाद क्रांति ने कहा, 'यह मेरे और मेरे परिवार के लिए बेहद गर्व का पल है। हर गेंदबाज का सपना पांच विकेट लेने का होता है। लॉर्ड्स में खेलते हुए मैं सोच रही थी कि अगर यह उपलब्धि हासिल हुई तो ऑनर्स बोर्ड पर नाम दर्ज होगा और टीम की जीत में भी योगदान मिलेगा। ' क्रांति का पांचवां विकेट लॉरेन बेल के रूप में मिला। इस दौरान शेफाली वर्मा ने शानदार कैच लपका। उन्होंने बताया कि पहले स्लिप में स्नेह राणा ने भी बेहतरीन प्रयास किया था। 'मैं जश्न मनाने ही वाली थी, लेकिन साथियों ने रिप्ले और अंपायर के फैसले का इंतजार करने को कहा,' उन्होंने मुस्कराते हुए कहा। क्रांति ने पिछले वर्ष इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में भी छह विकेट लिए थे। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में पहली बार पांच विकेट लेना उनके लिए और भी खास है। साथ ही उन्होंने माना कि इंग्लैंड की तेज गेंदबाजों के अनुकूल परिस्थितियों का उन्हें पूरा फायदा मिला। (अनंत ज्ञान)

## वेस्टइंडीज ने पहले वनडे में न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया

**एजेंसी, प्रोविडेंस।** केसी कार्टी के 95 और शाइ होप के नाबाद 87 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने पांच मैचों की वनडे सीरीज के पहले मैच में न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराकर बढत बना ली। कार्टी अपना पांचवां वनडे शतक बनाने से पांच रन से चूक गए लेकिन उनकी और होप की 131 रन की साझेदारी की मदद से वेस्टइंडीज ने 267 रन का लक्ष्य सात गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया।

होप ने शेरफान रदरफोर्ड (नाबाद 22) के साथ 31 गेंद में 45 रन की अटूट साझेदारी की। न्यूजीलैंड के लिए डेरिल मिशेल ने शतक लगाया जबकि विल यंग ने 49 रन की पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिये 80 रन जोड़े। इसके बाद हेनरी निकोल्स (27), माइकल ब्रेसवेल (29), मार्क चैपमैन (27), टॉम लैथम (25) और मिचेल सेंटनेर (21) अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके। वेस्टइंडीज के लिए कार्टी और होप के अलावा सलामी बल्लेबाज अकीम आगस्टे ने 38 रन बनाए। वेस्टइंडीज को आखिरी 24 गेंद में 25, 18 गेंद में 19 और 12 गेंद में 13 रन की जरूरत थी । होप ने 49वें ओवर की पहली गेंद पर छक्का लगाया और फिर एक रन लिया । रदरफोर्ड ने इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर छक्का लगाकर मैच खत्म कर दिया। (अनंत ज्ञान)

## आईपीएल के आधार पर टीम का चयन नहीं करें : मांजरेकर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने ब्रिटेन के दौरे में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में मिली हार के लिए खिलाड़ियों को दोष देने के बजाय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से जुड़ी समस्याओं को दूर करने का आग्रह किया और कहा कि टीम का चयन आईपीएल के आधार पर नहीं किया जाना चाहिए। मौजूदा चैंपियन भारत के लिए यह दौरा निराशाजनक रहा। आयरलैंड से 0–2 से हारने के बाद उसे पांच मैचों की टी20 सीरीज में इंग्लैंड के हाथों 0–4 से करारी हार का सामना करना पड़ा।



मांजरेकर ने एक्स पर लिखा, ''विदेशी धरती पर मिली इस पराजय के लिए खिलाड़ियों को आसानी से जिम्मेदार ठहराया जा सकता है लेकिन मुझे लगता है कि उन लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए जिन्होंने आईपीएल को बल्लेबाजों के लिए अनुकूल बना दिया है जिससे भारतीय बल्लेबाजों पर दबाव पड़ता है।'' उन्होंने कहा, ''चयनकर्ताओं के लिए चुनौती यह है कि वे आईपीएल के प्रदर्शन की दबाव में आए बिना ऐसे बल्लेबाजों का चयन करें जो विदेशों में अच्छा खेल सकते हैं। उन्हें ऐसे बल्लेबाजों की पहचान करके उन्हें ही भारत के लिए चुना चाहिए। भारत को अब टी20 क्रिकेट में अपने अधिकतर मैच विदेशों में खेलने हैं। अब घरेलू क्रिकेट का मजा खत्म हो चुका है।''

आईपीएल की अक्सर इस बात के लिए आलोचना की जाती रही है कि उसमें बल्लेबाजों के लिए अनुकूल पिचें तैयार की जाती हैं जिससे 'पावर-हिटिंग' को बढ़ावा मिलता है। इसके अलावा आईपीएल में बाउंड्री भी छोटी होती हैं। 'इंपैक्ट प्लेयर' के नियम ने भी खेल को बल्लेबाजों के लिए अधिक अनुकूल बना दिया है। (अनंत ज्ञान)

## अमेरिकी दखल जारी रहा तो नहीं खुलेगा होर्मुज जलडमरूमध्य : आईआरजीसी नेवी

**एजेंसी, तेहरान**

इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) नेवी ने दावा किया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को 'अगले आदेश तक' बंद कर दिया गया है। आईआरजीसी के अनुसार, यह फैसला क्षेत्र में विदेशी सैन्य गतिविधियों और सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए लिया गया है। संगठन का कहना है कि जब तक अमेरिका क्षेत्र में अपना सैन्य हस्तक्षेप बंद नहीं करता, तब तक जलडमरूमध्य बंद रहेगा।

ईरान की सरकारी समाचार सेवा प्रेसटीवी के मुताबिक रविवार को जारी बयान में आईआरजीसी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है और यह तब तक बंद रहेगा जब तक अमेरिका इस इलाके में अपना दखल बंद नहीं कर देता। किसी भी जहाज को इस जलडमरूमध्य से गुजरने की इजाजत नहीं होगी। साथ ही चेतावनी दी कि यदि इस स्थिति का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ किसी नए सैन्य अभियान के बहाने के रूप में किया गया, तो उसका 'कड़ा जवाब' दिया जाएगा।

आईआरजीसी ने यह भी कहा कि किसी भी संभावित टकराव की जिम्मेदारी अमेरिका, इजरायल और उन देशों की होगी जो ईरान के खिलाफ सैन्य अभियानों के लिए अपने ठिकाने उपलब्ध कराते हैं।

बयान के अनुसार, हाल ही में एक जहाज द्वारा ईरानी निर्देशों की अनदेखी किए जाने और उसके ऑनबोर्ड ट्रैकिंग सिस्टम बंद कर दिए जाने के बाद चेतावनी के तौर पर गोली चलाई गई थी। आईआरजीसी का दावा है कि इससे समुद्री सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हुआ।

आईआरजीसी ने दोहराया कि उसने पहले भी चेतावनी दी थी कि होर्मुज जलडमरूमध्य में विदेशी हस्तक्षेप और शिपिंग मार्गों के 'गैर–कानूनी निर्धारण' का जवाब निर्णायक कार्रवाई से दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## उपराष्ट्रपति ने नई दिल्ली में किया मन्नम स्मृति मंडपम का उद्घाटन

**एजेंसी, नई दिल्ली**



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को नई दिल्ली में मन्नम स्मृति मंडपम का उद्घाटन किया। यह मंडपम मन्नम इंटरनेशनल सेंटर में एक स्मारक कक्ष है। कार्यक्रम का आयोजन नायर सर्विस सोसायटी की दिल्ली शाखा की ओर से किया गया। साथ ही उन्होंने समाज सुधारक और स्वतंत्रता सेनानी मन्नथु पद्मनाभन की प्रतिमा का अनावरण किया।

कार्यक्रम में मन्नथु पद्मनाभन को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उन्होंने 1914 में नायर सर्विस सोसाइटी की स्थापना की थी और केरल में नायर समुदाय के उत्थान के लिए सामाजिक न्याय, शिक्षा, समानता और सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए थे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी और एनएसएस दिल्ली के अधिकारी भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने मन्नथु पद्मनाभन के सामाजिक न्याय, समानता, शिक्षा और सामुदायिक सेवा के प्रति आजीवन समर्पण को रेखांकित किया और कहा कि उनके आदर्श समावेशी और सामंजस्यपूर्ण समाज की ओर राष्ट्र के सफर को निरंतर प्रेरित करते हैं। उन्होंने मन्नम स्मृति मंडपम की स्थापना के माध्यम से उनकी विरासत को संरक्षित और आगे बढ़ाने में दिल्ली स्थित नायर सर्विस सोसायटी के प्रयासों की सराहना की।

इस दौरान उन्होंने मन्नम इंटरनेशनल सेंटर में समाज सुधारक मन्नथु पद्मनाभन की प्रतिमा के अनावरण और मन्नम स्मृति मंडपम के उद्घाटन के अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत एक पौधा लगाया। (अनंत ज्ञान)

## केंद्र सरकार देश में 10 सितंबर से चलाएगी 'स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर' अभियान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्र सरकार 10 से 19 सितंबर तक देशभर के तटीय क्षेत्रों में 'स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर' अभियान चलाएगी। अभियान का उद्देश्य समुद्री तटों की स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता को बढ़ावा देना है। अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने वैज्ञानिक संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय, तकनीकी नवाचार और जनभागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विभिन्न वैज्ञानिक विभागों को अलग–अलग नहीं, बल्कि एकीकृत तंत्र के रूप में कार्य करना चाहिए ताकि अनुसंधान का लाभ सीधे नागरिकों तक पहुंच सके।

उच्च स्तरीय बैठक में सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद समेत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी, सीएसआईआर और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में अभियान की रणनीति के साथ–साथ विज्ञान मंत्रालयों की संचार योजना की भी समीक्षा की गई। अभियान में वैज्ञानिक संस्थानों, सरकारी एजेंसियों, स्वयंसेवकों, शैक्षणिक संस्थानों और स्थानीय समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही वैज्ञानिक उपलब्धियों को वीडियो, डिजिटल अभियान, डॉक्यूमेंट्री, इन्फोग्राफिक्स और सफलता की कहानियों के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाने की योजना पर भी चर्चा हुई। (अनंत ज्ञान)

### भारी बारिश–तूफान से रेल सेवाएं प्रभावित, कई प्रांतों में रेड–अलर्ट

## चीन में 'बावी' का कहर, हजारों उड़ानें रद्द

**एजेंसी, बीजिंग**



टाइफून 'बावी' के पूर्वी चीन के तट से टकराने के बाद कई प्रांतों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। तेज हवाओं और मूसलाधार बारिश के कारण 2,800 से अधिक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गई हैं, जबकि कई क्षेत्रों में हाईस्पीड रेल सेवाएं भी अस्थायी रूप से रोक दी गई हैं।

सरकारी मीडिया के अनुसार, टाइफून शनिवार को झेजियांग प्रांत में पहुंचा, जिसके बाद दक्षिणी और पूर्वी चीन के कई हिस्सों में भारी बारिश शुरू हो गई। इसका असर शंघाई, नानजिंग, हांग्झू, वुहान, शेनयांग, डालियान और चेंगदू समेत कई बड़े शहरों पर पड़ा है। फुजियान, झेजियांग, गुआंग्शी और हैनान के हवाई अड्डों पर बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द हुई हैं, जबकि बीजिंग के दोनों अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर कई उड़ानें विलंबित हैं। शंघाई पुडोंग और होंगकियाओ हवाई अड्डों की परिचालन क्षमता भी प्रभावित हुई है और करीब 30 प्रतिशत उड़ानें रद्द होने की आशंका जताई गई है। सुरक्षा के मद्देनजर कई रूटों पर हाईस्पीड ट्रेनों का संचालन भी रोक दिया गया है।

चीन के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने भारी बारिश के लिए रेड अलर्ट और टाइफून के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अगले 24 घंटों में झेजियांग, फुजियान, अनहुई, जियांग्शी, बीजिंग और हेबेई के कई हिस्सों में अत्यधिक बारिश की चेतावनी दी गई है। कुछ क्षेत्रों में 250 से 500 मिमी और ताइवान के कुछ हिस्सों में 800 मिमी तक वर्षा हो सकती है। सरकार ने शंघाई समेत कई प्रांतों में आपातकाल लागू कर तटीय इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। मछली पकड़ने वाली नौकाओं को बंदरगाहों में रोक दिया गया है और लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की गई है। (अनंत ज्ञान)

## नेपाल में फिर जेन–जी प्रदर्शन, 3 दिन में 3 आत्मदाह


**एजेंसी, काठमांडू।** नेपाल में युवाओं की नाराजगी एक बार फिर सड़कों पर दिखाई देने लगी है। पिछले तीन दिनों में तीन युवाओं ने पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह का प्रयास किया, जिनमें से दो की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। इन घटनाओं के बाद प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह 'बालेन' के इस्तीफे की मांग तेज हो गई है। राजधानी काठमांडू में युवा प्रदर्शन कर रहे हैं। विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस ने सरकार पर युवाओं में भरोसा और उम्मीद जगाने में विफल रहने का आरोप लगाया है। जेन–जी नेपाल संगठन ने प्रधानमंत्री बालेन शाह पर जनविरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार के बजट और नीतियों में युवाओं के रोजगार व आय बढ़ाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए। युवाओं का कहना है कि सरकार को रोजगार और अवसरों पर प्रभावी नीति बनानी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## शाह ने दी 405 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

**एजेंसी, अहमदाबाद**

◆ **अहमदाबाद में ऑक्सीजन पार्क, ई-बसों व सरकारी आवास परियोजनाओं का किया उद्घाटन**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को अहमदाबाद में 405 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। साइंस सिटी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अहमदाबाद महानगरपालिका के 'मिशन फाइव मिलियन ट्री' अभियान की शुरुआत करते हुए शहर को अधिक हराभरा और प्रदूषणमुक्त बनाने पर जोर दिया।



इस अवसर पर हेरिटेज पार्क और 101 ऑक्सीजन पार्क (अर्बन फॉरेस्ट) का लोकार्पण किया गया। ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए बीआरटीएस बेड़े में 80 नई वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसें और एएमटीएस में 75 नई एसी बसें शामिल की गईं। इसके अलावा 60.68 करोड़ रुपए की लागत से बने 188 आधुनिक सरकारी आवासों का भी ई–लोकार्पण किया गया। अमित शाह ने भाड़ज, बोपल और वाडज में सामूहिक वृक्षारोपण अभियान में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में एक ही दिन में 1.25 करोड़ से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि अहमदाबाद की तीनों लोकसभा सीटों पर 50 लाख पौधे लगाने का अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से प्रेरित होकर पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाया जा रहा है। बढ़ते कार्बन उत्सर्जन को देखते हुए शहरों में हरित क्षेत्र बढ़ाना समय की जरूरत है। शाह ने बताया कि गांधीनगर क्षेत्र में पहले 12 पार्क थे, जबकि अब 61 नए ऑक्सीजन पार्क विकसित किए गए हैं। पूरे अहमदाबाद में 101 ऑक्सीजन पार्क तैयार किए गए हैं। उन्होंने वर्ष 2029 तक क्षेत्र में हरियाली 20 प्रतिशत बढ़ाने का व्यक्तिगत संकल्प भी दोहराया। (अनंत ज्ञान)